रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम

₹94000 01 किलो


सेंसेक्स 81,709.12 -56.74 | डॉलर 84.688 -0.002

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 07 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 302, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 जीडीपी विकास दर अनुमान अब...

## विकास जन-जन तक पहुंचाने सरकार का एक्शन प्लान तैयार

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की नवगठित मंत्रिपरिषद की शुक्रवार को आयोजित पहली बैठक में कार्यप्रणाली और विभिन्न योजनाओं को लेकर एक्शन प्लान की रूपरेखा तय की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी मंत्रियों को उनके विभागों की दो महीने में समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारी से मंत्री तक तय किए गए हैं। आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा कैसे दें, इसमें कुछ 15-16 प्वाइंट बनाये गये हैं, जो आगे की रूपरेखा तय करेंगे। सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सिर्फ राजधानी से नहीं चलेगी बाकी जिला कार्यालयों तक बैठक होगी और मंत्री समीक्षा करेंगे। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भी फीडबैक लिया जाएगा।

पूर्व की घटनाओं से सबक लेते हुए मुख्यमंत्री ने बैठक में मंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे आप्त सचिव और निजी स्टाफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें। किसी भी विवादित चरित्र वाले व्यक्ति को मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं मिले, यह सुनिश्चित करें। वहीं मंत्रिपरिषद ने तय किया है कि प्रत्येक विभाग कोर्ट में लंबित केसों की भी समीक्षा करेगा, ताकि सरकार को ज्यादा से ज्यादा केस में कोर्ट में पराजित न होना पड़े। निर्णय लिया गया कि सभी विभागों में प्रमोशन भी होंगे। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान होगा। कुल मिलाकर बहुत से विषय हैं। मंत्रियों को विभागों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। हेड क्वार्टर से लेकर जिला कार्यालय तक समीक्षा करने को कहा गया है। दो महीने में सभी विभागों की समीक्षा मंत्री करेंगे और पदधिकारियों के कार्यकुशलता का भी ध्यान रखेंगे। फिर सभी चीजों से उन्हें भी अवगत कराने कहा गया है।




कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मंत्रियों को निर्देश, दो महीने में विभागों की समीक्षा कर दें रिपोर्ट

आप्त सचिव व स्टाफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि देखें, किसी विवादित व्यक्ति को मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं मिले

हर विभाग कोर्ट में लंबित केसों की भी समीक्षा करेगा, ताकि सरकार को ज्यादा से ज्यादा केस में पराजित न होना पड़े

### कैबिनेट में लिए गए 17 प्रमुख निर्णय

- मंत्रिपरिषद में भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर स्वयं संतुष्ट हो लें। वित्त विभाग, विधि विभाग, कार्मिक विभाग से भी सम्पर्क करें ताकि ससमय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव आ सके।
- सभी मंत्रीगण अपने-अपने विभागों के सभी जिला के क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर विभागीय कार्यकलाप की समीक्षा करें तथा विभागीय योजनाओं के लाभुकों से मुलाकत कर फीडबैक लें।
- विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उसके गुण-दोष का अध्ययन करें।
- वैसी योजनाएं जो बहुत दिनों से लम्बित हैं, उसके लम्बित रहने के कारण की समीक्षा करें और उसको पूरा कराने के लिए कार्रवाई करें।
- कई योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें आज की पृष्ठभूमि में बदलाव अपेक्षित है या फिर कुछ प्रावधान के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई होती है उसके निराकरण का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करें।
- राज्य में आपके विभाग के योजना से यदि कोई क्षेत्र छूटा हुआ है, खासकर दूर-दराज के क्षेत्र, एससी-एसटी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र उसके लिए योजना के प्रस्ताव पर विचार करें।
- वैसे विभाग जिनमें राजस्व प्राप्ति की बेहतर संभावनाएं हैं, वे राजस्व स्रोत की समीक्षा कर राजस्व प्राप्ति की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार करें।
- भवन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर वाली योजना की विशेष समीक्षा करें ताकि बने भवन का वास्तविक इस्तेमाल हो सके। अनावश्यक भवन आदि की योजना न लिया जाय।
- अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी के प्रोन्नति की स्थिति की समीक्षा करें और प्रोन्नति प्रदान करें।
- पदस्थापना की समीक्षा करें और आवश्यकता या कम जरूरी के आधार पर एडजस्टमेंट करें।
- आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।
- कोर्ट केस मामले की भी समीक्षा करें ताकि सरकार केस कम से कम हारे।
- अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर भी हर जिला में भ्रमण करें और लोगों से मिलकर वहां की समस्या (खासकर अपने विभाग से संबंधित) के निपटारा के लिए प्रयास करें।
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बारे में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में फीडबैक प्राप्त करें और मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत कराएं।
- स्थानीय जन प्रतिनिधियों से मिलने के लिए तिथि का निर्धारण कर दें, ताकि सभी को सहुलियत हो।
- सभी मंत्री समय-समय पर अपने विभाग की उपलब्धियों के विषय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे।

**2025-26 की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करें**

## राधाकृष्ण को वित्त, शिल्पा कृषि व इरफान को स्वास्थ्य मंत्रालय

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच बांटे विभाग



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। पिछली सरकार में जो विभाग इंडिया गठबंधन के घटक दलों के पास थे, वही विभाग इस बार भी उनके खाते में ही रहे। अलबत्ता मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया गया है। विभागों के बंटवारा होने के बाद कई मंत्रियों ने कामकाज संभाल लिया। गुरुवार को शपथ लेने वाले सभी 11 मंत्री कैबिनेट की बैठक में भी सम्मिलित हुए। विभागों के बंटवारे में मुख्यमंत्री ने कार्मिक, गृह, पथ निर्माण, भवन निर्माण तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (संसदीय कार्य को छोड़कर) विभाग को अपने पास रखा। साथ ही वे सभी विभाग भी उनके पास रहेंगे, जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं। जैसा कि संभावना व्यक्त की जा रही थी, राधाकृष्ण किशोर को योजना एवं वित्त विभाग, वाणिज्यकर तथा संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

पिछली सरकार में मंत्री रहे इरफान अंसारी को इस बार स्वास्थ्य तथा खाद्य आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। अन्य मंत्रियों के विभाग भी आवंटित कर दिए गए हैं। इनके अलावा जो विभाग किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं, वे मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। विभागों के बंटवारे की अधिसूचना सरकार की प्रधान सचिव वंदना डाडेल के हस्ताक्षर से जारी की गई है।

1. **राधा कृष्ण किशोर :** वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास और संसदीय कार्य विभाग आवंटित किया गया है।
2. **चमरा लिंडा :** अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग।
3. **संजय प्रसाद यादव :** श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग।
4. **रामदास सोरेन :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग।
5. **इरफान अंसारी :** स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण उपभोक्ता मामले विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग।
6. **हफीजुल हसन :** जल संसाधन विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग।
7. **दीपिका पांडेय सिंह :** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग।
8. **योगेंद्र प्रसाद :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।
9. **सुदिव्य कुमार :** नगर विकास एवं आवास उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग।
10. **शिल्पी नेहा तिर्की :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग।
11. **दीपक बिरुवा :** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, परिवहन विभाग।

**केंद्रीय कैबिनेट**

### 28 नवोदय विद्यालयों को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नवोदय विद्यालय योजना (केन्द्रीय क्षेत्र योजना) के अंतर्गत देश के वंचित जिलों में 28 नवोदय विद्यालय (एनवी) स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति शुक्रवार को उक्त प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार 28 नवोदय विद्यालयों की स्थापना के लिए 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों की अवधि में कुल अनुमानित निधि की आवश्यकता 2359.82 करोड़ रुपये है।

**जरूरी सूचना**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा सत्र को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मराण्डी ने अपने कार्यालय कक्ष में षष्ठम् विधान सभा के प्रथम सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की। सत्र को ध्यान में रखते हुए प्रोटेम स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नये सदस्यों के आवासन एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गए। मुख्य सचिव ने बैठक में स्पीकर को अवगत कराया कि सत्र को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे आवश्यक जीवन रक्षक दवा और एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष ने दिये। साथ ही विधानसभा आने के क्रम में किसी भी प्रकार के अनावश्यक भीड़-भाड़ तथा उचित ट्रैफिक प्रबंधन के संबंध में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता सहित संबंधित विभागों से सचिव और अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 9 दिसंबर से विधानसभा का सत्र शुरू होगा।

### आरबीआई ने किसानों को दी बड़ी सौगात

## अब किसान भाईयों को बिना ब्याज मिलेगा 2 लाख रुपये का कर्ज

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को किसानों के लिए बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये का तक का लोन मुहैया कराने की घोषणा की है। फिलहाल ये सीमा 1.6 लाख रुपये है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि के मद्देनजर गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है। शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई से परेशान किसानों को राहत देने के उद्देश्य से ये फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा। आरबीआई ने गवर्नर बताया कि शेष पेज 11 पर



### आरबीआई ने लगातार 11वीं बार रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लगातार 11वीं बार नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। आपके लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी किया था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्वामासिक समीक्षा बैठक के बाद फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि 4:2 के बहुमत से नीतिगत रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा गया है। दास ने कहा कि स्थायी जमा सुविधा एसडीएफ दर 6.25 फीसदी और सीमांत स्थायी सुविधा एमएसएफ दर 6.75 फीसदी पर बनी हुई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्?पाद जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया है, जबकि पहले यह अनुमान 7.2 फीसदी था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान 4.5 फीसदी से बढ़ा कर 4.8 फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि एमपीसी ने सर्वसम्मति से इस तटस्थ नीति रुख को बनाए रखने पर अपनी सहमति व्यक्त की है, जो वर्तमान आर्थिक स्थितियों के प्रति सतर्क दृष्टिकोण का संकेत देता है। आरबीआई के छह सदस्?यीय एमपीसी में तीन केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव रंजन हैं। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## बाल विवाह से बिखरते परिवार और जूझता बेखबर समाज



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत विकसित देश बनने की दिशा में तेजी से दौड़ लगा रहा है पर कुछ पुराने रीति रिवाज इसके कदम आज भी रोक रहे हैं जिसमें बचपन को लीलता बाल विवाह भी है जिसके कारण अनेक परिवार अवस्थ कुपोषित मां और बच्चे के जन्म से लेकर युवा होते तक अपने और समाज के लिए समस्याएं उत्पन्न करते हैं जिस कारण भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। यह देर से उठाया गया पर सही कदम है जिसकी सफलता से इससे जुड़ी अनेक समस्याओं की श्रृंखला का अंत हो सकता है । खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है जिसके मूल में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियां हैं । 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 3 प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के नए आंकड़े के भी अनुसार देश में 20 से 24 साल की उम्र की 23.3 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं जिनका बाल विवाह हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े के अनुसार प्रदेश में साल 2019 में तीन, साल 2020 में तीन और साल 2021 में चार मामले ही बाल विवाह के दर्ज किए गए। इससे स्पष्ट है कि बाल विवाह के मामलों की पुलिस में शिकायत ही नहीं की जा रही है। लड़की की 18 वर्ष से पूर्व और लड़कों की 21 वर्ष से पूर्व विवाह विवाह बहुत पहले से कानूनन जुर्म है पर लोग इस सामाजिक बुराई के प्रति आंखें मूंदकर बैठे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि लड़की जितनी जल्दी अपने घर चली जाए तो उनकी जिम्मेदार खतम । विवाह में अधिक खर्च आता है, जिससे बचने के लिए कई परिवार वाले अपने बच्चों का बाल विवाह कर देते है। घर में एक शादी तय होती है तो, मां-बाप सोचते हैं कि इसी के साथ दूसरे बच्चे की शादी कर दी जाए। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं होता है कि बच्चों की आयु क्या है। कुछ लोग मानते हैं कि असुरक्षा के कारण बाल विवाह प्रथा की शुरुआत हुई थी जब विदेशी आक्रमणकारी लूटपाट करने आते थे या चिकित्सा पद्धति ऐसी नहीं थी कि जीवन की गारंटी हो जिस कारण जल्दी से जल्दी हाथ पीले करने का दबाव बड़े बुजुर्गों का होता था । पर आज अपवादों को छोड़ दिया जाए तो दोनों कारण नहीं हैं जिस कारण बाल विवाह कम हुए हैं पर समाप्त नहीं हुए । कम आयु में विवाह से सदा बीमार रहने वाली मां और बच्चे दोनों घरेलू कलह के कारक बनते हैं जिससे कई बार तलाक तक हो जाते हैं क्योंकि लड़की का शरीर पूर्ण विकसित नहीं होने के कारण मां की भूमिका के साथ बहू की ज़िम्मेदारी नहीं निभा पाती । इस क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं का मानना है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियां बाल विवाह के मामलों में गंभीरता बरते और सख्त कदम उठाए । बाल विवाह के मामले में अनिवार्य एफआईआर दर्ज करने, बाल विवाह को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पोक्सो एक्ट से जोड़ने का प्रावधान हो । हर जिले में बाल विवाह रोकने वाले अधिकारी (सीएमपीओ) की नियुक्ति हो और अधिकारियों को बाल विवाह रोकने के लिए उचित प्रशिक्षण देने के अलावा अभिभावकों को इसकी बुराई से अवगत किया जाए।



कुछ उदाहरण हैं जो उत्साहवर्धक हैं 16 साल की जया पांडेय(बदला नाम ) ने अपने परिवार का पुरजोर विरोध कर अपना बाल विवाह रुकवाया था। जया के इस प्रयास को कोडरमा जिले के प्रशासन का साथ मिला और अधिकारी भी उसके गांव आए। खूंटी के ग्रामीण इलाके की रहने वाली 15 साल की चंपा मुंडा(बदला नाम) ने बाल विवाह से निपटने के लिए अनूठा कदम उठाया । उसके भैया-भाभी ने नाबालिग उम्र में ही शादी करने का दबाव बनाया था उसके पिता 8 साल पहले ही गुजर चुके थे और मां ने भी शादी कर दूसरा घर बसा लिया था। ऐसे में उसकी जिम्मेदारी उसके भाई के लिए बोझ बन चुकी थी। चंपा मुंडा ने अपने भाई के सामने पढ़ने-लिखने और फुटबॉल में करियर बनाने की इच्छा जाहिर की लेकिन बात नहीं बनी और उसकी शादी तय कर दी गई। तब उसने अपने लंबे और खूबसूरत बालों को सैलून में जाकर अपने बालों को कटवा लिया और अपना लुक लड़कों जैसा कर लिया जिससे लड़के वालों ने उसे देखते ही नापसंद कर दिया क्योंकि उसके बाल लड़के जैसे छोटे-छोटे और बॉय कट थे। बालश्रम आयोग की पूर्व अध्यक्ष शांति किंडो का कहना है कि अभिभावकों में बच्चों के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी। कई अभिभावक लड़कियों के प्रेम प्रसंग की संभावना से डर कर भी बाल विवाह को प्राथमिकता देते हैं। स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने होंगे।

## पंजाब से झारखंड आ रही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** पंजाब के लुधियाना से झारखंड आ रही अवैध शराब की बड़ी खेप गढवा जिले में पकड़ी गयी है। इस सिलसिले में हरियाणा के दो और राजस्थान के एक तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब लाखों की बतायी गयी है। एसपी दीपक पांडे ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लुधियाना पंजाब से अवैध विदेशी शराब लदा कन्टेनर वाहन विडमगंज (उ.प्र.) की ओर से नगर उंटारी होते हुए बिहार एवं झारखंड के अन्य स्थानों पर जाने वाली है। त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वंशीधरनगर के नेतृत्त्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। नगर उंटारी थाना गेट व नगर उंटारी थाना क्षेत्र के सिरिया टोंगर में अवैध शराब के परिवहन के विरोध चेकिंग लगाया गया। इस बीच एक कंटेनर सं.(यूपी-21-ईटी-0940) तेजी से आया, जिसे चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल ने रोका और उसमें लोड सामान के बारे पूछा गया। चालक ने इलेक्ट्रॉनिक्स सामान लोड होने की जानकारी दी। शेष पेज 11 पर

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस' पर राज्यपाल को बैज लगाया गया

# सेना के निष्ठा और बलिदान से राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सैनिक कल्याण निदेशालय का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के उपलक्ष्य में बैज लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।



राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों के शौर्य, सतर्कता और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं द्वारा युद्धकाल और आपदा के समय निभाए गए अतुलनीय कर्तव्यों और साहसिक योगदान की सराहना की। वहीं कहा कि उनकी निष्ठा और बलिदान से हमारा राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

राज्यपाल ने राज्य के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में योगदान देकर उन वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपना आभार प्रकट करें, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।

शिष्टमंडल में निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय ब्रिगेडियर निरंजन कुमार, अपर निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय कर्नल एसपी गुप्ता, राज्य प्रबंधक, सैनिक बाजार ले. कर्नल प्रदीप झा आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने नवनियुक्त मंत्रियों से की शिष्टाचार भेंट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मंत्री वित्त विभाग राधा कृष्ण किशोर, मंत्री परिवहन विभाग दीपक बिरुवा, मंत्री अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग चमरा लिंडा, मंत्री श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव, मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रामदास सोरेन, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग इरफान अंसारी, मंत्री जल संसाधन विभाग हफीजूल हसन, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग योगेंद्र प्रसाद, मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सुदिव्य कुमार एवं मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से नवनियुक्त मंत्रीगणों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## हेमंत सोरेन 'झारखंड रत्न' से होंगे सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोक सेवा समिति सेवा की 33वीं वर्षगांठ पर समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 'झारखंड रत्न' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके राज्य के सबसे बड़े जनप्रतिनिधि नेता होने के लिए दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान और सदस्यों ने मुख्यमंत्री को उनके आवास में जाकर चयनित पत्र सौंपा और उन्हें दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री को दोबारा प्रचंड बहुमत से सरकार में आने की भी बधाई दी गई। कार्यक्रम में देश भर से प्रबुद्ध नागरिक और संस्था के सदस्य उपस्थित होंगे, जिसमें सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी पर सेमिनार और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री को सह परिवार आने का आमंत्रण दिया गया है। यह कार्यक्रम 28 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री को 25वां झारखंड रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा कुछ विशिष्ट विभूतियों का चयन किया जाएगा जो उत्कृष्ट कार्य से देश राज्य का नाम रौशन किया है।

# बाबा साहब अंबेडकर समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे : रविंद्र राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय सहित अन्य नेताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राय ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। दलितों के



मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद एवं अर्थशास्त्री भी थे।

राय ने कहा कि भीमराव आंबेडकर की विरासत आज भी देशभर में प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में जो क्रांति शुरू की, वह हमेशा प्रासंगिक रहेगी। उनके विचार और योगदान वंचितों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हुए। उन्होंने कहा कि भारत में जब-जब संविधान और लोकतंत्र की बात होगी, बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर का नाम तब तब प्रमुखता से लिया जाएगा। यही वजह है कि छह दिसंबर का दिन भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण तारीख के रूप में दर्ज है। इस दिन देशभर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस दिन भारत के संविधान निमार्ता, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा कहे जाने वाले आंबेडकर का 1956 में निधन हुआ था।

राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर समाज सुधारक ही नहीं बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री भी थे। साथ ही आज भी वो लाखों संघर्षशील युवाओं के लिए प्रेरणा की मशाल हैं। लगातार अभाव, भेदभाव और संघर्ष से जूझते हुए जीवन में सफल होने का साहस बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन से सीखा जा सकता है। उन्होंने लगातार संघर्ष से बीए, एमए, एमएससी, पीएचडी, बैरिस्टर आदि के साथ लगभग 32 डिग्रियां हासिल की तथा नौ भाषाओं में महारथ हासिल की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेमंत दास, रामचन्द्र नायक, जोगेन्द्र लाल, रंजन पासवान, सुबोध कांत, खुदा राम, कमलेश राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, गोविंद बाल्मिकी, मनोज राम, संजय चौधरी, प्रेम मित्तल, सूरज चौरसिया और बबीता वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर बालिका गृह घटना की हो न्यायिक जांच : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल



मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य द्वारा बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिए दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। कहा कि जिन लोगों के उपर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाए गए हैं। उन्होंने राज्य के सीएम से उक्त मामले में न्यायिक जांच करा के सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# कांग्रेसियों ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।बाबा साहेब के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में लोकतंत्र को स्थापित करने में संविधान की मुख्य भूमिका है। संविधान का निर्माण बाबा साहेब के प्रयासों से संभव हो सका, जिसकी सराहना आज भी विश्व समुदाय करता है। देशवासियों के अधिकारों एवं कर्तव्य तथा शासन प्रणाली के संचालन की विस्तृत व्याख्या संविधान में की गई है। इस कारण भारत की एकता और अखंडता आज भी अक्षुण्ण है। किसी भी लोकतंत्र के लिए संविधान एक पवित्र ग्रंथ के समान है जो लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक व्यवस्था को नियंत्रित करता है। बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि संविधान के अनुसार दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही दी जा सकती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, राजन वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य के शहरी क्षेत्र में भवनों को रेगुलराइज करना प्राथमिकता : मंत्री सुदिव्य कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि विभागीय मंत्री के तौर पर राज्य के शहरी क्षेत्रों में भवनों को रेगुलराइज करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शहरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी नगर विकास विभाग की है। प्रत्येक शहर में पेयजल की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा कर इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शुक्रवार को मंत्रालय के आवंटन के बाद पहली बार नगर विकास एवं आवास विभाग पहुंचे मंत्री सुदिव्य कुमार का विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि शहरों में स्वच्छता एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने पर विशेष बल दिया जाएगा। नगर निकायों के संसाधनों और



आधारभूत संरचना को विकसित कर उनकी स्थिति सुदृढ़ की जाएगी। जल्द ही नगरों के विकास, शहरों के सौंदर्यीकरण और प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित चालू योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने शहरी क्षेत्रों में बिना वैध नक्शा के बनाए गए लगभग सात लाख मकानों को रेगुलराइज करने का फाइनल मसौदा इस साल जनवरी में ही तैयार कर लिया था। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि स्वीकृत नक्शे के बगैर किए निर्माण को रेगुलराइज करने के लिए फाइन वसूला जाएगा। फाइन के लिए रियायती स्लैब तैयार किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। फाइनल मसौदा तैयार करने वाली समिति ने ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के मॉडलों का अध्ययन किया था। इसके पहले आम लोगों से भी इस प्रस्तावित योजना को अधिक प्रभावी और सरल बनाने के लिए सुझाव और फीडबैक मांगे गए थे। माना जा रहा है कि अब नई सरकार इस पॉलिसी को जल्द ही अंतिम रूप दे देगी।

### उदय साव के परिजनों से कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक से उच्चस्तरीय जांच कि मांग की

*उदय साव के हत्यारों को जल्द मिलेगी सजा, परिजनों को दिया आश्वाशन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग के कटकम दाग में पिछले दिनों उदय साव की हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गई थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में एक दल ने मृतक के परिवारजनों से मिलकर शोक संतृप्त परिवार जनों को ढाढस बंधाया और उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होगी तथा उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपराध पर लगाम लगाने के लिए कृत संकल्प है तथा राज्य में अपराधियों के मनोबल को तोड़ने के लिए सरकार हर स्तर पर कार्रवाई करेगी। नेताओं के दल में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज



प्रसाद साहू, प्रदीप बालमुचू, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता रियाज अंसारी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव शामिल थे।

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक से मिलकर घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। वहीं अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी पर बल दिया। इस दौरान केशव महतो कमलेश ने पुलिस महानिदेशक के समक्ष पूरे राज्य की विधि व्यवस्था का गंभीरता एवं सूक्ष्मता से विवेचना करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराध छोटा हो या बड़ा अपराधी कोई भी हो उसे सजा जरुर मिलनी चाहिए। अपराधी को सजा दिलाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है। राज्य की विधि व्यवस्था को पटरी पर रखने के लिए छोटी से छोटी घटना पर भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि अपराधियों के हौसले पस्त हो। पुलिस महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होगी। राज्य में अपराधों पर लगाम लगाने की कार्रवाई की जा रही है। किसी भी हाल में अपराधियों को बख्सा नहीं जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से केशव महतो कमलेश, डॉ रामेश्वर उरांव, धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार बालमुचू, जयशंकर पाठक, सतीश पॉल मुंजनी, रियाज अंसारी, अंबा प्रसाद शामिल थे।

### पहाड़ी मंदिर के संचालन व अन्य मुद्दों को लेकर हुई बैठक

# सफाई के लिए चयनित एजेंसी सही तरीके से कार्य करें : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर के संचालन एवं अन्य मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति कृष्ण कन्हैया एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में समिति द्वारा पूर्व की भांति मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त कर दान पत्र खोले जाने का निर्णय लिया गया। बायोमेट्रिक मशीन एवं बैटरी चलित वाहन खरीदने और इंटरव्यू कर पुजारी की नियुक्ति का निर्णय समिति ने लिया। सफाई एवं सुरक्षा एजेंसी के अवधि विस्तार पर विचार-विमर्श करते हुए समिति द्वारा पूर्व की भांति अवधि विस्तार का निर्णय लिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि मंदिर समिति इस बात का विशेष ध्यान रखें कि साफ-सफाई के लिए चयनित एजेंसी अपना कार्य सही तरीके से करें ताकि भक्तों को परेशानी ना हो। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में आवश्यक स्थान पर सीसीटीवी लगाने और मंदिर के पीछे की ओर नियमित अंतराल पर पुलिस गश्ती करा पर भी समिति में सहमति प्रदान की गई। अन्य एजेंडों पर भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम को 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का बैज लगाया



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवर को झारखंड मंत्रालय में सैनिक कल्याण निदेशालय के कर्नल पीके झा (रि०) ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' का बैज लगाया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले प्रधान मुख्य वन संरक्षक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक सत्यजीत सिंह एवं वाइल्ड लाइफ सीसीएफ एसआर नटेश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले राज्य के कई अधिकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नगर आयुक्त-सह-प्रशासक रांची नगर निगम संदीप सिंह, उपायुक्त विशाल सागर, आईजी दुमका क्रांति कुमार गढ़देशी, डीआईजी सीआईडी संध्या रानी मेहता, एसपी सीआईडी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शिष्टाचार भेंट की।

### एनसीसी ग्रुप कमांडेंट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में एनसीसी ग्रुप कमांडेंट रांची ब्रिगेडियर आरके सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### जेपीएससी सदस्य डॉ अनिमा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सदस्य डॉ अनिमा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## डीजीपी ने की नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा, कहा

# धमकी की घटना पर एफआईआर दर्ज करें

नवीन मेल संवाददाता। रांची

धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नक्सली विरोधी अभियान और न्यायालय की सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।



बैठक में नक्सल के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए व्यापक रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में विगत दिनों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप, अपराधिक गुटों के जरिये राज्य के कुछ जिलों रांची, लातेहार, हजारीबाग, खूंटी एवं चतरा में आगजनी, तोड़फोड़ की कुछ एक घटनाएं कारित की गयी है। इन घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिये गये। डीजीपी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को कहा कि अपने जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी मामलों की समीक्षा करेंगे एवं पूर्व में घटित घटनाओं में वैसे मामले जिनमें धमकी मिलने की पूर्व सूचना देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है, वैसे मामलों में संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए अविलम्ब पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

भविष्य में यह भी सुनिश्चित करेंगे कि माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप, अपराधिक गुटों के जरिये धमकी से संबंधित जो भी सूचना पीड़ित के जरिये दी जाती है, उसमें प्राथमिकी दर्ज किया जाय। सभी पुलिस अधीक्षक यह समीक्षा करेंगे कि माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप, अपराधिक गुटों के जरिये आगजनी-तोड़?फोड़ से संबंधित मामलों में दर्ज किये गये काण्डों के अनुसंधान कर्ता कौन हैं? ऐसे कितने मामले हैं, जिनमें काण्ड के अनुसंधान कर्ता थाना प्रभारी स्वयं हैं तथा कितने मामले में अन्य कनीय पदाधिकारी को अनुसंधान कर्ता बनाया गया है।

इस संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह सख्त निर्देश दिया गया कि माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप, अपराधिक गुटों के जरिये किये गये आगजनी - तोड़फोड़ से संबंधित पूर्व में घटित सभी काण्डों का अनुसंधान थाना प्रभारी स्वयं ग्रहण करेंगे। सभी पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में इस तरह की घटना घटित होने पर मामले का अनुसंधान थाना प्रभारी या पुलिस निरीक्षक स्तर के पदाधिकारी को ही बनाया जाय। इसका अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित थाना प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। संबंधित पुलिस अधीक्षक के विरूद्ध भी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

साथ ही डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया गया कि विभिन्न काण्डों में माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप, अपराधिक गुटों के जो भी अभियुक्त फरार हैं, उनके विरूद्ध प्रभावी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाय।इसके अतिरिक्त डीजीपी ने उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था साथ ही न्यायाधीशों के अवासीय परिसरों के सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

### रांची में आज ठंड ज्यादा सताएगी, कल से बारिश के आसार

**रांची।** रांची के साथ पूरे राज्य में शनिवार को ठंड ज्यादा सताएगी। अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम पारे में 3 से 4 डिग्री की गिरावट होने के आसार हैं। इसके चलते सुबह में कुहासा और कनकनी में बढ़ोतरी दिखेगी। वहीं, रविवार से राज्य के ऊपर बादल छाएंगे। इसके असर से रांची समेत कुछ अन्य स्थानों पर 8 और नौ दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है। मौ के पश्चिमोत्तर में अगले 24 घंटों के बीच पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे रहा है। इसके चलते वायुमंडल के ऊपरी सतह पर नमी बनी हुई है। वहीं, बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से के मध्य भाग में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है।

### मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर निर्वाचन आयोग को नोटिस

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। जस्टिस ऋषिकेष रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल के कोर्ट ने आयोग को सात जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। भजंत्री ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करने का आग्रह किया है।झारखंड हाईकोर्ट ने 22 सितंबर को मंजूनाथ भजंत्री के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से अलग रखने के निर्वाचन आयोग के आदेश को सही बताया था।

## निलंबित पूजा सिंघल की याचिका पर सुनवाई आज



**रांची (हि.स.)।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की दायर याचिका पर रांची के धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शुक्रवार को आशिंक सुनवाई हुई। सिंघल के अधिवक्ता की ओर बहस की गयी। इसके बाद ईडी की ओर से बहस की जाएगी। मामले में अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी। इससे पहले कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नए कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे।

## श्रीराम विवाह पंचमी पर हुआ महा अनुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम जानकीवल्लभ भगवान श्रीराम एवं जनक नंदिनी सीताजी के विवाहोत्सव के शुभ तिथि पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में बृहदरूप से धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। मौके पर अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्डाधिपति भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर दम्पति का उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत तिरूमञ्जनानुष्ठान (महाभिषेकम) हुआ। सहस्त्रधारा, कुंभधारा, शंखधारा एवं चक्रधारा के उपचार पूर्वक पृथक -पृथक दूध, दही, हरिद्राचूर्ण, चंदन, शहद, डाभयुक्तजल और गंगाजल से



वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक हुआ। इसके उपरांत भगवान दंपति के सभी विग्रहों को वस्त्राभूषण से अलंकृत करके सुवाषित पुष्प मालाओं का भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। फिर नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महा आरती की गई और पोंगल खीर फल और मेवा का बाल भोग नैवेद्य हुआ। तदन्तर श्रुति, उपनिषद की ऋचाएं तथा देशिकन स्वामी विरचित स्तोत्रों से स्तवन किया। आज के उद्यास्तमन सेवा के यजमान महावीर प्रसाद नरसरिया पत्नी निर्मला नरसरिया जबकि महाभिषेकम के यजमान संजय चौधरी धर्मपत्नी सुनीता चौधरी अपने पुत्र शुभम चौधरी के नाम संकल्प कराया यह दोनों ही यजमान परिवार रांची निवासी हैं। अर्चकः सत्यनारायण गौतम,गोपेश आचार्य और नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया । मौके पर राम अवतार नरसरिया, ओम प्रकाश गरोदिया, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, सुशील गरोदिया , शंभू नाथ पोद्दार, सीता शर्मा, यशोदा देवी, सुधा झा, छाया दुबे आदि सैकड़ो श्रद्धालु भक्तों ने पूजा अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य की प्राप्ति की।

## श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरु पर्व मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णानगर कॉलोनी में श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी गुरु पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष में सुबह 8 बजे से 9.15 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा गुर तेग बहादुर सिमरिये घर नौ निध आवे धाये.. शबद गायन से हुई। तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने तिलक जंझू राखा प्रभु ताका कीनो बडो कलू महि साका,साधन हेत इति जिन करी सीस दिया पर सी न उचरी.....एवं ठीकर फोर दिलीस सिर, प्रभु पुर किआ पयान, तेग बहादर सी क्रिया करी न किनहूं आन शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथ ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने कथा वाचन करते हुए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बारे बताया कि औरंगजेब के शासनकाल में जबरन हिंदूओं का धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। कश्मीरी पंडित इसके सबसे ज्यादा शिकार हुए। कश्मीरी पंडितों का एक प्रतिनिधिमंडल आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शरण में मदद के लिए पहुंचा। गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को उनके धर्म की रक्षा का आश्वासन दिया और हिन्दुओं को

दीवान में द्वारका दास मुंजाल,अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा,चरणजीत मुंजाल, मनीष मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, अनूप गिरधर, हरीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, अशोक गेरा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, रमेश गिरधर, सागर थरेजा, बसंत काठपाल, विनोद सुखीजा,हरविंदर सिंह हन्नी, राकेश गिरधर एवं कमल मुंजाल, जीतू काठपाल,जसपाल मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल उपस्थित थे।

## श्रीराम विवाह दिवस पर खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक से हुआ श्रृंगार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में श्रीराम विवाह दिवस पर खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। गत रविवार को खाटूनरेश का अमावस्या का महास्नान पर्व मनाया गया था। रविवार से खाटूनरेश अपने मूल श्यामल रुप में खाटूनरेश भक्तजनों को आशीश प्रदान कर रहे थे। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर में भी केशर तिलक श्रृंगार हुआ है। उसी परम्परा के अनुसार हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में केशर तिलक श्रृंगार किया गया।



इस अवसर पर खाटूनरेश को हल्का गुलाबी रंग का नवीन पौशाक पहनाया गया।

मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में डच लाल गुलाब, रजनीगंधा, लाल गेंदा, पीला गेंदा, मुरगन, तुलसीदल की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को मंदिर के आचार्यों ने सजाया। पंचमेवा का भोग लगाया गया। सभी फूल विशेष रूप से कोलकाता से मंगाए गए थे। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का भी विशेष श्रृंगार किया गया। सायंकाल गर्भगृहों का परदा हटाते ही पुरा मंदिर खाटूनरेश, राजा रामचन्द की जय-जयकारों से गूंजने लगा। दर्शन करने के लिए रात्रि 9.30 बजे तक भक्तजन निरन्तर आते रहे। रात्रि 7 बजे ग्वाल भोग व ग्वाल आरती में बड़ी संख्या में भक्तजनो ने भाग लिया।

### युवा अपने जीवन को संवार कर देश के विकास में बने भागीदार: एबीवीपी




**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस में मनाया गया। मौके पर एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने छात्र शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता से ही एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है। जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को समाप्त कर हम एक मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। भारत रत्न बाबा साहब ने भारत को एक ऐसा प्रगतिशील एवं सर्वसमावेशी संविधान दिया जिसने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ देश के हर नागरिक को अपना जीवन संवार कर देश के विकास में भागीदार बनने की प्रेरणा दी।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 406 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा से रांची के रास्ते गांजा की तस्करी हो रही थी। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए 406 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। जिनमें धर्मवीर सिंह और राजेन्द्र सिंह शामिल है। एसएसपी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि ओडिशा से रांची की ओर कंटेनर ट्रक में गांजा लोड करके ले जाया जा रहा है। जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची-रामगढ़ मार्ग में उकरीद नकवाटोली के पास कंटेनर ट्रक को पकड़ा गया। पकड़ाये ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के केबीन के अंदर ड्राइवर सीट के पीछे बने बॉक्स से कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा को सम्बलपुर से लाकर



टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था। बरामद गांजा का अनुमानित मूल्य लगभग दो करोड़ रूपया है।

## शहर के चहुंमुखी विकास का खाका तैयार : नगर आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची

नगर निगम सभागार में शुक्रवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। नगर आयुक्त ने निगम पदाधिकारियों संग शहर के विकास के लिये विचार विमर्श किया। उन्होंने आधारभूत संरचना के विकास एवं वर्तमान में आ रही कठिनाइयों पर परिचर्चा की। साथ ही शहर के चौमुखी विकास के लिये एफएआर, मास्टर प्लान, लेआउट प्लान, पार्किंग, निर्माण कार्यों में विचलन, पुराने भवनों का रेगुलराइजेशन, जर्जर भवनों का



रेनोवेशन आदि अहम सुझाव दिये। शहर को प्रदूषण मुक्त करने, ग्रीन जोन बनाने, ओपन स्पेस को बढ़ाने, गली मुहल्लों की व्यवस्था बेहतर करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने सभी को आश्वस्त किया कि जो कार्य निगम स्तर से निष्पादित होने हैं, उसपर त्वरित कार्रवाई होगी। जिन बिंदुओं पर राज्य सरकार की जरुरत होगी प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित किया जायेगा। इस अवसर पर अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर निवेशक राम बदन सिंह, नगर निवेशक शाखा के पदाधिकारी, झारखंड के सभी निबंधित वास्तुविद तथा अन्य कर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### शौर्य दिवस पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची।** हिंदू समुदाय के द्वारा शुक्रवार को शौर्य दिवस के उपलक्ष्य पर कोकर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में मंदिर के पंडित द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। राम लला की आरती एवं अभिषेक किया गया। घंटे एवं घड़ियाल बजाए। एक दूसरे के बीच मिठाई बाटकर खुशी मनाया। सदस्यों ने कहा शौर्य दिवस गर्व का दिन है मौके पर हिंदू आस्था में विश्वास रखने वाले समाजसेवी तुषार विजयवर्गीय ने कहा की, यह भारत ही नही विश्व में रहने वाले सभी हिंदुओं के लिए गर्व का दिवस है। भगवान श्री राम के मंदिर के लिए अनेकों लोगों ने अपना बलिदान दिया। आज उसी का परिणाम है कि अयोध्या में राम लला विराजमान हैं। भाजपा नेता सोनू मिश्रा ने कहा कि किसी भी विचार को बड़ा बनने में सदियों लगता है। आज यह गर्व का क्षण है कि हिंदू अपने शौर्य दिवस की गाथा को गा रहा है। उन्होंने कहा की शौर्य की संघर्ष की कहानी सिर्फ कारसेवकों, राम भक्तों के खून से लिखी हुई है यह कभी नहीं मिटेगी। शौर्य दिवस के रूप में हम सभी हिंदू अपने सच्चे कारसेवकों को याद करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### सृजन शाखा ने 30 बच्चों के दांत का इलाज किया



**रांची।** विश्व दिव्यांग दिवस पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा रांची द्वारा कोशिश संस्था में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सृजन शाखा की सदस्य डॉ राशि सरावगी ने 30 आर्टिस्टिक बच्चों का फ्री डेंटल चेकअप किया। स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के उपचारों के साथ-साथ दांतों को ठीक से रखने की उपायों की विस्तृत जानकारी दी। सभी बच्चों को टूथब्रश और पेस्ट दिए गए। इस कार्यक्रम में सृजन शाखा अध्यक्ष नेहा सरावगी, सचिव रीता मोदी, प्रतिमा अग्रवाल, शालू सिंघानिया, नम्रता,आदि उपस्थित थी।

### अच्छे संस्कारों का समाज और परिवार में सर्वाधिक महत्व है : ब्रह्माकुमार सूरज

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में संस्थान के मुख्यालय माउन्ट आबू से योगीराज ब्रह्माकुमार सूरज भाई के रांची पहुंचे। उनके आगमन पर आध्यात्मिक कार्यक्रम करो तपस्या-मिटे समस्या-हो समाधान का आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, पुनदाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उनके साथ ब्रह्माकुमार रूपेश एवं ब्रह्माकुमारी गीता बहन भी पधारे हैं। स्थानीय सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन भी कार्यक्रम में उपस्थित थी। इस अवसर पर योगीराज ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने कहा कि हमारी आदि सनातन संस्कृति दैवी संस्कृति है जिसका प्रभाव समूचे जगत में रहा है, लेकिन दुर्भाग्यवश भौतिकवाद के दौर में आध्यात्मिक विरासत लुप्त होती जा रही है। ऐसे अवमूल्यन के समय में सकारात्मक विचार, गुणात्मक जीवन षैली और समाज के लिए समर्पण और सेवा भावना की आवष्यकता है। इसके माध्यम से ही सुसंस्कारों का निर्माण हो सकता है। अच्छे संस्कारों का समाज और परिवार के हर क्षेत्र में सर्वाधिक महत्व है क्योंकि हम सबके मन में कहीं न कहीं यह भाव तो रहता ही है कि दुःखों और बुराईयों से घिरी हुई इस दुनिया में परिवर्तन होना चाहिए परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि परिवर्तन की शुरूआत स्वयं से करनी होगी।

## सब्जी विक्रेता अपनी सब्जी कहां बेचे: देवकी देवी



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोशिएशन की प्रदेश सचिव सह गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। इन्होंने कहा कि गुमला जिले के डेली मार्केट के सब्जी विक्रताओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि गरीब किसान अपने उगाए सब्जी बेचने यहां आते हैं। अचानक से इनलोगों को हटा दिए जाने से सबके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। रखे-रखे सारे सब्जी सड़ जा रहे हैं। सब्जी विक्रेता अपनी सब्जी को कहां बेचे? यह यक्ष प्रश्न सभी सब्जी विक्रेताओं की है। देवकी देवी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सब्जी विक्रेताओं को पीडब्ल्यूडी के दीवार से सटकर और सड़क से 15 फीट छोड़कर दो पंक्तियों में बाजार लगाने की अनुमति दी जाए।

### आज / कल




### समाहरणालय के ब्लॉक बी का अंडरग्राउंड पर्किंग बदहाल

# गंदे पानी के जमाव और फैली हुई गंदगी से लोग परेशान

### उठते सवाल: ऐसी बदहाली कब तक?

मनोज मिश्रा

**रांची।** चिराग तले अंधेरा वाली कहावत समाहरणालय के ब्लॉक बी में सटीक बैठती है। यहां के अंडरग्राउंड पर्किंग स्थल में अव्यवस्था के शिकार प्रतिदिन हजारों लोग हो रहे हैं। क्षमता से कम गाड़ियों की पार्किंग यहां होती है तो संवदेक को नुकासान होता है। इस नुकसान के कारण

1


संवदेक टेंडर नहीं भरते है। बहुत ऐसे विभाग के टेंडर पड़े है जिसके लिए आज तक कोई संवेदक नहीं मिला है। दरअसल वर्षों से समाहरणालय के ब्लॉक बी की पार्किंग व्यवस्था चरमराई हुई है। अंडरग्राउंड पर्किंग स्थल में गंदे पानी का जमाव है,इसके कारण पार्किंग की समस्या होती है। पानी इतना भी नहीं है कि

2


गाड़ी की टायर पानी में डूब जाए मगर इतना कम भी नहीं कि गाड़ी पार्क कर कोई आसानी से बिना गंदे पानी में अपने कपड़े, जूते को भिगोय पार कर जाए। इसलिए लोग अपनी गाड़ियों को गंदे पानी से दूर खड़ी करते हैं। परिणामस्वरूप पार्किंग स्थान छोटा हो जाता है इसलिए भी लोग चार पहिए वाहनों को समाहरणालय ब्लॉक बी के मुख्य मार्ग पर ही खड़ा कर देते हैं। इस कारण भी यहां जाम लगता है। बरसात में गंदे का पानी का जल जमाव समझ आता है इस मौसम में भी जल जमाव कहां से हो रही है? इसमें प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

समाहरणालय के ब्लॉक बी की पार्किंग में एक तो गंदे पानी का जमाव है दूसरे गंदगी से नाक बजबजा जाता है। यहां गार्ड रहते हैं किस हालात में रहते होंगे,सोचनीय है। ऐसी अवयवस्था कब तक रहेगी? पार्किंग शुल्क से राजस्व में वृद्धि हो रही है,राजस्व में वृद्धि करने के साथ प्रशासन को बुनियादी सुविधाएं उन लोगों के लिए उपलब्ध करानी चाहिए जिनसे शुल्क लिया जाता है। कम से कम रोशनी की व्यवस्था, सफाई,पानी पीने की व्यवस्था तो उपलब्ध होनी चाहिए। केवल वीआईपी पार्किंग स्थल की सफाई होने से क्या होगा?जनता की बनुयादी समस्याओं के प्रति जवाबदेही और जिम्मेवारी से कन्नी नहीं काटा सकता। ऐसी बदहाली कब तक रहेगी?

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोग हुए घायल, रिम्स रेफर

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के एन एच 39 लुंडरी मोड़ के पास शुक्रवार शाम 6 बजे हुए सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको चान्हो पुलिस की मदद से चान्हो प्राथमिक उपचार केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पैदल चल रहे थे तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल ने इनको टक्कर मार दिया जिससे यह दोनों घायल हो गए। घायलों की पहचान सरोज राम और विनोद राम के रूप में की गई है। दोनों हसन बाजार बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं और यहां रहकर फेरी का काम किया करते थे।

### पद्मश्री गिरिधारी राम गौंझू को दी गई श्रद्धांजलि

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के नागपुरी भाषा विभाग में शुक्रवार को पद्मश्री गिरिधारी राम गौंझू की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। विषय था- झारखंडी भाषा-संस्कृति की वर्तमान स्थिति। इसमें डॉ मनोज कच्छप ने कहा, आज के समय में अन्य भाषाओं के साथ मातृभाषा को जानना आवश्यक है। दूसरे वक्ता संजय साहु ने कहा कि पद्मश्री गौंझू जैसे सभी झारखंडी महापुरुषों की जयंती मनानी चाहिए। स्टेला टोप्पो ने कहा, डॉ गौझू के नाटकों में झारखंडी संस्कृति दिखती है। संचालन पन्नालाल महतो ने किया। सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हत्या के मामले में छह को उम्र कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने पुराने विवाद को लेकर हुई राज उरांव की हत्या मामले में दोषी दो महिला सहित छह अभियुक्तों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। मामला एक अगस्त 2017 का है। जिन्हें सजा सुनायी गयी है उनमें सुको उराईन व जितनी उराईन, जोभी उरांव, उसके तीन पुत्र विशु उरांव, करमा उरांव, गायन उरांव और एक अन्य महावीर शामिल हैं। इस संबंध में मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने दो महिला सहित आठ आरोपियों के खिलाफ मांडर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उर्मिला देवी ने कहा था कि उसका पति राज उरांव मिस्त्री था। घटना के दिन शाम चार बजे वह फुटबॉल खेलकर बाइक से घर लौटा था। वह बाइक से उतरा भी नहीं था कि पहले से घात लगाये हुए उक्त आरोपी उस पर टूट पड़े। लाठी-डंडा से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

---

आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बर्तनों का वितरण

## हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे तो लापुंग प्रखंड भी आगे बढ़ेगा : कंचन उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग के महिला समाज कल्याण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आवश्यक बर्तनों का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सुविधा मिलनी चाहिए। बच्चे ही देश का भविष्य हैं। हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे तो लापुंग प्रखंड भी आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय हो कि लापुंग प्रखंड में विगत एक दशक पहले बर्तनों का वितरण किया गया था। कालांतर में सभी बर्तन काफी टूट फुट गई । बर्तन के नहीं रहने से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खिलाने पिलाने और अन्य कार्यों के लिए काफी परेशानी होती थी। बर्तन की मांग वर्षो पहले से आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा की गई थी। बर्तन वितरण कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से प्रदत्त बर्तनों सहित प्रेशर कुकर, स्टील कड़ाही, स्टील का डेग, जग, बाउल, गमला, स्टील का प्लेट, स्टील का ग्लास, चम्मच, थाली, स्टेनलेस स्टील का डब्बा सहित सभी आवश्यक बर्तनों का वितरण लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने किय। वितरण कार्यक्रम के दौरान अंबिका कुमारी, सोनिया देवी, अविनाशी बरला,मनोनित बरला, अनिता शांडिल्य,रौशन प्यारी खाखा, प्रमिला कुमारी, रुपु देवी, सीमा देवी, रीता कुमारी, सुशांति बरला, जुलियानी होरो, कौशल्या देवी, हेलेन लुगुन, एंजलीना लकड़ा, देवती कुमारी, कलिस्ता बरला, मुक्ति होरो, मार्गेट बरला, पुनित मरियम बाड़ा, बैजयंती देवी, मरियम केरकेट्टा, कांति तिर्की, सीमा देवी, रंजीता कुमारी, रीता कुमारी, मंजू मिंज, जसमणी बरला, रीना देवी सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं मौके पर मौजूद थीं।

---

भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## छात्रों में आत्मविश्वास का विकास कराना है : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** शुक्रवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के सौजन्य से जनजातीय छात्र - छात्राओं में सीएनटी एक्ट, पेशा एक्ट, पाँचवी अनुसूची विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने में सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के राज्य संयोजक राकेश रोशन किड़ो, जिला संयोजक प्रकाश केरकेट्टा का विशेष योगदान रहा। मौके पर कॉलेज प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उदेश्य छात्र - छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास का विकास कराना है इस आयोजन में सहयोग के लिए सोशल इनसेटिव ग्रोथ एंड नेटवर्किंग के पदाधिकारों का आभार ब्यक्त करते हैं भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान संजना लकड़ा, द्वितीय स्थान लिसी रिया लकड़ा,और तीसरा स्थान अर्जुन कुजूर को प्राप्त हुआ। छात्र - छात्रों के भाषण को आकलन करने के लिए वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, रश्मि तिर्की, सबीना तिर्की जज के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

---

## न्यूज बॉक्स

### सीयूजे में इंग्लैंड के प्रो शिशांक का हुआ विशेष व्याख्यान



रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के वाणिज्य और वित्तीय अध्ययन विभाग, प्रबंध विज्ञान संकाय और करियर डेवलपमेंट सेल की ओर से शुक्रवार को विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम के प्रो शिशांक ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि लगातार बदलती दुनिया में हमें शोध को एक जरूरी अंग की तरह जोड़ना जरूरी है। इस समन्वय से एक सतत, मानव केंद्रित और लचनशील उद्योग स्थापित करके हम प्रकृति के अनुरूप सतत विकास कर पाएंगे। उन्होंने कहा भारत जैसे राष्ट्र में बहुत जरूरी है कि देश में ही अपनी नई तकनीक विकसित करे, जो हर इंसान को जोड़नेवाला होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रबंध विज्ञान संकाय के डीन डॉ बटेश्वर सिंह, डॉ केबी सिंह, करियर डेवलपमेंट सेल के प्रमुख प्रो देवदास लाटा, डॉ भास्कर सिंह, डॉ सुदर्शन यादव, डॉ नितेश भाटिया, प्रो देवव्रत सिंह सहित शिक्षकों और लगभग 150 विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भाग लिया। संचालन मेघा रानी पटेल व एकता सिंह ने किया।

### झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ के प्रतिनिधि मंत्री से मिले

**रांची।** झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष डॉ सैमसन संजय टोप्पो व महामंत्री डॉ शिवानंद कांशी के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने मंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी एवं पशु चिकित्सा सेवा नियमावली 2024 को अधिसूचित कराए जाने पर हर्ष प्रकट किया। मंत्री ने कहा कि इस कार्य से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा के क्षेत्र में झारखंड में नई ऊर्जा का संचार होगा। संघ की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा होते देखना उनके लिए खुशी की बात है। बताया कि विधायक रहते इस कार्य के लिए उन्होंने सार्थक प्रयास किया था। प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सरकार अधिकारी व कर्मचारियों के लिए संवेदनशील सोच के साथ लगातार काम कर रही है। संगठन की ओर से नियमावली अधिसूचित किए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दकी, निदेशक किरण पासी व झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन का भी आभार प्रकट किया गया। प्रतिनिधियों में डॉ अंशु रजनी टोप्पो, डॉ अजय गुप्ता, डॉ चूमनु तिर्की समेत अन्य शामिल थे।

### 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** किशोरगंज में छापेमारी कर पुलिस ने सन्नी कुमार राय और प्रदीप यादव उर्फ चिक्कू यादव को 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गुरुवार को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। सन्नी न्यू मधुकम में चूना भट्ठा और प्रदीप इरगूटोली के भवानीनगर का रहने वाला है। केस दर्ज कर दोनों को शुक्रवार को होटवार जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार नशे की तस्करी की सूचना पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व टीम ने किशोरगंज में छापेमारी की। इसी बीच पुलिस को देखकर बाइक सवार दो युवक भागने लगे, लेकिन जवानों ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। दोनों की तलाशी ली गई तो क्रमशः 28 और 12 पुड़िया ब्राउन शुगर मिली। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्हें विद्यानगर रोड नंबर दो निवासी कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय ने नशीला पदार्थ दिया दिया था। वे इसे नशा करने वाले युवाओं को बेचने वाले थे। पुलिस के अनुसार, दोनों शहर में नशे का धंधा करने वाले संगठित गिरोह के पैडलर हैं।

### अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों को सील करें अधिकारीः उपायुक्त

**खूंटी।** समाहरणालय खूंटी स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी तथा क्लिनिकल एस्टैब्लिसमेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के पश्चात संबंधित अधिारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी अल्ट्रा साउण्ड क्लिनिकों का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लिनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी प्रावधान के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। निबंधित अल्ट्रा साउण्ड क्लिनिक तथा नवीकरण की चर्चा के दौरान उपायुक्त द्वारा उक्त क्लिनिकों का प्रखंड स्तरीय टीम का गठन कर नियमित जाच करने का निर्देश दिया। साथ हीं बिना निबंधन के संचालित क्लिनिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील करने का निर्देश डीसी ने दिया।

---

### मंत्री शिल्पी ने शिबू सोरेन व रूपी सोरेन से की मुलाकता, लिया आशीर्वाद



रांची। झारखण्ड सरकार की नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान सोरेन दंपति ने शिल्पी नेहा तिर्की को राज्य के लोगों की खुशी और उनके हित में समर्पित होकर काम करने को कहा। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखण्ड अलग प्रदेश के निर्माता और बेहद अनुभवी होने के साथ-साथ झारखण्ड की हर जरूरत और आकांक्षाओं को गहराई तक समझने वाले शिबू सोरेन का आशीर्वाद और रूपी सोरेन द्वारा उन्हें दिया गया। आशीर्वाद उनके लिए हमेशा बहुमूल्य है। यह आशीर्वाद उनके दिल-दिमाग में हमेशा धरोहर के रूप में सुरक्षित और संरक्षित रहेगा।

### कल्पना सोरेन से मिल लोगों ने दी शुभकामनाएं



**रांची।** विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

---

मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा की जरूरत : सविता उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के लापुंग स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 32 बच्चों के बीच गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। मुखिया सविता उरांव ने आंगनबाड़ी सेविका सीमा कुमारी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया सविता उरांव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ अच्छी शिक्षा की भी जरूरत है। स्वेटर के साथ साथ जुता मोजा और टोपी की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि सापुकेरा पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर का वितरण जल्द से जल्द होना चाहिए ताकि समय रहते बच्चों को स्वेटर मिल जाय और उन्हें ढंड से राहत मिल सके। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सीमा देवी ने कहा कि लापुंग के आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार की ओर से बहुत अच्छी-खासी सुविधा मिल रही है। इस मौके पर आंगनबाड़ी की सहायिका फूलमणी बरला, नीमनवती देवी, उषा स्वांसी, मानो देवी, रीना कुमारी, सरोज मुंडा, कृष्णा नाग सहित दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे।

---

## शोषितों व वंचितों के उत्थान में बाबा साहेब का योगदान प्रेरणादायक : सकलदीप



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में शुक्रवार को भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव आंबेदकर की 69वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि बाबा साहेब एक लोकप्रिय समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ तथा संविधान निमार्ता थे। एक दलित परिवार में जन्म लेने के कारण उनको समाज तथा स्कूल में छुआछूत का सामना करना पड़ा। उसके बावजूद अपनी पढ़ाई के बल पर उनके पास 32 डिग्रियां थीं। साथ ही वे नौ भाषाओं के ज्ञाता थे। मरणोपरांत उन्हें भारतरत्न से भी सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को उनके जीवन को आत्मसात करते हुए बेहतर शिक्षा ग्रहण कर देश का नाम रोशन करना चाहिए। शोषित और वंचितों के उत्थान में डॉ आंबेदकर का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर शिक्षिका सावित्री और रिया के साथ सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

---

## खूंटी क्रिकेट अकादमी ने वीर बिरसा क्रिकेट अकादमी को नौ विकेट से हराया



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** जिला क्रिकेट एसोसिएशन खूंटी के तत्वावधान में आयोजित ए डिविजन क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में शुक्रवार को खूंटी क्रिकेट एकेडमी और वीर बिरसा क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। इसमें खूंटी क्रिकेट एकेडमी ने नौ विकेट से मैच जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वीर बिरसा क्रिकेट अकादमी 114 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसमें श्रवण कुमार ने सर्वाधिक 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि अमर कुमार ने 20 और सुमित कुमार ने 12 रनों का योगदान दिया। बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। गेंदबाजी में खूंटी क्रिकेट एकेडमी की ओर से अभिषेक शाहदेव ने पांच और सतीश मुंडा ने तीन विकेट झटक कर वीर बिस्सा क्रिकेट अकादमी को सस्ते में समेट लिया। इनके अलावा रूपेश लिंडा ने भी एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने महज 11.2 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 115 रन बना लिए। खूंटी क्रिकेट अकादमी की ओर से सत्यम कुमार ने नाबाद 78 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि मनीष कुमार ने भी 25 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच में अपनी घातक गेंदबाजी से पांच विकेट झटकने वाले विजेता टीम के अभिषेक शाहदेव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

---

## एनयूएसआरएल में जेल मैनुअल में सुधार पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रांची (एनयूएसआरएल) के सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड सबऑल्टर्न स्टडीज की ओर से 76वें मानवाधिकार घोषणा-पत्र, की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक चर्चा का आयोजन किया गया। इसका विषय था- जेल के भीतर, दोष से परेः विचाराधीन कैदियों की वास्तविकता। अध्यक्षता कुलपति प्रो अशोक आर पाटिल ने की। इसमें जेलों की स्थिति, विचाराधीन कैदियों को दी जानेवाली कानूनी सहायता और उनके मानवाधिकारों की सुरक्षा जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पैनल के वक्ता थे- हमीद अख्तर (एआईजी जेल, झारखंड), डॉ पीएम टोनी (निदेशक, बगीचा, नामकुम), शशि सागर वर्मा (महासचिव, पीयूसीएल, रांची), शैलेश पोद्दार (अधिवक्ता, झारखंड हाई कोर्ट), अपूर्वा विवेक (अधिवक्ता, झारखंड हाई कोर्ट व संस्थापक, हाशिया)। चर्चा का समन्वय रामचंद्र उरांव और दीपाशी स्वरा ने किया। कुलपति प्रो अशोक आर पाटिल ने कहा कि विश्वविद्यालय, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे राज्यों की सरकारों और एनजीओ के साथ मिलकर कैदियों के लिए कानूनी सुविधाओं और मानवाधिकारों में सुधार के लिए काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में भी इस दिशा में प्रयास जारी है, जिसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय राज्य सरकार और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ मिलकर जल्द ही इस क्षेत्र में कार्य आरंभ करेगा। हमीद अख्तर ने झारखंड गठन से पहले जेलों की स्थिति को बताया। उन्होंने रांची जेल का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां 10 लोगों के लिए व्यवस्था थी, वहां 100 कैदियों को रखा जाता था। इस कारण कैदियों को बारी-बारी से सोना पड़ता था। उन्होंने मौजूदा स्थिति में सुधार का जिक्र करते हुए सुधार की दिशा में और प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ पीएम टोनी ने बिरसा मुंडा जेल में आदिवासी और दलित कैदियों की स्थिति पर अपने शोध प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि 18 से 40 वर्ष के बीच के अधिकांश कैदी आदिवासी समुदायों से हैं, जो अपने परिवारों के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं और जिन पर माओवादी समर्थक होने के आरोप लगाए गए हैं।

---

## समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने शुक्रवार को मुरहू प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, टीकाकरण, साफ-सफाई और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों पर उपलब्ध पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बच्चों को समय पर पोषक तत्व युक्त भोजन मिले। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी ली और उन्हें जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना जरुरी है।

---

## सब जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप आज से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के द्वारा आयोजित सब जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2024 शनिवार से मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खेल गांव रांची में होगा। झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 350 कराटे प्लेयर्स भाग ले रहे है। इस चैम्पियनशिप में 14 वर्ष तक के विभिन्न वर्गों में बालक एवं बालिकाऐं भाग लेंगी। शनिवार को 11 वर्ष,12 वर्ष एवं 13 वर्ष के कराटे प्लेयर्स का इवेंट होगा एवं 8 दिसम्बर को 7 वर्ष,8 वर्ष 9 एवं 10 का इवेंट होगा। 11 वर्ष से 14 वर्ष तक के प्लेयर्स को शनिवार सुबह 8.30 बजे प्रतियोगियों स्थल पर रिपोटिंग करेंगे। चैम्पियनशिप वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियम के तहत कराया जायेगा। इवेंट कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन के झारखण्ड के रेफरी एवं जज द्वारा कराया जायेगा। चैम्पियनशिप को संचालन में एसकेएजे के सीईओ सेंसाईं केके सिंह, अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा, एशियन रेफरी सचिव सेंसाईं हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सेंसेई उदय कुमार, ज्वाइंट सचिव शिहान शशि पांडे एवम् राष्ट्रीय कराटे कोच शिहान रंजीत योगदान देंगे। विशेष जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9835164653 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### नहीं है पक्की सड़क, पुल नहीं रहने से बरसात में बन जाता है टापू

**कोडरमा।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत जरगा पंचायत के चार गांवों में पहुंचने के लिए दो नदी और जर्जर, संकीर्ण कच्चा रोड से होकर ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है। इस पंचायत के इन चार गांवों बिशुनपुर, झरखी, सपहा और गोबरदहा में लगभग 15 सौ लोग उबड़-खाबड़ और कच्ची सड़क से जिला मुख्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। चारों ओर पहाडों, जंगलों और नदियों से घिरा और झारखंड-बिहार सीमांत क्षेत्र पर बसी इस पंचायत में पक्की सड़क भी नहीं है। हसुआधारण से जरगा गांव तक पांच वर्ष पहले गिट्टी मोरम की ग्रेड वन सड़क बनाई गई थी। पांच वर्ष में इस सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गिट्टी निकल आयी है। साथ ही बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है।

### प्रधान जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर की बैठक

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग बैठक हुई। अध्यक्षता प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी ने की। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में जरूरी पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में मदद होती है,तो दूसरी ओर कोर्ट से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने,उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की।

### सुगासांख से हीरोडीह सड़क पर निकले पत्थर दे रहे हैं हादसे को न्योता

**जयनगर।** प्रखंड के सुगासांख से हीरोडीह रेलवे फाटक तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गया है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गया है और सड़क पर नोकिले पत्थर निकल आए हैं। इससे राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस सड़क से सुगासांख, कुशाहन, करियावां, बाराडीह, डहुआटोल रेभनाडीह हीरोडीह समेत दर्जनों गांवों को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने के साथ रेल यात्रा के लिए हीरोडीह व कोडरमा रेलवे स्टेशन जाने वाले के लिए महत्वपूर्ण सड़क है। सड़क जर्जर होने से स्कूली बच्चों को भी आने, ले जाने वाली स्कूल बस भी नहीं पहुंच रही है। इस सड़क का निर्माण डेढ़ दशक पहले हुई थी। उसके बाद से मरम्मत कार्य भी नहीं होने से परेशानी बढ़ी है।

युवक का अपहरण कर अपराधियों ने मांगी फिरौती

# युवक की हुई सकुशल रिहाई, एक अभियुक्त गिरफ्तार, एक हुआ फरार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ एसपी अजय कुमार द्वारा 6 दिसंबर को प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि 5 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली कि रामगढ़ बस स्टैंड से एक युवक का अपहरण कर पैसों की मांग की जा रह थी पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। एसपी रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहत युवक की स-कुशल बरामदगी के लिए एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम (एसआइटी) का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि गठित (एसआइटी) टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए हजारीबाग लोहसिंघना मैदान के पास पुलिस टीम पहुंची तो मैदान से दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मो० अशफाक उर्फ राजू उम्र 32 वर्ष पिता मो० कमरूद्दीन, पता-गोदखर रोड, पेलावल थाना-कटकम सांडी (पेलावल), जिला-हजारीबाग बताया। पकड़े गए व्यक्ति से भागने वाले व्यक्ति के बारे में पूछताछ किया तो उसक नाम तौसिफ जावेद, उम्र 31 वर्ष, पिता जावेद इजहार, पता-कल्लु चौक, थाना-लोहसिंघना, जिला-हजारीबाग बताया। पकड़े गए व्यक्ति से सख्ती से भागने का कारण पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि एक युवक अनिल कुमार को रामगढ़ बस स्टैण्ड से अपहरण कर लोहसिंघना मैदान, हजारीबाग में पड़ा कबाड़ बस में रखे हुए है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा कबाड़ बस से अपहत अनिल कुमार को हाथ बंधे हालत में पाया गया जिसे स-कुशल बरामद किया गया।

**घटनास्थल से पुलिस ने किया सामान बरामद**


अपहत अनिल कुमार को अपहरण करने के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति मो० अशफाक उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया एवं घटनास्थल पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा साईन मोटरसाईकिल नं० जेएच02बीडी-2981, अपहत अनिल कुमार का मोबाईल फोन, हाथ बांधने में उपयोग किया गया मफलर को जब्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड सं0 377/2024, दिनांक-06.12.2024 धारा-140/142/61 भा०न्या०सं० दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फरार अभियुक्त को पकड़ने के लिए विरूद्ध छापामारी की जा रही है। बरामद सामान : होंडा एसपी साईन मोटरसाईकिल नं० - जेएच02बीडी-2981, अपहत का पोक्को एफ 6 प्रो मोबाईल फोन, भूरे रंग का मफलर। छापामारी दल में शामिल एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि सुमंत कुमार राय, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी / 23 निकेत कुमार, आरक्षी / 364 गोराई महतों आदि शामिल थे।

### ट्रैक पार करने के लिए कंधों पर अर्थी लेकर घंटों करना पड़ता है इंतजार

**जयनगर।** धनबाद-गया रेलखंड के बीच हीरोडीह रेलवे स्टेशन के बगल रेभनाडीह के समीप रेल अंडरपास या ओवर ब्रिज नहीं होने से ग्रामीणों को दाह संस्कार के लिए शव की अर्थी को रेल ट्रैक पार करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। रेल ट्रैक पर ट्रेन खड़ी रहने से आने-जाने में असुविधा होती है। लोग शव के अर्थी को अपने कंधों पर रखकर ट्रेन पार करने का इंतजार में खड़े रहते हैं। ट्रेन पार होने पर हीं लोग शव के अर्थी लेकर रेल ट्रैक पार कर श्मसान घाट जाते हैं। गुरुवार को एक व्यक्ति कि मृत्यु होने पर शव के अर्थी को श्मसान घाट ले जाने के दौरान डाउन लाइन पर एक ट्रेन खड़ी थी। वहीं अपलाइन में एक ट्रेन गुजर रही थी, जिससे कई मिनट तक लोगों ने अर्थी को अपने कंधों पर रखकर ट्रेन गुजरने का इंतजार करते रहे। जानकारी के अनुसार रेभनाडीह रेल ट्रैक के दोनों छोर गांव बसा हुआ है। और श्मसान घाट गांव दक्षिण में रहने से यह समस्या हमेशा बनी रहती है।

## न्यूज | बॉक्स

### 31 दिसंबर तक सभी कार्डधारियों को ई केवाईसी करवाना अनिवार्य




**बरही ।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक सुरक्षित राशन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग ने सभी कार्ड धारी का ई केवाईसी करवाने का निर्देश जारी किया है. इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय से भी पत्र जारी किए जा चुके हैं. जानकारी के अनुसार ई केवाईसी के लिए कोई भी किसी भी राज्य के कोई भी लाभुक राशन कार्ड नंबर के साथ किसी भी पीडीएस दुकानदार से संपर्क कर ई केवाईसी करवा सकते है, जो पूर्णतः निःशुल्क है. विभाग ने ई पॉस मशीन में ई केवाईसी के लिए ऑप्शन खोल रखे हैं. इसके लिए कार्ड में शामिल मुखिया सहित सभी सदस्यों को अपने नजदीकी डीलर के पास जाकर बायोमेट्रिक निशान देना होगा. इस कार्य की मॉनिटरिंग प्रखंड आपूर्ति अधिकारी को करना है. इधर पीडीएस दुकानदारों ने बताया कि सर्वर की स्थिति सही नही है, इस कारण ई केवाईसी की तिथि बढ़ाई जानी चाहिए.

### भारतीय संविधान निर्माताओं में से प्रमुख थे डॉ.भीमराव अंबेडकर : केशव महतो कमलेश



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारतीय संविधान के निमार्ताओं में प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर की 67 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि दलितों के उद्धारक भारतीय संविधान के निमार्ताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव अंबेडकर ने समाज सुधार और समाज के संगठन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था। पददलितों को उनके आधिकार का न्याय अधिकार का स्मरण दिलाकर उनमें आत्मविश्वास भरा। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा दी। स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव राज्य सभा के सदस्य धीरज साहु पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रताप देव प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, राज के जिला अध्यक्ष उदय साव के शोक सम्पत परिवारों से मिलकर संतवाना दिया और कहा कि इस संबंध में वरीय पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की बात कही ।

### याद किए गए डॉ भीमराव अंबेडकर स्कूलों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**बरही।** मलकोको स्थित डॉ बी आर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल में भारतीय संविधान के वास्तुकार और जनक डॉ भीम राव अंबेदकर के 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य गुलाब कुमार दास सहित उपस्थित शिक्षकों ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया. बच्चों को बताते हुए प्राचार्य श्री दास ने बताया कि भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब ने जाति प्रथा, छुआछूत जैसे कुप्रथाओं के घोर विरोधी और समतामूलक समाज के प्रबल समर्थक थे. उन्होंने संविधान में भी इस विषय कर कई अनुसूचियां और नियम बनाए. इसी का प्रतिफल है कि आज गरीब व पिछड़ा वर्ग भी समान अधिकार के लिए संघर्षशील है. 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्म और 6 दिसंबर 1956 को महापरिनिर्वाण हुआ था. अपने 65 वर्ष के उम्र में उन्होंने कई जिल्लतें झेली जिसका न्याय पूर्वक लड़ने का काम किया. आजाद भारत में उन्हे देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया. बाबा साहब की मृत्यु के पीछे उनकी दूसरी पत्नी की हत्या का आरोप भी लगाया गया था. उन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार किया था. इस कारण उनकी मृत्यु को महापरिनिर्वाण के रूप में मनाया जाता है. मरणोपरांत उन्हे भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया.

## प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रमुख ने किया किसानों के बीच बीजों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रमुख रेणु देवी ने किसानों के बीच बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत रबी फसल बीज का वितरण किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिंताहरण पाठक समेत अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर चेचकपी, तूईयो और शिलाडीह के लगभग 150 किसानों के बीच गेहूं, मक्का, सरसों, मसूर और चना आदि बीज की वितरण की गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों के लिए उत्तम किस्म कि बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि अच्छा पैदावार कर सकें। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए बचनबद्ध है। मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, राजाराम मांझी, बिरेंद्र मेहता समेत आदि किसान उपस्थित थे।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

# भारी वाहनों से लाखों रुपये की हुई वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार एवं शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग आदि के साथ -साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, गुरुवार एवं शुक्रवार को जांच के दौरान कुल 40 से 42 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमें लगभग कुल 443554 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण लगभाग 443554 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें।

सदर विधायक ने सब्जी मंडी का किया औचक निरीक्षण, कहा

## व्यापारियों की समस्याओं का होगा तुरंत समाधान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को निरीक्षण के बाद, उन्होंने शुक्रवार को पुनः सुबह करीब 6:00 बजे औचक रूप से सब्जी मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुनते हुए त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाए। विधायक ने मंडी क्षेत्र में सफाई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और नगर निगम के कर्मचारियों को सफाई कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सफाई कार्य पूरी तरह से प्रारंभ हो गया। इसके अलावा, मंडी क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए चापाकल लगाने की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू की जाएगी। सब्जी मंडी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को लेकर विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया। गुरुवार देर रात्रि को संबंधित अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाएगा ताकि व्यापारियों और ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक ने महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए सब्जी मंडी में बने सार्वजनिक शौचालय को निशुल्क कर दिया है। यह कदम महिलाओं की स्वच्छता और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। मंडी के बाहर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नगर निगम के साथ विधायक ने गहन चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी के आसपास अव्यवस्थित वाहनों की पार्किंग और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सब्जी मंडी क्षेत्र में व्यापारियों और ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सफाई, पानी, बिजली, और यातायात जैसे मुद्दों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

*महिलाओं के लिए शौचालय निशुल्क, बिजली व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने किया निरीक्षण, कार्य होगा जल्द प्रारंभ*

विधायक आज करेंगे यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अभियान की शुरूआत

## यक्ष्मा लाईलाज नहीं जागरूकता से किया जा सकता है निदान : डॉ ज्ञानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

यक्ष्मा उन्मूलन के लेकर बरही प्रखंड में शनिवार को यक्ष्मा 100 डेज अभियान की शुरूआत होगी. जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव अनुमंडलीय अस्पताल से करेंगे. उक्त जानकारी बीपीएम नारायण राम ने दी. उन्होंने बताया कि उन्मूलन अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए शुक्रवार को उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे सहिया, एएनएम और स्वास्थ्यकर्मियों को यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर जानकारियां दी गई. डॉ ज्ञानी ने बताया कि यक्ष्मा को छुआछूत या लाईलाज नहीं बीमारी नही है. इसे दूर करने के लिए जागरूकता और सावधानियां आवश्यक है. इसके लिए सभी सरकारी अस्पताल में मुफ्त दवाइयां और इलाज किए जा रहे है. प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने यक्ष्मा रोगियों की पहचान और उसके प्राथमिक इलाज इत्यादि की जानकारी दी. साथ ही इस कार्यक्रम का हर एक पंचायत में प्रचार प्रसार कर यक्ष्मा पीड़ितों को पहचान और इलाज पर जोर दिया.

भीम आर्मी के सदस्यों ने बाबा साहेब के 68 वीं परिनिर्वाण दिवस मनाया

# समाज के उत्थान और प्रगति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया : जिप सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

भीम आर्मी भारत एकता मिशन प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सदस्यों ने शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 68 वीं परिनिर्वाण दिवस के मौके पर पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास व संचालन अर्जुन तुरी ने किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व कैंडल जलाकर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए चंदवारा जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने समाज के उत्थान और प्रगति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया । उन्होंने पिछड़े , शोषितों और पीड़ितो के हक और अधिकार के लिए हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी हौंसला नहीं हारे और अंततः उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे विशाल संविधान निर्मित करके दिया। जिसके तहत लोगों के हितों की रक्षा हो रही है। वहीं मौके पर उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद रविदास ने कहा कि बाबा साहब हमेशा शोषितों की दशा और दिशा को लेकर लिए चिंतित रहते थे ।उन्होंने बताया कि रात रात भर जाग कर समाज को जगाने और और उन्हें उनका हक और अधिकार दिलाने का काम उन्होंने किया। मौके पर उपस्थित भीम आर्मी जिला सचिव बच्चन देव कुमार दास छोटी लाल रविदास, छोटी रविदास, दिनेश दास, विश्वनाथ दास, भुवनेश्वर दास, सुंदर दास आनंद पांडेय संजय रविदास सुनील रविदास मनी पासवान, निर्मल दास, सोनू दास, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में गड़बड़ी को लेकर उप प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

पंचायत प्रमुख बीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र 1 और 2, अमृत नगर और शेखा आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक पाई गई। केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र में 11:30 बजे तक एक भी बच्चा मौजूद नहीं था, जबकि बाकी केंद्रों में रजिस्ट्रार का सही तरीके से रखरखाव नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही, शेखा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। वहां की पठन-पाठन व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरिया और चंदवार तथा पशुपालन विभाग चंदवार का निरीक्षण किया गया। जांच में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आईं, और पशुपालन विभाग में नियमित कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, खाता संचालन में भी खामियां पाई गईं। प्रमुख बीना देवी ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

'पोषण भी पढ़ाई भी' ईसीसीई नई पाठयक्रम की रूपरेखा पर दिया जायेगा प्रशिक्षण

# 600 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित देने का लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

ईसीसीई नई पाठयक्रम की रूपरेखा विषयक पर 02 से 21 सितंबर तक सुबह 10 से 5 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन सूचना भवन, हजारीबाग में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा किया गया है। प्रत्येक 6 बैच में 100-100 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें कुल 600 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जाना है। प्रांरभिक बचपन की शिक्षा एवं पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण भी पढ़ाई भी अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्कूल पूर्व शिक्षा के दौरान तमाम जानकारियां प्रदान की जा रही है, जैसे सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप्प में लाभुकों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि, आधार सत्यापन, आधारभूत संरचना की प्रविष्टि, कम जगह में पोषण वाटिका का निर्माण, केन्द्रों की साफ-सफाई, बच्चों के प्रारंभिक बाल्यवस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने में उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर निपसीड, लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत शून्य से 6 वर्ष वर्ग तक के बच्चें को केन्द्रित किया जा रहा है। अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव विकसित बुनियादी तौर पर किये जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गई है। इसके लिए बेहत्तर बुनियादी ढ़ांचे के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों को भी से ब्रांडिग करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सहायकों को बाल देखभाल कार्यकर्ताओं के रूप में नामित करना, तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए शिशु गृह सुविधाएँ प्रदान करना, विभिन्न मॉडलों में एक सामान्य पाठ्यक्रम विकसित करना और बच्चे की मातृभाषा में शिक्षा पर जोर दिया जाना है। साथ ही बताना है कि आंगनबाडी केन्द्र बाल दखभाल सुविधओं के अलावा सरकार और ग्रामीण समुदायों के बीच एक आवश्यक कड़ी के रूप में काम करती है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को इससे जोड़ा गया है। आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से गावों में रहनेवाली महिलाओं और बच्चों को मौलिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और प्रांरभिक बचपन की शिक्षा सेवाएं प्रदान करना है।

## एक नजर

### अघन पंचमी पर दो दिवसीय जतरा महोत्सव आज से

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में अघन पंचमी के मौके पर आयोजित होने वाली प्राचीन ऐतिहासिक दो दिवसीय जतरा मेला का शनिवार से शुरूआत होगी ।दिन के 11:00 बजे मेले का उद्घाटन के पश्चात मेले का शुरूआत होगी जहां पर बिजली झूला, ब्रेक डांस ,ड्रैगन बच्चों के लिए वाटर नाव, जंपिंग, मिकी माउस, सहित खिलौने, मिठाई बर्तन ,कपड़े सहित अलग-अलग प्रकार के दूर-दूर से झारखंड के अलग-अलग जगह से आए हुए दुकान सज कर तैयार हो गई है। समिति के अध्यक्ष कुबेर कैथवार ने बताया कि रविवार को भी भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा । वहीं रविवार रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### वाहन चेकिंग अभियान में वसूला गया 92 हजार जुर्माना

**ठेठईटांगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला के निर्देश पर शुक्रवार को परिवहन विभाग ने थाना क्षेत्र के बोलबा मोड़ के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।चेकिंग अभियान में दो पहिया, चार पहिया,मालवाहक एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई।जांच के दौरान वाहनों के कागजात अधूरे पाए जाने एवं बगैर हेलमेट-ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालों पर कुल 92,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।इस दौरान वाहनों के। फिटनेस, इन्सुरेंस, टैक्स, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि कागजातों की जांच की गई। मौके पर सभी चालकों को वैध कागजातों के वाहन चलाने का निर्देश दिया गया।साथ ही दो पहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट एवं डीएल के वाहन ना चलाने का निर्देश दिया गया।

### मासिक गुरु गोष्ठी से शिशु पंजी अद्यतीकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सरकारी व अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरूगोष्ठी सह शिशु पंजी अद्यतीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बीपीओ जया रश्मि के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान स्कूल स्तर पर किये जाने वाले शिशु पंजी सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। और सभी शिक्षकों को घर घर जाकर हाउसहोल्ड सर्वे करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पोशाक वितरण पर स्कूलवार समीक्षा की एवं 15 दिसम्बर तक शतप्रतिशत बच्चों को पोशाक उपलब्ध कराने का आवश्यक निर्देश दिया। एमआइएस प्रेम प्रकाश के द्वारा अपार आईडी एवं यूडाइस संबंधित विषय पर डिस्प्ले बोर्ड में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर बीआरपी,सीआरपी,शिक्षकगण उपस्थित थे।

### मुखिया सुमन कुमार ने 22 छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

**बरकट्टा।** पंचायत झुरझुरी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरेज में मुखिया सुमन कुमार और झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने 22 स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया।वहीं मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि अबुआ सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हेमंत सरकार में उन्नति का पहिया साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय सकरेज में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत सत्र-2024-25 के सभी विद्यार्थियों को साइकिल दिया गया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, राजेश्वर प्रसाद, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद दास, जीतू मांझी, संयोजिका मालवा देवी, सदस्य संजय यादव, संतोष मुर्मू, विजय कुमार दास, अनिल दास समेत शिक्षका कुंती देवी उपस्थित थे।

## कृषि विभाग ने किसानों के बीच मक्का व सरसों के बीजों का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड कार्यालय के नजदीक कृषि विभाग के द्वारा किसानों के बीच शुक्रवार को मक्का एवं सरसों का बीज वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो कारू की उपस्थिति में किसानों के बीच में मक्का एवं सरसों का बीज वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के विकास और समृद्धि के लिए महागठबंधन की सरकार प्रतिबद्ध है।अनुदान में दिए जा रहे बीज का उपयोग कर सभी किसान बेहतर ढंग से खेती करें और इसका लाभ उठाएं। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि क्षेत्र के सभी लोग खेती-बाड़ी में जुट जाए तो हमारी अबसे बड़ी समस्या पलायन स्वतः समाप्त हो जाएगी। हमलोग वर्तमान में केवल बरसात में ही खेती करते है, इस मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। साग-सब्जी के अलावा अन्य कई खाद्य पदार्थों की खेती करने से हमारे क्षेत्र के अधिकतर लोगों को स्वरोजगार मिल सकेगा। उन्होंने सभी किसानों को बेहतर ढंग से खेती करने और खेती हेतु दिए गए प्रशिक्षण का उपयोग करने की बात कही। इस दौरान मौके पर सुनील केरकेट्टा नमजन बूढ़ नितरेन बूढ़ सुशील मिंज, प्रदीप बिलुंग के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सदर अस्पताल में हुई बैठक

## फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर चलेगा रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम : सिविल सर्जन

*जिले के शहरी क्षेत्र के अलावे बोलबा, ठेठईटांगर और बानो प्रखंड के तीन चिंहित स्थानों में यह अभियान चलाया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सदर अस्पताल स्थित हॉल सभागार में शुक्रवार को अतिरिक्त फाइक्रो फाईलेरिया सर्वे कार्यक्रम के तहत सीएस डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। सदर अस्पताल स्थित हॉल सभागार में आयोजित बैठक में सीएस डॉ रामदेव पासवान ने नाईट ब्लड सर्वे अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया के जीवाणु व्यक्ति के खून में रात के समय ही सक्रिय होता है। लेकिन रात के समय खून जांच कर फाईलेरिया बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि अभियान को लेकर अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम करें। लोगों को अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने एवं फाईलेरिया बीमारी के रोकथाम के लिए खून जांच करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता को लेकर शनिवार से ही अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाएं। ताकि अधिक से अधिक लोग खून जांच करवाने के लिए आगे आएं। सीएस ने फाईलेरिया बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करने का भी निर्देश दिया। मौके पर मलेरिया सलाहकार सुशांत कुमार बताया के जिले के शहरी क्षेत्र के अलावे बोलबा, ठेठईटांगर और बानो प्रखंड के तीन तीन चिंहित स्थानों में यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत हर चिंहित स्थान से कुल 300-300 लोगों का रक्त पट्ट संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर हर साईट में दो एम्पीडब्ल्यू, एक एएनएम एवं एक सहिया को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावे एमटीएस आदि को भी जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### आदिवासी छात्र संघ ने सिमडेगा कॉलेज के नए प्राचार्य से की शिष्टाचार भेंट



**सिमडेगा।** आदिवासी छात्र संघ के जिला समिति सिमडेगा के द्वारा शुक्रवार को सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के नये प्रभारी प्राचार्य प्रो देवराज प्रसाद से शिष्टाचार भेंट की इस क्रम में संघ के सदस्यों ने कॉलेज की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। छात्र संघ के आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ,सचिव अनमोल तिर्की, उपाध्यक्ष अमन नियेल सोरेंग, मीडिया प्रभारी ब्रीसियूस सोरेंग एवम संरक्षक प्रदीप टोप्पो ने कॉलेज के शिक्षा व्यवस्था, समस्या एवं विकास को लेकर चर्चा की। नये प्राचार्य ने आश्वासन देते हुए कहा की जितनी भी समस्याएं हैं, प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जायेगा एवं सिमडेगा कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का काम करेंगे।

### मंजू तिर्की के परिजनों से मिले विधायक भूषण बाड़ा, हर संभव सहयोग करने का दिया भरोसा



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को तामड़ा पंचायत के रासाटोली गांव पहुंचे दिवंगत महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष स्व. मंजू तिर्की के आवास पर उनके परिवार वालों से मुलाकात की। साथ ही इस दुःख की घड़ी में परिजनों से मुलाकात कर हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। उन्होंने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं स्व मंजू तिर्की के चार बेटियां और एक बेटा से मुलाकात कर उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। मौके पर जिप सदस्य पाकरटाड़ जोसिमा खाखा,उप प्रमुख सह 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार,विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन,पंचायत अध्यक्ष संदीप तिग्गा,महिला पंचायत अध्यक्ष संगीता डुंगडुंग,वार्ड सदस्य करिश्मा बागे,अनूप मिंज,प्रबोध मिंज,उर्मिला केरकेट्टा,वरदान तिर्की,आदि परिवार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### बानो प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर तीखा मोड़, दुर्घटनाओं में हुई बढ़ोत्तरी



**बानो।** बानो प्रखण्ड मुख्यालय से होकर गुजरने वाली एनएच 320 जी में जगह जगह तीखा मोड़ होने के कारण दुर्घटना जोन बनता जा रहा है। जराकेल के पास तीखा मोड़ होने के कारण कई बार छोटे बड़े वाहन सीधे रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ते हैं। सामने कई फिट खड्डा के बाद ट्रेन लाइन है। स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक धोखा खा जाते हैं।इस मार्ग से गुजरने वाले नए वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।वाहन चालक अच्छी सड़क होने के कारण तेज गति से चलते हैं।..परन्तु तीखा मोड़ होने के कारण दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। बानो बेल करघा के पास तीखा मोड़, बेडाहोंजेर के पास का तीखा मोड़, बांकी नदी के दोनों किनारे का तीखा मोड़, गोर्रा के पास का तीखा मोड़ के साथ साथ ढलान होने के कारण अक्सर वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं।मालूम हो कि कुछ माह पूर्व ही बांकी नदी के पुल में नियंत्रण खो देने से बानो के दो युवा मजदूर की मौत हो गई थी।सड़क के किनारे बड़े बड़े पेड़ो होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।इस समय कोलेबिरा -बानो- मनोहर पुर पथ का चौड़ीकरण का कार्य चल रही है।यदि सड़क का चौड़ीकरण के साथ तीखा मोड़ को कम कर सड़क का निर्माण हो ,सड़क से सटे बड़े पेड़ो को हटाकर सड़क निर्माण हो ।साथ ही उकौली, बेड़ाहोंजर, साउबेडा आदि जगहों पर सड़क किनारे सूखे पेड़ वर्षो से खड़ा है। जो कभी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

### यक्ष्मा उन्मूलन के लिए राज्य के चार जिलों का हुआ चयन

# सदर अस्पताल से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की आज होगी शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत 07 दिसंबर 2024 से की जाएगी। जिसका शुभारंभ सदर अस्पताल में की जायगी। यह आयोजन 18 मार्च 2025 तक चलेगा। इसको लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के लिए राज्य के चार जिलों का चयन किया गया जिसमें सिमडेगा जिला भी शामिल हैं। इस 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करते हुए सिमडेगा जिला को टी.बी. मुक्त बनाने हैं। उन्होंने कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त जांच सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी,में तथा एक्सरे की व्यवस्था व उपचार एवं निक्षय पोषण योजना, टीबी मुक्त पंचायत इत्यादि के अलावा अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से सभी टीबी रोगियों को जोड़ने तथा लोगों में जागरूकता लाने को कहा। यह अभियान 100 दिन तक चलेगा जिसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत जिला, खंड स्तर पंचायत पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जाएगा। निक्षय वाहनों को भी पूरे जिले में चलाया जाएगा, जो ग्रामीण स्तर तक के लोगों को क्षय रोग के बारे में बताया जाएगा, साथ-साथ परीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के लिए एक्स-रे मशीन, और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं ताकि लक्ष्यीकरण को कवर किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन-आंदोलन बनाने के अभियान में लोगों में क्षय रोग के बारे में जागरूकता लाना आवश्यक है।

### विधिक सेवा इकाई समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सिमडेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए गठित विधिक सेवा इकाई समिति सदस्यों के लिए व्यवहार न्यायालय सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। दो दिनों तक चले कार्यशाला में न्यायिक पदाधिकारियों,विधि विशेषज्ञों आदि के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को विधिक सेवाओं के प्रावधान के बारे जानकारी दी। उन्होंने भिखारी गृह,महिला संरक्षण गृह,बाल देखभाल संस्थानों और अन्य संस्थानों में विधिक सेवाओं के बारे बताया। असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने जेल में बंदियों को मिलने वाले विधिक सेवा,सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्राधिकार से मिलने वाली विधिक सहायता के बारे जानकारी दी।

### सिमडेगा गोस्सनर इंटर कॉलेज में विधायक भूषण बाड़ा का हुआ स्वागत



**सिमडेगा।** गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा में शुक्रवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा का स्वागत किया गया। विधायक का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य प्रो शीतल एक्का के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सिमडेगा विधानसभा सीट से दूसरी बार भारी बहुमत के साथ जीतने पर विधायक भूषण बाड़ा को बधाई दी गई। मौके पर विधायक ने भी सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही जीत मिली है। वहीं शीतल एक्का ने कहा कि भूषण बाड़ा के दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने से क्षेत्र के लोगों में काफी उम्मीद जागी है। सिमडेगा विधानसभा विधायक के नेतृत्व में तेजी गति के साथ आगे बढ़ेगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, उर्मिला केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

### रौतिया समाज ने की बैठक, विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा



**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज की सामाजिक बैठक बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र डालियामरचा ग्राम मे आयोजित की गयी।अखिल भारतीय रौतिया समाज की सामाजिक बैठक बानो प्रखंण्ड के सुदूरवर्ती रौतिया क्षेत्र राजस्व गांव डलियामरचा में की गयी।बैठक की अध्यक्षता गांव के रामू सिंह ने की,जिसमें गांव की सामाजिक एकता पर रौतिया सामाज की संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी।गांव की बुनियादी समस्याओं पर गांव स्तर पर समाधान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से बानो रौतिया सामाज के प्रखंण्ड अध्यक्ष महेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे.बैठक में गांव के देवचंन्द सिंह,श्रीनाथ सिंह,रामनाथ सिंह,दशरथ सिंह,फगनी देवी, राजेश सिंह,मुकेश सिंह, तेतरी देवी,कमला देवी,लीलावती देवी,माला देवी,रोपनी देवी, श्रीमती देवी,के आलावा अन्य रौतिया सदस्य गण उपस्थित थे।

### हुरपी हाटिंगहोड़े के पास पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बानो।** बानो प्रखंड के हुरपी हाटिंगहोडे के समीप में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। बानो थाना प्रभारी विकास कुमार निर्देशानुसार एएसआई शंकर बाखला के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दो पहिए और चार पहिए वाहन के कागजात ड्राइविंग लाइसेंस डिक्की आदि की जांच की गयी। बिना हेलमेट पहने वाले लोगों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा दोबारा पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। एएसआइ शंकर बखला ने मोटरसाइकिल चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने को कहा इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर दोबारा नियम उल्लंघन करते हुए पकड़े जाएंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर ली जाएगी। जब भी दो पहिया वाहन चलाये तो हेलमेट का प्रयोग जरूर करें।

### सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में मनी अंबेडकर की पुण्यतिथि

## संविधान को लेकर नुक्कड़ सभा का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में भीमराव अंबेडकर पुण्यतिथि के मौके पर उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बाबा साहेब के दृष्टिकोण उनकी विचारधारा उनका उद्देश्य शोषित ,पीड़ित , दलित समाज का विकास एवम उनके मानव अधिकारों के सजगता , स्वतंत्रता समानता बंधुत्व के प्रति लगाव को अपनाने का वचन लिया एवम उनके मार्ग में चलते हुए श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों को दिलाने का कृतसंकल्प लिया गया। कार्यक्रम पश्चात आगामी 9 दिसंबर से 26 दिसंबर तक संविधान नुक्कड़ सभा आयोजित करने के लिए प्रदेश से निर्देश प्राप्त है जिसको लेकर चर्चा किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे प्रखंड क्षेत्र में होगी और लोगों को संविधान के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक आयोजित की जाएगी ताकि गांव के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी हो और संविधान में मिले उनके हक अधिकारों के बारे में भी उन्हें प्राप्त हो सके वही इसको लेकर रूपरेखा तैयार की गई।इस मौके पर प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, सचिव नॉमिता बा, मनोज जायसवाल, पीसीसी डेलिटेट्स कौशल किशोर रोहिला, जोनसन मिंज, शिशिर मिंज, प्रवक्ता रणधीर रंजन, शशि गुड़िया, रावेल लकड़ा अध्यक्ष सुनील मिंज, अख्तर खान, सिलबेस्टर बघवार, वाल्टर टोप्पो, मनोहर प्रसाद, अजित लकड़ा, अज्जिमुलाह अंसारी, नवीन वीरेन तिर्की, विकास साहू, प्रेम दास, बर्थलोमी तिर्की,नील प्रभा, पूनम एक्का, शशि मिंज, बिनीता तिर्की इत्यादि कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही ।

### जलडेगा के शिक्षकों को शिशु पंजी अद्यतन पर दिया गया प्रशिक्षण

## लीड्स संस्था व सिनी टाटा ट्रस्ट को भी सर्वे करने की मिली जिम्मेवारी



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड सभागार में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में शिशु पंजी अद्यतन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। बैठक में बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी ने कहा कि शिशु पंजी को बाल पंजी भी कहा जाता है। शिशु पंजी का अद्यतन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें बच्चों से संबंधित पंजीकरण रिकॉर्ड को नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष सही, पूर्ण और अद्यतन किया जाता है। यह प्रक्रिया बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभों को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करती है। इस दौरान शिशु पंजी अद्यतन हेतु पोषक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक- एक घर का सर्वे करने से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जेईपीसी, रांची द्वारा शिक्षकों के सहयोग करने और शिशु पंजी अद्यतन के पारदर्शिता लाने के लिए जलडेगा प्रखंड में कार्यरत लीड्स (लाइफ एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सपोर्ट) संस्था एवं सिनी टाटा ट्रस्ट को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने शिक्षकों और संस्था के कर्मियों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। और फील्ड में किसी प्रकार की कोई परेशानी होने पर सीधे उन्हें जानकारी देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यालय प्रधानों को शिशु पंजी का सर्वे फॉर्मेट वितरण किया गया।इस दौरान मुख्य रूप लीड्स संस्था जलडेगा के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, संकुल साधन सेवी भगवती प्रसाद, एमन मास्कल हेरेंज सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी शिक्षक उपस्थित थे।

## सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** शुक्रवार को लीड्स संस्था द्वारा कोनमेरला पंचायत में आयोजित दो दिवसीय सामाजिक संगठन के सदस्य, महिला समूह, जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्राम प्रधानों को गांव के विकास के साथ ही नेतृत्व विकास के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों को पंचायत राज व्यवस्था, ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत की बैठक, ग्राम सभा व ग्राम पंचायत की आठ स्थायी समितियां, ग्राम प्रधान की भूमिका एवं कर्तव्य, विभागीय योजनाएं, ग्राम पंचायत विकास योजना आदि के बारे विस्तार पूर्वक बताया। संस्था की कार्यकर्ता फ्रिस्का केरकेट्टा और सुनीता देवी ने महिला समूह के सदस्यों को आजीविका वृद्धि करने और स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया उन्होंने समूह के दस सूत्रों को पालन करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए गांव के स्कूल और आंगनबाड़ी पर भी विदेश ध्यान देने की बात कही।

## एक नजर

### बरकट्ठा उत्तरी मुखिया ने किया शुद्ध पेयजल नल का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा उतरी पंचायत मुखिया प्रमिला देवी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के बगल में शुद्ध पेयजल नल का उद्घाटन किया। यह पेयजल नल निर्माण 15 वीं वित्त आयोग मद से 2 लाख 49 हजार 700 रूपए की लागत से किया गया। शुद्ध पेयजल नल का उद्घाटन मुखिया ने गुरुवार को नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि बरकट्ठा उतरी पंचायत का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर बीईओ किशोर कुमार, पूर्व मुखिया बसंत साव, दर्शन सोनी, दिलीप दास, सुरज मोदी, सुनील गुप्ता, अरुण मोदी, संजय प्रसाद, अशोक नायक, मनोज विश्वकर्मा, दिलीप सोनी, हीरालाल साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में बिगु मुंडा की पत्थर से मारकर हत्या

**चैनपुर।** कुरूमगढ थाना अंतर्गत ग्राम चांदगो में एक घटना सामने आई है, जहां 50 वर्षीय बिगु मुण्डा की पत्थर से मारकर हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह घटना गांव में किसी पुरानी रंजिश के चलते हुई बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही कुरूमगढ थाना प्रभारी वि के चेतन अपने दल बल के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गुमला सदर अस्पताल भेज दिया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई।इस बीच, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है, और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापा मारा जा रहा है।

### जिलिंगा गांव में 37 वर्षीय युवक विनय उरांव की निर्मम हत्या

**गुमला।** गुमला जिले के जिलिंगा गांव में 37 वर्षीय युवक विनय उरांव की बीती रात निर्मम हत्या कर दी गई। पांच हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर टांगी से वार कर युवक को जान से मार डाला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, और पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। मृतक के परिजनों ने हत्या में लोहरदगा जिले के कैरो थाना निवासी सबुज अंसारी, रांची जिले के इटकी थाना निवासी लाला मियां और दो-तीन अन्य लोगों पर शक जताते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### अकाउंट बंद होने का डर दिखाकर युवक से 8200रु की ठगी

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली निवासी बृजमोहन लोहरा से साइबर अपराधियों ने 8200 रुपये की ठगी कर ली। ठगी का शिकार हुए युवक ने बताया कि उसे एक अनजान नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को गुमला पोस्ट ऑफिस का कर्मचारी बताया। कॉलर ने कहा कि बृजमोहन का अकाउंट बंद हो गया है और उसे सक्रिय रखने के लिए भेजे गए ओटीपी को साझा करना होगा। पहले तो बृजमोहन ने ओटीपी बताने से इनकार कर दिया, लेकिन कॉलर ने अकाउंट में जमा राशि निकालने में परेशानी और भागदौड़ का डर दिखाकर उसे सहमति देने के लिए मजबूर कर दिया। ओटीपी साझा करने के बाद बृजमोहन के खाते से क्रमशः 3500 रुपये, 1500 रुपये, 500 रुपये, 2000 रुपये और 700 रुपये कटने के मैसेज आए। ठगी का एहसास होते ही बृजमोहन ने कॉलर से संपर्क किया, लेकिन अपराधी ने और 4000 रुपये खाते में डालने की सलाह दी, यह कहकर कि सारा पैसा फिर से दिखने लगेगा।

# मैकानी मेटल्स व सीएसआईआर-एनएमएल के बीच हुआ करार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर ने मैकानी मेटल्स, मुंबई के साथ परियोजना निष्पादन हेतु करार किया है। इस करार के तहत मैकानी मेटल्स कीमती एवं बहुमूल्य धातु निकाल सकेगी। यह करार जो पूर्ण रूप से ई-वेस्ट के लिए बहुमूल्य तोहफा हैं कारण रिसाइक्लिंग जीरो वेस्ट कोंसेप्ट पर कार्य करेगा। यह पर्यावरण अनुकूल हैं एवं इसके सही निस्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा, बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचड़ा उठाव एवं निस्पादन इस प्लान्ट के द्वारा कर सकेंगे। मुनिसिपल इकाई भी इस कंपनी से संपर्क कर कचड़ा निस्पादन कर पाएंगे।



इस मौके पर एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, परियोजना प्रमुख डॉ. अंकुर शर्मा, प्रभारी (अर्बन और रीसाइकलिंग सेंटर) डॉ. मनीष कुमार झा, प्रभाग प्रमुख डॉ. संजय कुमार, डॉ. झुमकी हैत, डॉ. कृष्णा कुमार एवं टीम शोधार्थी डॉ. रेखा पांडा, सुश्री करीना रानी ने करार में अपना योगदान दिया। इनके अलावा व्यापार प्रमुख डॉ. एस. के. पाल और डॉ. बीणा कुमारी तकनीकी हस्तांतरण डोकुमेंटेसन करवाने में अपना सहयोग किया। डॉ. अंजनी कुमार साहु ने एमओयू सम्बन्धित कार्यों में एवं रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में भारत मे भावी संभावनाओं की ओर प्रेस एवं मीडिया को इंगित किया। मैकानी मेटल्स, मुंबई, के संस्थापक रियाज मैकानी अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए अब ई-कचरा रिसाइक्लिंग के व्यवसाय में प्रवेश कर रहे हैं। सीमित प्राकृतिक संसाधनों की अत्यधिक चिंता को ध्यान में रखते हुए, रियाज मैकानी ने कहा कि, प्रदूषण मुक्त समाज बनाने के साथ-साथ भावी पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करके देश की सेवा करने के लिए ई-कचरा रिसाइक्लिंग तकनीक लेकर एवं सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, ने खुशी व्यक्त की और कहा कि, हाल के दिनों में एनएमएल ने कई स्वदेशी तकनीकें भारतीय कम्पनियों को हस्तांतरित की हैं और आशा है कि भविष्य में हम भारत को ई-कचरा मुक्त समाज बनाने के लिए और अधिक से अधिक करार करेंगे।

# दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी।** चैनपुर अनुमंडल के डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत बिर्री पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की सीधी भिड़ंत होने से मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में अनमोल कुजूर (35) पिता लाजरुस कुजूर ग्राम बिर्री एवं पिंगल मिंज (30) पिता एडवर्ड मिंज के नाम शामिल हैं। वहीं घायलों में जेम्स मिंज (45) पिता स्व. गब्रियल मिंज ग्राम बिर्री, प्रताप केरकेट्टा पिता बसिल केरकेट्टा (30) भेलवतला एवं माइकल बरवा (32) पिता प्रकाश बरवा भेलवतला के नाम शामिल हैं। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार से आ रहे बाईक सवार विपरीत दिशा से आ रहे बाईक से सीधे टकरा गए जिससे सभी सड़क पर ही बिखरे पड़े हुए थे। वहीं ग्रामीणों एवं राहगीरों के सहयोग से 108 नंबर में फोन किया व पुलिस प्रशासन को सूचना दिया गया। सूचना के बाद मौके पर एंबुलेंस के पहुंचने पर सभी मृतकों एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं तीन गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है। वहीं दोनों शव को डुमरी एसआई मनोज कुमार के नेतृत्व पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर अस्पताल पहुंच नवाडीह मुखिया चेतनलाल मिंज एवं जूरमु मुखिया प्रदीप मिंज ने घायलों का हाल जाना साथ ही दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों का ढांढस बंधाया।



## जशपुर रोड पर ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला-जशपुर रोड स्थित करौंदी के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार 60 वर्षीय शांति प्रकाश बाखला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सलोनी बाखला गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस वक्त हुआ जब कोल्दा चैनपुर निवासी यह दंपति गुमला की ओर आ रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने शांति प्रकाश बाखला को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पत्नी गहरे सदमे में हैं और उनकी स्थिति इतनी गंभीर है कि वह कुछ भी बोलने में असमर्थ हैं। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों की पहचान की। बताया गया कि दंपति सदर थाना क्षेत्र के फुलवाईर टोली में रह रहे थे, जबकि उनका पैतृक घर चैनपुर प्रखंड के कोल्दा गांव में है।

**ट्रैक्टर फरार, पुलिस जांच में जुटी :** हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर की तलाश जारी है। हादसे ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सरकारी शराब दुकान से 25 लाख की शराब चोरी

**गुमला।** काली मंदिर रोड स्थित बसंतगढ़ चौक के पास सरकारी शराब दुकान में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। अपराधियों ने दुकान की छत का अल्बेस्टर और छठे पर रखे स्वेटर काटकर करीब 25 से 30 लाख रुपये की शराब चुरा ली। घटना का पता तब चला जब सुबह कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचे। ताला खोलकर अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि छत का अल्बेस्टर कटा हुआ है और बड़ी मात्रा में शराब गायब है। चोरी की सूचना मिलने पर कर्मचारियों ने तुरंत शटर बंद कर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, चोरी की गई शराब की मात्रा करीब दो पिकअप है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है कि मुख्य सड़क पर इतनी बड़ी चोरी कैसे हो गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। हालांकि, कर्मचारियों ने घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दे दी है। यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है और पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस चोरी ने सरकारी दुकानों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधियों की इस तरह की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा कम हो रहा है।

### तिसरी में सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप
## सीओ ने 3 लोगों को किया नोटिस



*समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने की है लिखित शिकायत*

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी अंचल में भू-माफियाओं का राज है। क्षेत्र के कई सरकारी जमीन कब्जा व बेचकर माफिया मोटी चांदी काट रहे हैं। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, इससे पहले भी सरकारी जमीन के अतिक्रमण व खरीद - फरोख्त के कई मामले आ चुके हैं। ताजा मामला अंचल के चिलगिली मौजा अंतर्गत खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 319, 7 एकड़ 86 डिसमिल जमीन का है। इस जमीन को सरकारी गैरमजरुआ जमीन बताते हुए समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने कथित भूमाफियाओं द्वारा इसे कब्जाने व मोटी रकम में बेच देने का आरोप लगाया है। इसको लेकर उन्होंने अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत करते हुए उसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी को भी दिया है। साथ ही उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने कहा कि इसमें बड़े-बड़े भू माफिया सम्मिलित हैं, जिनकी पहुंच ऊपर तक है। मिली जानकारी के अनुसार आवेदन मिलने के बाद अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद ने जांच टीम का गठन किया है। सीओ ने बताया कि इस मामले में अंचल कार्यालय से कारू बर्णवाल, अरविन्द साव और विनोद बर्णवाल को नोटिस किया गया है। इधर उक्त जमीन के फोरेस्ट में होने के संदेह पर शुक्रवार को वनकमीर्यों ने भी वहां पहुंच मुआयना किया।

# सदर विधायक ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता विवेक कुमार तिवारी से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय सभागार में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सीआरपीएफ की वैली क्यू ए टी कमांडो टीम के पूर्व सदस्य विवेक कुमार तिवारी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ने उनका फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके अदम्य साहस व देश सेवा के प्रति योगदान की बहुत-बहुत प्रशंसा की। मुलाकात के दौरान विधायक ने विवेक कुमार तिवारी के कार्यों और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से जाना और उनकी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



### विवेक कुमार तिवारी कौन हैं

विवेक कुमार तिवारी एक वीर और समर्पित सैनिक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जिन्होंने अपने साहसिक कार्यों से देश का मान बढ़ाया है। उनके पिता नंद कुमार तिवारी एक सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक हैं। विवेक की शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली और संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग से हुई है। विवेक ने अपनी यात्रा एनसीसी के माध्यम से शुरू की, जहां उन्होंने ए,बी और सी प्रमाणपत्र प्राप्त किए। 2012 में, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एनसीसी की राजपथ परेड में भाग लिया और अपने प्रदर्शन के लिए बिहार के राज्यपाल से नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। 2014 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में नियुक्त होने के बाद, उन्होंने अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का खिताब जीता। उनकी पहली तैनाती 2016 में कश्मीर में हुई, जहां उन्होंने आतंकवादियों से मुकाबला करने वाली सीआरपीएफ की ₹वैली क्यू ए टी कमांडो टीम₹ का हिस्सा बनकर अद्भुत प्रदर्शन किया। अपने अब तक के सेवा काल में विवेक कुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ लगभग 60 से अधिक आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार गिराया है। इन मुठभेड़ों में उन्होंने बार-बार अपने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया।

## लोजपा ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**रामगढ़।** लोजपा(रामविलास) रामगढ़ जिला समिति द्वारा 6 दिसंबर को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में मनाया गया। इस मौके पर अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर लोजपा जिलाध्यक्ष केवल पासवान एवं जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता ने पुष्प अर्पित कर व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके लोजपा जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अपने समय के एक जाने-माने वकील थे। उन्होंने न केवल अपने मुवक्कीलो के लिए वकालत की बल्कि समानता, स्वतंत्रता, और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की भी वकालत की।

# झारखंड जूनियर थ्रोबॉल टीम इंदौर रवाना

## 34वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में टीम लेगी हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय थ्रोबॉल संघ एवं मध्य प्रदेश थ्रोबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में 09 से 11 दिसंबर तक द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौरा में आयोजित हो रहे 34वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 सदस्यीय झारखंड जूनियर (बालक/ बालिका) टीम शुक्रवार को रवाना हुई। झारखंड टीम के झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ी पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ खेल का आंनद लें। एक बार मे एक मैच को जीतने की प्लानिंग करें। ऐसा करना से सफलता जरूर हासिल होगी।

झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव नगीना कुमार ने कहा कि झारखंड की बालक एवं बालिका टीमों ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं इसलिए उनसे अपेक्षाएं है कि वह इस कार्य मे निरंतरता लाएंगे। खेल में विजयी होने के लिए एकाग्रता महत्वपूर्ण है। जब खिलाड़ी मैदान में उतरे तो शारीरिक एवम मानसिक ऊर्जा को संयुक्त रूप अप्लाई करें, इससे निश्चित ही प्रदर्शन में अतुलनीय निखार आएगा और लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के डॉ. राजेश गुप्ता, विजेता वर्मा, भरत कांशी, वेदांत कौस्तव, परवाज खान, जमील अंसारी, सुनील चक्रवर्ती, नगीना कुमार, राजेश कुमार, गौरव सिंह, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, नीरज वर्मा, देवव्रत कुमार, अमित कुमार, नीतीश सिंह, भवानी शंकर महतो, सुनीता महतो आदि ने अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं।



**जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें**

**जूनियर बालक टीम :** राहुल थापा (कप्तान), उदय कुमार सिंह, राहुल सिंह, अंशुमन राज, श्रवण कुमार, गोविंदा बऊरी, मो.अदनान हुसैन, अर्जुन टुडू, प्रदीप महतो, श्याम कुमार, राजा लोहरा, अर्जुन लकड़ा, विवेक लोहारा, गोकुलानंद मिश्रा (प्रशिक्षक), राजेश सिंह (प्रबंधक)

**जूनियर बालिका टीम :** प्रमिला सोरेन (कप्तान), सुनीता सुरीन, मालाबती टुडू, मलिता टुडू, इशा शर्मा, संखी बास्के, सोनिया हांसदा, सीमा हांसदा, प्राची महतो, चुरामणि टुडू, जीरामणि हांसदा, लक्ष्मी सोरेन, अर्शी मारूफ, सुकांता कुंडू (प्रशिक्षक), गौतम सिंह

### सड़क हादसे में एक बाईक सवार व्यक्ति गंभीर, गिरिडीह रेफर

**गांडेय।** गांडेय थाना क्षेत्र के गिरिडीह गांडेय मुख्य स्थित दासडीह पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार करीब तीन बजे टाटा मैजिक व बाइक में सीधी टक्कर हो जाने से एक अज्ञात व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर गांडेय थाने कि पुलिस घटनास्थल पहुंचे व गंभीर व्यक्ति को निजी वाहन से सीएचसी गांडेय ले जाया गया। जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा गया। खबर लिखे जाने तक गंभीर रूप से घायल कि स्थिति नाजुक बताई जा रही है हालांकि उक्त घायल व्यक्ति का शिनाख्त नहीं हो पाई है। इधर गांडेय थाने कि पुलिस क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर लाने में जुटी है।

## न्यूज | बॉक्स

### धनबाद कांग्रेस कार्यालय में डॉ. भीमराव को दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद।** भारतीय संविधान के शिल्पी,सामाजिक समरसता व न्याय के प्रणेता, महान समाज सुधारक बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर धनबाद कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। मौके पर उपस्थित गणमान्य ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, राजेश्वर यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, नवनीत नीरज,हरेंद्र शाही, पिंटु तुरी, अनिल सिंह, मनोज सिंह, रणजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सुनी जनता की समस्या



**धनबाद।** शुक्रवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में सरकारी जमीन पर कब्जा, जमीन बंदोबस्ती, रोड चौड़ीकरण, अवैध निर्माण पर रोक लगाने, आवास एवं भरण पोषण से संबंधित, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।मौके पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, प्रभारी जन शिकायत कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा मौजूद रहें।

### बच्चों के बीच किया गया पाठ्य सामग्री का वितरण




**बौआ कला।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़की बौआ में शुक्रवार को विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों को मुख्य अतिथि मुखिया भीम लाल रजक के हाथों कॉपी,किताब,स्कूल बैग आदि दिया गया। मुखिया ने बच्चों को आगे बढ़ने और मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं और शिक्षा से ही जीवन व समाज में परिवर्तन संभव हैं। मौके पर प्रधानाध्यक गणेश प्रसाद पंडित, शिक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, कौशल्या देवी, फनी भूषण महतो, हरिशंकर रवानी, शंकर रवानी, कपूर कुमार महतो, शिव कुमार महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### बाल मेले का आयोजन



**तोपचांची।** पीएम श्री उच्च विद्यालय दुमदुमी में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इससे बच्चों की प्रतिभा को उभारने में मदद मिलेगी।बच्चों के द्वारा साइंस एग्जिबिशन स्टॉल काफी बेहतर था।वहीं शिक्षकों के इस प्रयास को सराहा गया।इस कार्यक्रम में समाजसेवी सदानंद महतो ने कहा कि बच्चों के मानसिक विकास के लिए इस तरह का बाल मेला का आयोजन बहुत बेहतर है।बच्चों के द्वारा कला संस्कृति के कार्यक्रम की प्रस्तुति काफी अच्छी रही है।इस मेले में बच्चों के द्वारा कई तरह के खाने के स्टाल लगाए गए थे।वहीं प्रधानाध्यापिका उमा कुमारी ने कहा कि ग्रामीण बच्चों ने कई तरह के हैंड एंड क्राफ्ट के स्टॉल लगाये, जो दर्शनीय थी। मौके पर सुधीर कुमार, जगदीश चौधरी, रिंकी कौर, गौतम महतो दयानंद प्रमाणिक, महेंद्र महतो, सरिता देवी, कुलदीप प्रमाणिक, महावीर महतो, दीपक कुमार, पूजा देवी, मनोज रविदास टालेसर महतो, सुरेश तुरी, कनककाति मेहता आदि स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे।

### आरोग्यम अस्पताल में निःशुल्क स्त्री व शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर 9 को




**हजारीबाग।** एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर 09 दिसंबर दिन सोमवार समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित रहेगा स्थान आरोग्यम अस्पताल परिसर में हजारीबाग। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच रक्तचाप बी.पी.प्लस, ब्लड शुगर, मुफ्त दवाइयों का वितरण,सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत महिलाओं के लिए विशेष सेवाएँ, विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श।

**शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक :** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा भंगरा (एमबीबीएस, डीजीओ - प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) डॉ. कुमारी ऐश्वर्या (एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी, पूर्व वरिष्ठ रेजिडेंट - फोर्टिस, नई दिल्ली; दिल्ली सरकार) शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. हीरालाल (एमबीबीएस, डीसीएच, डीएनबी - शिशु रोग विभाग) एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में सूचीबद्ध है। इस योजना के तहत सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हम आरोग्यम अस्पताल में हमेशा से ही समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।

## संपादकीय

# बांग्लादेश की हिंसा और दुनिया की चुप्पी

बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार का अभी दूसरा मामला मीडिया में चल रहा है जिसे भारत के कथित प्रगतिशील लोगों के अलावा दुनिया के बड़े-बड़े देश चुपचाप देख रहे हैं। हिंदुओं को जिस तरह मारा काटा जा रहा है उस पर संयुक्त राष्ट्र भी चुप है, संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर में काम करने वाले तमाम मानवाधिकार संगठन चुप हैं क्योंकि जिनको मारा जा रहा है, जिनको काटा जा रहा है, जिनके घर जलाये जा रहे हैं, जिनके यहां लूट की जा रही है, जिनकी बेटियों के साथ अत्याचार किये जा रहे हैं, वह सब हिंदू हैं। गाजा में एक भी मस्जिद पर हमला होता है तो पूरी दुनिया में मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक बड़ा बवाल खड़ा कर देने वाले बांग्लादेश में मंदिरों को आग के हवाले होते देख कर, देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित होता देख कर बड़े खुश हो रहे हैं और किसी की जुबान से भर्त्सना तक नहीं निकल रही। बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह बताया जा रहा है सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दुनिया के किसी भी हिस्से में जब किसी हमले में मुस्लिमों की मौत होती है तो पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और संयुक्त राष्ट्र भी आपात बैठकें बुला कर निंदा प्रस्ताव पास करने लगता है और शांति की अपील करने लगता है लेकिन ढाका और बांग्लादेश के अन्य इलाकों में हिंदुओं का खून बह रहा है तो इसे एक देश का आंतरिक मामला बताया जा रहा है। मोहम्मद यूनुस जिस तरह इतने खूनखराबे पर भी खामोश हैं और मुस्कुरा के सब कुछ देख रहे हैं उसके चलते उनका नोबेल शांति पुरस्कार छीना जाना चाहिए। शांति का नोबेल पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति के पास हर्गिज नहीं रहना चाहिए जो नरसंहार को बढ़ावा दे रहा हो या उसे रोक पाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा हो। बांग्लादेश के हालात को देखते हुए तो ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस को लाया ही इसलिए गया था ताकि वह कट्टरपंथियों को मनमानी करने की आजादी दे सकें और इस्लामिक देश से उसी तरह हिंदुओं का सफाया किया जा सके जिस तरह पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने अपने यहां से कर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि आरक्षण के नाम पर बांग्लादेश में शुरू हुआ आंदोलन अब हिंदू विरोधी आंदोलन का रूप ले चुका है। बहरहाल, बांग्लादेश से जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं उससे भारत के हिंदुओं को भी बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का अर्थ समझ आ जाना चाहिए। बांग्लादेश की स्थिति बता रही है कि अगर हिंदू कटेंगे तो दुनिया में कहीं कोई आवाज नहीं उठेगी और कोई बचाने नहीं आएगा इसलिए लगता है एक हैं तो सेफ हैं यह कोई चुनावी नारा नहीं बल्कि दीर्घायु रहने का मंत्र है। इसके गंभीर परिणाम होंगे जिसकी आंच भारत तक आएगी क्योंकि भारत के कुछ लोग इसे शेख हसीना को शरण देने का परिणाम बता रहे हैं।

> **बांग्लादेश में शेख हसीना को पद से हटाने के बाद कट्टरपंथियों ने शासन करने के लिए जिन मोहम्मद यूनुस को चुना वह बताया जा रहा है सबसे बड़े कट्टरपंथी निकले। मोहम्मद यूनुस की आंखों के सामने हिंदुओं का खून बह रहा है और वह कह रहे हैं कि यह हमारा आंतरिक मामला है।**

# सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाए





डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

जीवन में सबसे महत्वपूर्ण क्या है? भुखमरी का शिकार व्यक्ति भोजन कहेंगा। ठंड से मरनेवाला व्यक्ति गरमी। यही सवाल जब हम अकेला व्यक्ति से करेंगे तो वह समाज का साथ चहेगा। भोजन, प्रेम और समाज के अलावा भी कुछ है जिसके लिए हम इस धरती पर आए है। हम यहां क्यों है? इस सवाल के साथ ही एक और सवाल स्वाभाविक रूप से उठेगा सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाए। जब हम जीवन पथ पर आगे बढ़ने के बारे में सोचना शुरू करते हैं तो सवाल यह नहीं होता कि मुझे अब क्या करना चाहिए? सवाल यह होना चाहिए कि सबसे अच्छा जीवन कैसे जिया जाए? आरंभ ही गलत ट्रैक पर कदम बढ़कर किया जाता है, जिसका परिणाम अंत तक सही नहीं होता है। महान दार्शनिक सुकरात कहते है कि अपना जीवन ऐसे लोगों के साथ बिताये जो आपसे अधिक जानता हैं, और वह ज्ञान या बुद्धि के लिए अंतर्दृष्टि के माध्यम से खुद को जागरूक करता है। जीवन की समस्याओं का सत्य और समाधान जो केवल अंतकरण की प्रेरणा से प्राप्त करते हैं, वहीं सत्य को जानते हैं। आगे बढ़ने के लिए जो तरकीब का प्रयोग करते है, वे एक शिल्प जानते हैं। आपको यह बताना होगा कि जीवन का मूल्य क्या है। आपको यह जानना होगा कि आप यहां क्यों है? जब तक आप ऐसा नहीं कर सकते, तब तक आपके जीवन निरर्थक और बेअसर रहेंगे।

अलेक्जेंडर नेहामास अपनी किताब 'द आर्ट ऑफ लिविंग' में कहते है कि जब हम इस व्यक्तित्व को देखते हैं, तो हम हमेशा अनिश्चितता की एक भयावह स्थिति में होते हैं - और इसी कारण से सुकरात का व्यक्तित्व उन लोगों के लिए भी एक तरह का मॉडल हो सकता है, जो उनका अनुकरण करने से बचते है। आम जीवन में दुख की बात है कि हम जैसे बड़े होते जाते हैं, हम आराम में चलते जाते हैं। इस अस्तित्व के विभिन्न आयामों की ओर आरोहण का सोचना भी नहीं चाहते हैं। केवल विरले ही भाषा और अस्तित्व के बाहरी छोरों की चरम सीमा तक पहुंचने का जोखिम भरे अभियान पर निकलते हैं। हम सभी इस अस्तित्व में तैर रहे हैं। जीवित होना जितना बड़ा आश्चर्यजनक है, उससे बड़ा आश्चर्य जीवन कैसे जिया होना चाहिए? तभी यह धरती सुंदर और शुभता का घर बन सकेगा। सुकरात कहते है कि सही अंतर्दृष्टि व्यक्तियों को सही कार्य की ओर ले जाती है। हरेक व्यक्ति एक आंतरिक दिव्य आवाज से निर्दिष्ट होता है, और वह बताता है कि सही क्या है। उदाहरण के लिए, सुंदरता क्या है, इसका सामान्य विवरण देने की कोशिश में आप अटक जाते हैं, लेकिन सुकरात ऐसी शर्तें सुझाते हैं जो उत्तर पर लागू होनी चाहिए। सुकरात अक्सर सौंदर्य को ज्ञान और सत्य से जोड़ते हैं। उनका मानना है कि सच्ची सुंदरता की सराहना केवल ज्ञान और दार्शनिक जांच के माध्यम से की जा सकती है। सुकरात के लिए, सुंदरता का अच्छाई और सद्गुण से गहरा संबंध है। शरीरों की सुंदरता की प्रशंसा, फिर आत्मा की सुंदरता और अंत में मन की सुंदरता और सौंदर्य के अंतिम रूप तक पहुँचती है। यह यात्रा सौंदर्य की गहरी समझ को दर्शाती है क्योंकि व्यक्ति भौतिक से आध्यात्मिक और बौद्धिक की ओर बढ़ता है।

सुकरात का मानना था कि हमारे जीवन के लिए लिखित शब्द और परंपरागत विचार एक बुरी चीज है, क्योंकि यद्यपि यह बुद्धिमानी भरा लगता है, लेकिन जब भी आप कोई प्रश्न पूछते हैं, तो यह हमेशा एक ही उत्तर देता है, चाहे प्रश्न कोई भी पूछे। सुकरात का मानना था कि उसे कुछ नहीं आता है, फिर भी वह एथेंस का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति था। यही कारण है कि वह यूथिफ्रो जैसे मूर्ख से कहता है - मुझे सिखाओ, क्योंकि मैं इस विषय के बारे में कुछ नहीं जानता, लेकिन मुझे यकीन है कि तुम जानते हो, इसलिए तुम मुझे सही कर सकते हो। बुद्ध की भाँति सुकरात ने भी कोई ग्रन्थ नही लिखा। हमारे पास सुकरात के बारे में केवल अन्य लोगों के लेखन हैं जिन्होंने उन्हें एक चरित्र या एक मॉडल के रूप में इस्तेमाल किया। अरस्तूफेन्स, हास्य नाटककार, जेनोफोन, एक बहुत ही नीरस इतिहासकार, सुकरात के संवादों के अन्य सभी रचनाकार जो चैथी शताब्दी में प्रचलित थे - और निश्चित रूप से प्लेटो , जिनके नायक वे आमतौर पर हैं। प्लेटो की सबसे प्रसिद्ध रचनाओं में से एक, द एपोलॉजी है। इस किताब के अनुसार सुकरात कहते हैं-आपने मुझे जीवित रहने लेकिन दर्शनशास्त्र छोड़ने या ौर मौत की सजा पाने का विकल्प दिया। मैं दूसरा विकल्प चुनता हूँ। दर्शनशास्त्र छोड़ने की तुलना में मृत्यु बेहतर है। इस वाक्य के माध्यम से सुकरात हमारे समक्ष यह सवाल उठाते है कि हम अपने पूरे जीवन के मूल्यों को कैसे समझते हैं। क्या ऐसा है कि जीवन का मूल्य तब होता है जब यह बहुत लंबे समय तक चलता है, इसमें ऐसी चीजें नहीं होतीं जो इसे मूल्यवान बनाती हैं, या यह उन चीजों में निहित है जो इसे मूल्यवान बनाती हैं ?

पांचवीं सदी के अंत में एथेंस की झलक पाने के लिए अरिस्टोफेन्स के नाटक द क्लाउड्स बेहतरीन किताब है। इसमें बताया गया है कि अच्छा जीवन जोखिम भरा होता है। इसलिए हरेक क्षेत्र में बहुत थोड़े लोग दुनिया के प्रति आश्चर्य करते हैं। सुकरात भी सुखी जीवन जी सकते थे। परंतु उनको परम श्रेय में विश्वास था। सुकरात ने जहर का प्याला खुशी-खुशी पिया और जान दे दी। उसे कारागार से भाग जाने का आग्रह उसे शिष्यों ने किया किंतु उसने कहा-भाइयो, तुम्हारे इस प्रस्ताव का मैं आदर करता हूँ कि मैं यहाँ से भाग जाऊँ। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और प्राण के प्रति मोह होता है। भला प्राण देना कौन चाहता है? किंतु यह उन साधारण लोगों के लिए हैं जो लोग इस नश्वर शरीर को ही सब कुछ मानते हैं। मनुष्य यह नश्वर कायामात्र नहीं, वह सजग और चेतन आत्मा में निवास करता है। इसलिए हमें आत्मानुसंधान की ओर ही मुख्य रूप से प्रवृत्त होना चाहिए। सुकरात ने इस विचार का प्रतिपादन किया कि संसार में समस्त वस्तुओं, विचारों, धारणाअें तथा विश्वासों के मूल में एक शाश्वत सत्य होता है। उनके लिए ज्ञान किसी वस्तु को बुद्धि द्वारा जानना मात्र न था, वरन् उसे संपूर्ण हृदय तथा आत्मा से अनुभव करते हुए अपने-अपने अस्तित्व का एक अंग बना लेना था।

रामायण में वर्णन आता है कि वनवास लक्ष्मण जी भगवान श्री राम जी से पाँच प्रश्न पूछते हैं? इसमें एक सवाल है कि कहहु ग्यान बिराग अरु माया। हे देव! मुझे समझाकर बताईए कि ज्ञान किसको कहते हैं? हम ज्ञानी किसे कहेंगे? जो बहुत प्रकांड पंडित हो, शास्त्रों को जानता हो, बड़ा ही अच्छा प्रवचन कर सकता हो, दृष्टांत के साथ सिद्धांत को समझाये, संस्कृत तथा अन्य बहुत सी भाषाओं का जिसे ज्ञान हो, वह ज्ञानी है। पंडित और ज्ञानी में अन्तर है, उसे पंडित कह सकते हैं लेकिन ज्ञानी नहीं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने बड़ी अद्भुत व्याख्या की है ज्ञानी की - ग्यान मान जहँ एकउ नाहीं। देख ब्रह्म समान सब माहीं।। ज्ञान उसको कहते हैं - जहाँ मान न हो अर्थात जो मान-अपमान के द्वन्द्व से रहित हो और सबमें ही जो ब्रह्म को देखे। ज्ञान के द्वारा तो ईश्वर की सर्वव्यापकता का अनुभव हो जाता है तो सबमें भगवान को देखने लग जाता है। जीवन जब ऐसा बन जाता है, तब ही अच्छा जीवन जीया। इसकी संतुष्टि होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# डॉलर का दबदबा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था



राकेश दुबे

यह संकेत कहीं से भी अच्छे नहीं कहे जा सकते, अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति अप्रत्याशित है और देश के बड़े अर्थशास्त्री संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। वस्तुतःअमेरिका के साथी और विरोधी दोनों डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात के साफ संकेत हैं कि उनका दूसरा कार्यकाल मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए उनके पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक अप्रत्याशित और शायद अधिक उथल-पुथल भरा हो सकता है और भारत भी इससे सुरक्षित नहीं रहेगा। संबंधित विभाग ने अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति का आकलन किया और संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। सबसे पहले शुल्क में कमी का मामला बनता है, लेकिन भारत को अपनी स्थिति प्रस्तुत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ अधिक सक्रियता से संबद्धता दिखानी होगी। यह दिलचस्प बात है कि ट्रंप ने हाल ही में ब्रिक्स देशों को धमकी दी है कि अगर उन्होंने ब्रिक्स मुद्रा बनाई या अमेरिकी डॉलर के स्थान पर किसी अन्य मुद्रा को तरजीह दी तो वह उन पर 100 फीसदी शुल्क लगा देंगे। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं और इसका विस्तार करके अन्य देशों को स्थान दिया जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि किस बात ने उन्हें यह टिप्पणी करने के लिए विवश किया लेकिन इससे मुद्रा बाजार में अस्थिरता आई। पहली बात, फिलहाल जैसे हालात हैं उनमें अमेरिकी डॉलर को कोई खतरा नहीं दिखता। बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट्स के 2022 के नोट के मुताबिक 90 प्रतिशत मुद्रा व्यापार में डॉलर शामिल था। करीब 60 प्रतिशत विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में हैं। दूसरा, किसी मुद्रा को आरक्षित मुद्रा का दर्जा देने की इच्छा का कोई खास अर्थ नहीं है। इसके अलावा अब तक संभावित ब्रिक्स मुद्रा का आकार और उसकी कार्यविधि को लेकर भी कुछ पता नहीं है। ट्रंप शायद ब्रिक्स के सदस्य देशों को हतोत्साहित करना चाह रहे थे। खासतौर पर वह चीन को मुद्रा परियोजना आगे ले जाने देने से रोकना चाहते थे। चाहे जो भी हो भारत को ऐसे प्रयासों से बचना चाहिए। चूंकि चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए योजना में उसका कद भी बड़ा होगा। हालांकि यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि इसे कैसे तैयार किया गया है। तीसरी बात, कुछ वैश्विक व्यापार समय के साथ युआन में स्थानांतरित हो सकता है क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बड़ा है और उसके व्यापक कारोबारी संबंध हैं। बहरहाल, ऐसा सीमित दायरे में होगा क्योंकि चीन का पूंजी पर तगड़ा नियंत्रण है। मुद्रा भंडार की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार 2024 की दूसरी तिमाही में चीनी मुद्रा में करीब 245 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा रखी गई थी जबकि अमेरिकी डॉलर वाला मुद्रा भंडार 6.6 लाख करोड़ डॉलर था। विभिन्न देश कारोबारी लेनदेन की सुगमता और वित्तीय बाजारों की गहराई को देखेंगे जो डॉलर के पक्ष में है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# स्मृति में संसार, स्मृति से संसार



हृदयनारायण दीक्षित

स्मृति को सामान्यतया अतीत का भाग कहा जाता है लेकिन स्मृति हमेशा वर्तमान होती है। घटनाएं या विचार अभिव्यक्ति या अन्य सरोकार बेशक अतीत का भाग होते हैं लेकिन उनकी स्मृति हमेशा वर्तमान है। अच्छी स्मृति परम सौभाग्य है। जो जितना जीवंत है, वह उतना ही स्मृतिपूर्ण। जीवन के अंतिम भाग में स्मृति क्षीण होती जाती है। बुढ़ापा में परिजन बताते हैं कि अब वे पहचान नहीं पाते। स्मृति समृद्धि परिपूर्ण तरुणाई है और स्मृतिलोप परिपूर्ण रूग्णता। परिवार, सम्पत्ति, ममत्व, अपनत्व, नेह-स्नेह का घनत्व सब कुछ स्मृति के सहारे हैं। स्मृति गई तो सब कुछ गया। स्मृति में संसार है। स्मृति से संसार है। स्मृति नहीं तो संसार नहीं। स्मृति में शुभ है, अशुभ भी है। स्मृति के अनेक भाग आहतकारी होते हैं और अनेक भाग आह्लादकारी। भारतीय चिंतन में स्मृति को विशेष महत्व मिला है। याज्ञवल्क्य स्मृति और मनुस्मृति आदि चर्चित स्मृतियां हैं। मनुस्मृति की प्रशंसा नीत्से जैसे विद्वानों ने की और भर्त्सना डॉ. अम्बेडकर जैसे महान नेताओं ने। मनुस्मृति में एक कल्पित विधि व्यवस्था है। ऐसी विधि व्यवस्था भारतीय इतिहास की किसी भी राज्यव्यवस्था में नहीं थी। अंग्रेजी राज में बेशक अनुसूचित जातियों के एक बहुत बड़े भाग को आपराधिक जातियां घोषित किया गया था। ब्रिटिश संसद ने क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बनाया था। समाज के सक्रिय और श्रमशील भाग को जाति जन्म के कारण अपराधी घोषित किया गया था। क्रिमिनल ट्राइब एक्ट की स्मृति अंग्रेजीराज के प्रति घृणाभाव पैदा करती है। 'स्मृति' तंत्र अद्भुत है। देखे, सुने, पढ़े और अनुभूति प्रतीति का संचित कोष। स्मृति और विवेक ज्ञान का पर्याय हैं। ब्रिटेन के प्रतिष्ठित स्मृति विशेषज्ञ ईडी कूक ने स्मृति क्षमता के विकास पर मजेदार बात कही है। कूक के अनुसार रोमांस और यौन सम्बंधों के बारे में सोचने से मस्तिष्क तीव्र होता है। भावनाएं और आकर्षण मिलते हैं, रुचि बढ़ती है। इससे स्मृति क्षमता में वृद्धि होती है। कूक ने जोड़ा है कि प्राचीन रोम और यूनान के राजनेता और तर्कशास्त्री वाद-विवाद के पूर्व यौन सम्बंध और रोमांस के बारे में सोचते थे। उनका मानना था कि इससे तर्कशक्ति का विकास होता है। भारतीय परंपरा में स्मृति क्षमता के लिए सतत अध्ययन व 'शांति पाठ' का प्रावधान है। हरेक उपनिषद् के प्रारम्भ व अंत में शांति पाठ के मंत्र हैं। अशांत चित्त ज्ञान ग्राह्य नहीं होता। प्रशांत चित्त की ग्राह्यता का क्या कहना? पढ़े या सुने को स्मृति का स्थायी भाव बनाने के लिए पाठ के अंत में फिर से शांति पाठ की व्यवस्था है। केनोपनिषद् के शांतिपाठ में स्तुति है यहां प्रतिपादित तत्व मुझमें रहें, मैं उनमें रहूं। मेरा सुना देखा गया सुरक्षित रहे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**जब आप ईश्वर से बिना किसी शर्त के प्रेम करते हैं, तो वे आपके हृदय में सबके लिए अपना अशर्त प्रेम भर देते हैं। उस प्रेम का कोई भी मानवीय जिह्वा वर्णन नहीं कर सकती।... साधारण मनुष्य दूसरों से इस प्रकार प्रेम करने में असमर्थ है।**

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप पूरी प्रकृति के साथ सम्पर्क स्थापित कर लेंगे और आप समस्त मानव जाति को समान रूप से प्रेम करेंगे। दिव्य अनुभूति के लिए सब जीवों के प्रति दया आवश्यक है क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से ओतप्रोत हैं। कोमल हृदय वाले लोग अपने आपको दूसरों के स्थान पर कल्पित करके उनके दुःखों का अनुभव कर सकते हैं और फिर उन दुःखों को कम करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पुरुष और स्त्री के बीच सदा स्पर्धा रही है। परन्तु वे समान हैं; कोई भी श्रेष्ठतर नहीं है। इस जीवन में आप जो भी हैं उस पर गर्व करें। निद्रा में आप यह नहीं जानते कि आप पुरुष हैं या स्त्री (श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा)। जिस प्रकार स्त्री का रूप धारण कर लेने से कोई पुरुष स्त्री नहीं बन जाता, उसी प्रकार आत्मा, स्त्री और पुरुष दोनों का रूप धारण कर लेने पर भी अपरिवर्तित ही रहती है। आत्मा ईश्वर का निर्विकार, निर्गुण पूर्ण प्रतिबिम्ब है। स्वयं को पुरुष या स्त्री होने की चेतना तक सीमित होने की भी अनुमति न दें: आप ईश्वर के प्रतिबिम्ब में निर्मित एक आत्मा हैं।... सबसे बड़ी बुद्धिमानी का मार्ग सदा यह स्मरण रखना है, कि मैं न तो पुरुष हूँ और न ही स्त्री; मैं आत्मा हूँ। तब आप दोनों प्रवृत्तियों की सीमाकारी चेतना से स्वयं को छुटकारा दिला सकेंगे; आप अपनी सर्वोच्च सम्भावित दिव्य क्षमता का अनुभव करेंगे, चाहे आपने एक पुरुष का शरीर धारण किया है या एक स्त्री का। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**बदल जायगा, भ्रम हुआ, अब के चाल चरित्र।**
**सच तो यह है, हो रहे, कुछ के पाप पवित्र।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## लोक संस्कृति की अवधारणा

# तुलसी के पत्ते छोटे बड़े सभी बराबर होते हैं



राकेश कुमार
कण्वाश्रम, ग्राम-पनेरीबान्ध, पोस्ट-झरीवा, जिला--पलामू, झारखंड।

यह कहावत अक्सर अल्पायु पंडित जी के लिए व्यवहृत होती है। इसी भाँति पक्षी में कउआ और जाति में नउआ बहुत तेज होते हैं यह कहावत सामान्यतः पण्डित जी के सहयोगी और अक्सर हिस्सेदार ठाकुर जी के लिए। पण्डित जी अनुष्ठान में प्रयुक्त होने वाली आवश्यक सामग्रियों की सूची बनाएंगे तो ठाकुर जी उस सूची की उन सामग्रियों की व्यवस्था में जुट जाएंगे जो संबंधित क्षेत्र के परिवेश में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हों। दूब से लेकर दोना तक जुटाना, क्षौर कर्म से लेकर पाद-रंगाई तक में सपत्नीक सहयोग करना आदि ठाकुर जी के मौलिक कर्तव्य हैं। मांगलिक कार्यों में तो इनकी चांदी रहती ही है, कुछ क्रिया-कलापों में एकाधिकार भी। नहछू का जल लाने और ईमली घोंटाने के समय ये तब तक प्रकट नहीं हो सकते जब तक सभी लोग इन्हें ढूंढ़ कर थक न जायें। कोई भी मांगलिक कार्य हो, अनुष्ठान हो या श्राद्ध कर्म हो पण्डितजी किसी-न-किसी ऐसी सामग्री का आह्वान अवश्य करेंगे जो यजमान के लिए तत्काल उपलब्ध कराना आसमान से तारे तोड़ने के समान हो, परन्तु विद्यावान गुणी अति चातुर, ठाकुर जी के पास हर संकट का हल और हर सामग्री का विकल्प होता है।

वस्तुतः पंडितजी शिष्ट संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं तो ठाकुर जी लोक-संस्कृति का। शिष्ट संस्कृति भारतीय संविधान की भाँति लिखित होती है तो लोक-संस्कृति ब्रिटेन के संविधान की भाँति अलिखित। पण्डितजी को सैकड़ों बार कथा-वाचन के बावजूद हरितालिका व्रत कथा टीका सहित चाहिए, यजमान को दर्जनों बार कथा श्रवण के उपरांत भी पूजन-सामग्रियों की सूची लिखित चाहिए पर ठाकुर जी तो कबीर के अनुयायी हैं-- 'मसि कागद छूओ नहिं, कलम गहि नहिं हाथ'।

दरअसल शिष्ट-संस्कृति और लोक-संस्कृति दोनों अभिन्न हैं। शास्त्रों ने दोनों की मतभिन्नता की स्थिति में लोक-संस्कृति की महत्ता स्थापित की है। सच कहें तो शिष्ट-संस्कृति की जटिलता को सरल करने और उसके त्याज्य को संरक्षित करने का दायित्व लोक-संस्कृति ने अपने कंधों पर ले रखा है। इतिहास गवाह है कि शिष्ट-संस्कृति ने 'मीराबाई' को मिटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, परन्तु लोक-संस्कृति ने मीरा के पदों और भजनों को आत्मसात कर उसे अमर कर दिया। लोक-संस्कृति के 'लोक' शब्द को प्रारम्भ में समाज का समानार्थी माना जाता रहा। समाज और लोक एक दूसरे के पर्याय समझे जाते रहे परंतु आगे चलकर समाज का दो स्वरूप दिखाई पड़ने लगा।

वेद रीति प्रधान समाज और लोक रीति प्रधान समाज।



कालांतर में 'लोक' सीमित अर्थों में प्रयुक्त होने लगा और शनैः-शनैः वेद से विलग होता गया।'वेद' में दर्शन और ज्ञान समाविष्ट है तो 'लोक' को परम्पराओं ने पाला। धीरे-धीरे वेद से विलग 'लोक' की स्वतंत्र सत्ता स्थापित होती गयी। लोक-मानस ने कभी भी व्यक्तित्वहीन प्राकृतिक व्यापार की कल्पना नहीं की। उसके लिए पृथ्वी माता है,अग्नि,सूर्य,पवन आदि देवता हैं।लोकमानस सत्य एवं तथ्य में कोई भेद नहीं करता। उसके अनुसार शरीर और छाया शरीर में कोई अंतर नहीं है। यह मृतक को निद्रावस्थित मानता है। यह भूत-प्रेत में विश्वास करता है, सन्तानोतप्ति को ईश्वरीय देन मानता है और व्यष्टि के स्थान पर समष्टि में विश्वास करता है।

'लोक-संस्कृति' का दूसरा शाब्दिक अवयव 'संस्कृति' है। लोक-संस्कृति जन-जन के श्रम से सिंचित होकर प्रकृति की गोद में पलती पनपती रहती है। मानव से मानव के प्रति सहज प्रेम ही लोक-संस्कृति का साध्य रहा है। जन जीवन के बीच विभिन्न कलाओं में लोक-संस्कृति आज भी स्पंदित है। सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर अबतक लोक अपरिमित तरंगों में बहा, अगणित वाद्यों में बजा और अनगिनत गीतों में अभिव्यक्त हुआ। लोक संस्कृति लोक जीवन का शिवत्व है और यह शिवत्व स्वरूप ही युगों से अपरिहार्य रूप से विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचता रहा है। लोक-संस्कृति किसी भी देश की सभ्यता का दर्पण है। यह समाज में प्रचलित विभिन्न विधि-विधानों एवं संस्थाओं को औचित्य प्रदान करता है, लोक को शिक्षित करता है और समाज को नियंत्रित करता है।

लोक-संस्कृति से मानवजीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। लोक-संस्कृति जहाँ एक ओर समाज की परिधि के परितः लक्ष्मण रेखा निर्मित कर आत्मानुशासन, समन्वय एवं सहयोग का वातावरण निर्मित करती है वहीं अपने सदस्यों को व्यक्तिगत उन्नति के लिए स्वयं मार्ग ढूँढने एवं परम्पराओं को तोड़ने के लिए प्रेरित भी करती है...

*लीक-लीक गाड़ी चलै, लीकहि चले कपूत।*
*लीक छोड़ तीनों चलै, शायर, शेर, सपूत।।*

शिष्ट-संस्कृति व्यक्ति को एक पिता की भाँति जहाँ संसार में पहचान दिलाने के लिए उपयुक्त गणवेश में उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान की ओर अग्रसर करना चाहती है तो लोक-संस्कृति एक माँ की भाँति अपने शिशु के ललाट के एक कोने में काजल का टीका लगाकर उसे बुरी नजरों से बचाने का उद्यम करती है। साधन भले ही अलग-अलग हों परन्तु दोनों का साध्य एक है-- अपने शिशु को योग्य बनाना, उसकी उन्नति के सपने देखना और उसके दीर्घायु होने की कामना करना। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ की शुभकामनाओं के साथ श्री पंचायती महानिवासी अखाड़ा ने किया भूमि पूजन

**एजेंसी। प्रयागराज**



2025 महाकुंभ की तैयारियों के बीच अखाड़ों के जमीन आवंटन के बाद संतों का भूमि पूजन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी ने शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वेद पाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ कर भूमि पूजन किया गया। संतों ने मां गंगा, यमुना सरस्वती से 2025 महाकुंभ के निर्विघ्नरूप से संपन्न होने की प्रार्थना भी की। भूमि पूजन के साथ ही अखाड़े में होने वाले तमाम अनुष्ठानों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। इस अवसर पर श्री पंचायती महानिवासी अखाड़ा के महंत यमुना पुरी ने बताया, विक्रम संवत 2081 का महाकुंभ पर्व लग रहा हैं। इसके तहत हम आज अपने कुंभ मेला वन्य पर श्री पंचायती महानिवासी अखाड़ा में भूमि पूजन हुआ। जहां हम आयोजन कर रहे हैं वह मां गंगा, यमुना, सरस्वती की पवित्र भूमि हैं। उन्होंने आगे बताया कि तीर्थ राज प्रयाग के समस्त देवताओं, क्षेत्रपाल आदि सबकी पूजा होती हैं। इसके बाद ही भगवान गणपति का नाम लेकर सभी कार्य शुरू किए जाते हैं। श्री पंचायती महानिवासी अखाड़ा के इष्ट भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में से पांचवें अवतार सिद्ध मुनिश्वर भगवान कपिल महामुनि जी हैं। इसके बाद अब प्रथम में उनका मंदिर देवालय बनेगा। इसके बाद साधु संत के बैठने की ओर सभा करने की एक व्यवस्था है। भंडार, लंगर आदि की व्यवस्थाएं हैं। साधु संतों के ठहरने की व्यवस्थाएं हैं। हम लोग यह सब आज के दिन से प्रारंभ कर देंगे, मतलब निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। महंत यमुना पुरी की जानकारी के अनुसार, श्री पंचायती महानिवासी अखाड़ा धर्मध्वज 22 दिसंबर को है और कुंभ मेला प्रवेश यात्रा दो जनवरी को है। शुक्रवार को अखाड़े के भूमि पूजन में सभी अखाड़ों के साधु-संत महात्मा और उत्तराधिकारी सभी यहां विराजमान हैं।

## महान संस्कृति से भारत को विश्व में मिले पहचानः सुधा मूर्ति

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य एवं पद्म भूषण सुधा मूर्ति ने कहा कि भारत का युवा अगर अपने देश के अतीत और इतिहास को नहीं जाने तो वह भविष्य को नहीं जान पाएगा। भारतीय इतिहास का दस्तावेजीकरण सही तरीके से नहीं किया गया, इसलिए बहुत सारे महत्वपूर्ण तथ्य आज हमारे सामने नहीं है। हम अपने इतिहास से बहुत कुछ सीखते हैं। भारत को सिर्फ बॉलीवुड और सॉफ्टवेयर के लिए न जाना जाए बल्कि इसकी महान संस्कृति के लिए पूरे विश्व में पहचान मिले, यह भी बहुत जरूरी है। सुधा मूर्ति ने शुक्रवार को हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में बोगनवेलिया आर्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बोधगया के विहार पुस्तक के विमोचन एवं परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बुद्ध एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने शांति की स्थापना की। इस कॉफी टेबल बुक के माध्यम से बोधगया के विहारों का बड़ा सुंदर तरीके से प्रस्तुतीकरण किया गया है।

# शंभू बॉर्डर से किसानों ने किया दिल्ली की तरफ कूच

### पुलिस ने लगाए कंटीले तार



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस आंदोलन को 'दिल्ली चलो' नाम दिया गया है। पुलिस ने इन किसानों को रोकने के लिए कटीले तार और तमाम तरह के अवरोधों को सड़कों पर लगाया है। किसानों ने इन तारों और अवरोधों को सड़क से हटाकर अपनी यात्रा जारी रखी है। इस घटना के वीडियो में किसान कटीले तारों को हटाकर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है किस तरह से किसानों की भीड़ तारों को हटाते हुए उन्हें रास्ते पर किनारे करने के बाद आगे बढ़ रही है। वहीं, एक अन्य वीडियो में पुलिस किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए दिखाई दे रही है। वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के पास पिस्टल होने की बात भी कह रहे हैं। जिससे किसान मना कर रहे हैं। एक और वीडियो में पुलिसकर्मी किसानों के मार्च के बीच एक जाली के अंदर खड़े दिखाई दे रहे हैं, साथ ही अंदर से ही पुलिसकर्मी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि पंजाब-हरियाणा (शंभू) बॉर्डर से किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस आंदोलन में शंभू बॉर्डर पर 13 फरवरी से 8 महीने से ज्यादा समय से धरना दे रहे किसान अब ट्रैक्टर-ट्रॉली के बिना पैदल ही दिल्ली की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को 101 किसानों का पहला जत्था शंभू बॉर्डर पर एकत्र होकर रवाना होने की योजना बना रहा है। किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सार्वजनिक सभाओं और जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ड्रोन और वाटर कैनन की व्यवस्था भी की गई है। शंभू बॉर्डर पंजाब के पटियाला और हरियाणा के अंबाला को जोड़ता है।

## दिल्ली कूच कर रहे सैकड़ों किसान परी चौक से गिरफ्तार

- **पुलिस और किसानों के बीच नोकझोंक**
- **एडीपीसी अशोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहले से ही परी चौक पर तैनात थे।**
- **आंदोलनरत किसानों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करने के बजाए उनके आंदोलन को दबाने का काम कर रही है।**

**ग्रेटर नोएडा(हि.स.)।** अपनी मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। दिल्ली कूच करने के लिए आज बड़ी संख्या में महिलाएं व किसान परी चौक पर पहुंचे लेकिन वहां पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान महिलाओं और पुलिस के बीच धक्का मुक्की भी हुई। किसानों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज सुबह से ही संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सोशल मीडिया पर आंदोलन जारी रखने का आह्वान कर रहे हैं। वे लोग जीरो प्वाइंट पर पहुंचकर दिल्ली कूच करने का आह्वान कर रहे थे। इसके चलते यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। वहां पर किसी को जाने नहीं दिया गया। दोपहर को किसान नेता सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में महिलाओं के साथ किसान नारेबाजी करते हुए परी चौक पर पहुंचे। एडीपीसी अशोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहले से ही परी चौक पर तैनात थे। पुलिस, पीएसी और आरपीएफ के जवानों ने किसानों और महिलाओं को घेर लिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आंदोलनरत किसानों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करने के बजाए उनके आंदोलन को दबाने का काम कर रही है। किसान आंदोलन को कुचलने का काम किया जा रहा है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस ने महिला सिपाहियों की मदद से महिला समेत 100 से अधिक किसानों को हिरासत में लेकर जेल पहुंचाया गया। हालांकि जेल पहुंचने के बाद पुलिस ने महिला किसानों को छोड़ दिया, लेकिन उनके साथ आए 42 पुरुष किसानों को जेल में दाखिल किया गया है। जहां सभी किसानों को सामान्य बैरक में रखा गया है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना रहा कि बिना अनुमति के धरना करने के लिए जीरो प्वाइंट से दलित प्रेरणा स्थल नोएडा की ओर निकले किसानों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि गौतमबुद्ध नगर में भूमि अधिग्रहण समेत कई मुद्दों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं।

# बिहार में राजद सरकार बनने पर बुजुर्गों को मिलेगी 1,500 रुपये पेंशन राशि : तेजस्वी

**बेगूसराय (आईएएनएस)**



बिहार के बेगूसराय जिले में शुक्रवार को कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी सरकार बनी तो बुजुर्गों को 1,500 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाएगी। तेजस्वी यादव ने कहा, "हमारी सरकार बनने के बाद 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत हर महीने 1,500 रुपये दिए जाएंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत हर महीने 1,500 रुपये की पेंशन दी जाएगी।" मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों लोगों के समक्ष जो दिक्कतें आती हैं, उन समस्याओं से हम सभी अवगत है।

हम लोगों ने निर्णय लिया है कि हमारी सरकार बनने पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दी जाएगी। यह पहल बुजुर्गों और समाज के कमजोर वर्गों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से की गई है। इस योजना के माध्यम से इन वर्गों को जीवन यापन में मदद मिल सकेगी और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, मुंगेर में आयोजित कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 15 दिसंबर से शुरू हो रही महिला संवाद यात्रा पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनता का बहुत पैसा खर्च किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। यह राज्य के लोगों के हितों के खिलाफ है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इन दिनों छात्रों की समस्या को लेकर लगातार नीतीश सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) की परीक्षा रद्द करने को लेकर भी राजद नेता ने सवाल उठाए थे। वहीं, बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा के फॉर्म भरने में हो रही दिक्कत को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है।

## गुरु तेग बहादुर ने विदेशी आक्रांताओं से कश्मीर और सनातन की रक्षा की : योगी

**लखनऊ (आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की, बल्कि लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था। जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म



परिवर्तन करने का आदेश मिला था। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया। वह कैसा कालखंड रहा होगा, जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था।

उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान के सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे।

## पानीपत की फैक्ट्री में लगी आग में दो मजदूर जिंदा जले

**चंडीगढ़।** पानीपत की धागा फैक्टरी में बीती रात लगी आग में पांच कर्मचारी झुलस गए। जिनमें दो की मौत हो गई व तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। आग बुझाते हुए दमकल कर्मियों ने अंदर से इन पांच कर्मचारियों को निकाला। जानकारी के अनुसार इसराना उपमंडल के अंतर्गत गांव बलाना में शिव फैब्रिक नाम की धागा फैक्ट्री में रात करीब साढ़े 12 बजे यहां आग लग गई। इसके बाद कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री की आग बुझाने के लिए दमकल की 20 से ज्यादा गाड़ियां रात भर लगी रही।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

## कन्नौज में डबल डेकर बस वाटर टैंकर से टकराकर पलटी, आठ लोगों की मौत

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के सकरावा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक डबल डेकर बस वाटर टैंकर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही राज्य के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हादसे में 8 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 19 लोगों को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

## जेपी नड्डा आज 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की करेंगे शुरूआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में भारत में टीबी की घटनाओं और मृत्यु दर की चुनौतियों से निपटने के लिए 100 दिवसीय सघन अभियान की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रहेंगे। 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू की जाने



वाली इस पहल को टीबी के मामलों का पता लगाने, निदान में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है।



## मथुरा में धूमधाम से मनाया गया ठाकुर बांके बिहारी का प्राकट्योत्सव

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी का प्राकट्योत्सव को शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। भक्त अपने आराध्य देव के जन्मोत्सव में शामिल होकर भावविभोर नजर आए। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और झालरों से सजाया गया था। सांसद हेमा मालिनी द्वारा ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में देहरी पूजन किया गया। वहीं निधिवन राज मंदिर से भव्य बधाई शोभायात्रा निकाली गई। बांके बिहारी के प्राकट्य दिवस पर गोस्वामियों ने ठाकुरजी को पीले रंग की पोशाक और विशेष श्रृंगार धारण कराया। साथ ही विशेष मोहन भोग और 56 मटकियों में 108 किलो अलग-अलग फ्लेवर के मक्खन का प्रसाद अर्पित किया गया। अपने आराध्य का जन्मदिन मनाने के लिए आए देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु भक्त सुबह से ही मंदिर के बाहर एकत्रित होने लगे और पट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां भक्तों ने बांकेबिहारी के दर्शन किया। वहीं निधिवन राज मंदिर से भव्य बधाई शोभायात्रा निकाली गई।

## बीपीएससी कार्यालय के बाहर छात्रों का विरोध-प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**पटना(आईएएनएस)।** बिहार लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों ने पटना में बीपीएससी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने शहर में बेली रोड को भी जाम कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को तितर-बितर करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए लाठीचार्ज किया। बीपीएससी परीक्षा के लिए 'एक शिफ्ट, एक पेपर' की मांग को लेकर अभ्यर्थी बड़ी संख्या में एकत्र हुए हैं। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को पिछले वर्षों की तरह ही आयोजित करने की मांग कर रहे हैं, साथ ही परीक्षा प्रक्रिया को सामान्य बनाने की मांग कर रहे हैं। वे मांग कर रहे हैं कि आयोग वही परीक्षा प्रक्रिया अपनाएं जो निष्पक्षता और एकरूपता के लिए अपनाई जाती रही है। प्रदर्शन के बारे में बिहार डीएसपी अनु कुमारी ने कहा कि यह प्रदर्शन अवैध है क्योंकि उनके पास इसकी कोई अनुमति नहीं है।

## कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का किया था अपमान : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि मैं कांग्रेस पार्टी से कहना चाहता हूं जिन्होंने बार-बार संविधान का अपमान किया है, वे संविधान की अब क्या बात कर रहे हैं और मैं उन्हें यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने आपातकाल के दौरान क्या किया था और कैसे उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया था। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज मैं उनसे यही बात कहना चाहता हूं कि अब तक तीन बार के लोकसभा चुनावों में और देश भर के विभिन्न राज्यों में हुए चुनावों में जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया है। कृपया जनादेश का सम्मान करें और संसद के सुचारू संचालन में सहयोग करें। किसानों के दिल्ली के लिए कूच करने के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग इस पूरे मामले को देख रहा है। अभी तक क्या बात हुई है, मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है। किसानों से संबंधित जो भी विषय होंगे वह देखे जाएंगे।

## ट्रिपल मर्डर मामले में तीनों शवों का किया गया अंतिम संस्कार, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दक्षिणी दिल्ली के देवली गांव में बीते 4 दिसंबर को हुए ट्रिपल मर्डल मामले में शुक्रवार को तीनों शवों का गांव खेड़ी तलवाना में अंतिम संस्कार किया गया। पति-पत्नी दोनों को एक ही चिता पर लिटाया गया जबकि बेटी की चिता अलग बनाई गई। तीनों शवों को मुखाग्नि मृतक राजेश के 15 वर्षीय भतीजे वंश ने मुखाग्नि दी। तीनों के शव यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। ट्रिपल मर्डर मामले में खेड़ी गांव में चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ था। बता दें दक्षिणी दिल्ली के गांव देवली में 4 दिसंबर को बेटे अर्जुन ने अपने पिता राजेश, मां कोमल और बहन कविता की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी थी। बीती रात तीनों के शवों को उनके पैतृक गांव खेड़ी लाया गया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी सूचना लगी तो पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतक राजेश के भाई मंदीप सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई राजेश, भाभी कोमल और भतीजी कविता तीनों का गांव खेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया है। उनको मुखाग्नि भतीजे वंश ने दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में कल शाम तक इमोशनल ड्रामा चल रहा था। शाम पांच बजे असली तस्वीर सामने निकलकर आई थी। पुलिस ने आरोपी अर्जुन से पूछताछ की तो उसने सब कुछ बता दिया था। मृतक राजेश के छोटे भाई मंदीप सिंह ने कहा कि उसका भतीजा अर्जुन गलत नहीं था। उसे मिसगाइड किया गया है। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पूर्व पंच सुनील कुमार ने बताया कि गांव को बसे हुए 500 से 600 साल हो गए। पहली ऐसी घटना हुई है। ग्रामीणों में मन में इस हादसे के बाद डर बैठ गया है। उल्लेखनीय है कि जब ये वारदात हुई तो मृतकों के बेटे को जिम में बताया गया था।

# पिछले साल 13 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने प्लेसमेंट के बजाय उच्च शिक्षा को चुना: आईआईटी-डी एग्जिट सर्वे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी-डी) ने अगस्त 2024 में स्नातक करने वाले छात्रों के बीच संस्थान द्वारा किए गए एग्जिट सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा है कि आईआईटी दिल्ली के सभी छात्र ऑन-कैंपस प्लेसमेंट सेवाओं का लाभ नहीं उठा रहे हैं। आईआईटी ने शुक्रवार को आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा कि हमारे छात्र स्टार्टअप, उद्यमिता, उच्च अध्ययन, पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान, सिविल सेवा और कई अन्य जैसे विविध कैरियर के अवसरों की खोज करने के इच्छुक हैं। इस एग्जिट सर्वे में 1411 (53.1 प्रतिशत) छात्रों ने बताया कि उन्हें नौकरी का प्रस्ताव मिला है। वहीं, 224 (8.4 प्रतिशत) छात्रों ने बताया कि वे स्वरोजगार कर रहे हैं, जबकि 45 (1.7 प्रतिशत) छात्रों ने बताया कि वे स्टार्ट-अप के लिए काम कर रहे हैं और 66 (2.5 प्रतिशत) छात्र उद्यमिता से जुड़े हैं। ऐसे कई छात्र हैं जिन्होंने या तो आगे की पढ़ाई शुरू कर दी है या फिर वे इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। एग्जिट सर्वे के अनुसार, 359 (13.5 प्रतिशत) आईआईटी दिल्ली के छात्रों ने जवाब दिया कि वे उच्च शिक्षा के लिए जा रहे हैं, 47 (1.8 प्रतिशत) पीएचडी छात्रों ने बताया कि वे पोस्ट-डॉक्टरल शोध के अवसर या संकाय पद की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसी तरह, 321 (12.1 प्रतिशत) छात्रों ने बताया कि वे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए सिविल सेवा, इंजीनियरिंग सेवा और विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए आवश्यक परीक्षाएं।

अगस्त 2024 में केवल 134 छात्रों (5 प्रतिशत) ने बताया कि वे अभी भी उपयुक्त करियर के अवसरों की तलाश में हैं। 10 अगस्त 2024 को आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में 2,656 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें 481 पीएचडी और संयुक्त पीएचडी, 113 एमबीए, 91 एमएस (रिसर्च), 25 एमडीएस, 529 एमटेक, 24 एमपीपी, 129 डुअल डिग्री (बीटेक+एमटेक), 1001 बीटेक, 51 पीजी डिप्लोमा, 212 एमएससी विद्यार्थी शामिल हैं।

## बुमराह एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

एजेंसी



**एडिलेड।** भारत के जसप्रीत बुमराह ने अपना 31वां जन्मदिन शानदार अंदाज में मनाया, वह 2024 में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले बन गए। यह उपलब्धि शुक्रवार को एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल की गई, जब बुमराह ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आउट किया। इस उपलब्धि के साथ, बुमराह कपिल देव और जहीर खान की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में 50 टेस्ट विकेट लिए हैं।

# वैभव सूर्यवंशी की बैक टू बैक फिफ्टी, भारत फाइनल में पहुंचा

एजेंसी

**एडिलेड।** शारजहा के मैदान पर लगातार दूसरे मैच में 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का बल्ला चला है। अंडर 10 एशिया कप 2024 के तहत श्रीलंका के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। पहले खेलने उतरी श्रीलंका की टीम अभेसिंघा के 110 गेंदों पर 69 रनों की बदौलत 173 रन ही बना पाई थी। जवाब में वैभव ने अर्धशतक, अयुष म्हात्रे ने 43, कप्तान मोहम्मद अमान ने 25 रन बनाकर टीम को 22वें ओवर में ही जीत दिलाकर टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचा दिया। भारत की यह अंडर 19 एशिया कप में लगातार तीसरी जीत है। उन्होंने पहला मुकाबला पाकिस्तान से 43 रन से गंवा दिया था।



गंवा दिया था। शारजहा के मैदान पर लगातार दूसरे मैच में 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का बल्ला चला है। अंडर 10 एशिया कप 2024 के तहत श्रीलंका के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया। पहले खेलने उतरी श्रीलंका की टीम अभेसिंघा के 110 गेंदों पर 69 रनों की बदौलत 173 रन ही बना पाई थी। जवाब में वैभव ने अर्धशतक, अयुष म्हात्रे ने 43, कप्तान मोहम्मद अमान ने 25 रन बनाकर टीम को 22वें ओवर में ही जीत दिलाकर टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचा दिया। भारत की यह अंडर 19 एशिया कप में लगातार तीसरी जीत है। उन्होंने पहला मुकाबला पाकिस्तान से 43 रन से गंवा दिया था।

**अंडर-19 एशिया कप**

# स्टार्क ने झटके 6 विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 180 रन पर समेटा



एजेंसी

**एडिलेड।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने 6-48 विकेट चटकाए, जो टेस्ट मैचों में उनका 15वां पांच विकेट है, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एडिलेड ओवल में दूसरे टेस्ट के पहले दिन चाय के समय तक भारत को 44.1 ओवर में मात्र 180 रन पर समेट दिया। बादलों से घिरे आसमान में, स्टार्क ने मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल को एलबीडब्लू आउट करके डे-नाइट टेस्ट की शानदार शुरुआत की। इसके बाद, केएल राहुल और शुभमन गिल के बीच 69 रन की साझेदारी की बदौलत भारत अपनी पारी को आगे बढ़ा रहा था। लेकिन स्टार्क ने फिर से डबल स्ट्राइक करते हुए राहुल और फिर विराट कोहली को आउट किया, इससे पहले स्कॉट बोलैंड ने शुभमन गिल को एलबीडब्लू आउट किया, जिससे भारत पहले सत्र में 69/1 से 81/4 पर पहुंच गया। डिनर ब्रेक के बाद, स्टार्क ने अपनी इनस्विंग यॉर्कर का इस्तेमाल करके भारत के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया और भारत के शीर्ष रन-स्कोरर नितीश कुमार रेड्डी को आउट करके अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आंकड़े हासिल किए और ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल का एक बेहतरीन चरण पूरा किया। पहले सत्र में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने फिल ह्यूजेस और इयान रेडपाथ की याद में काली बांह की पट्टियां पहनी थीं। स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया को एक शानदार शुरुआत दी, जब उन्होंने डाउन लेग डिलीवरी को स्विंग किया और जायसवाल को गोल्डन डक पर एलबीडब्लू आउट किया। बाएं अंगूठे की चोट के कारण पर्थ टेस्ट से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे गिल ने अपने लेट स्लैश और शानदार ड्राइव से स्टार्क की गेंदों पर चार चौके जड़े। राहुल ने ऑफ के बाहर धैर्य दिखाया और डिफेंस में मजबूत दिखे, जब तक कि उन्हें बोलैंड की पहली गेंद पर कैच कर लिया गया और सभी को लगा कि वह 18 गेंदों में डक पर आउट हो गए हैं। लेकिन रीप्ले में दिखा कि राहुल को जीवनदान मिला, क्योंकि बोलैंड ने अपनी क्रीज को पार कर लिया था और स्निको से पता चला कि बल्ले से कोई किनारा नहीं लगा था। पांच गेंद बाद, राहुल को एक और जीवनदान मिला, जब उस्मान ख्वाजा ने स्लिप में उनका कैच छोड़ दिया।

इसके बाद, राहुल और गिल ने ऑस्ट्रेलिया की गलतियों का फायदा उठाते हुए उन्हें ऑफ स्टंप के बाहर अधिक गेंदबाजी करने के लिए मजबूर किया और दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की। जब ऐसा लग रहा था कि सत्र भारत के पक्ष में समाप्त होगा, तब स्टार्क ने वापसी की और पटकथा में नाटकीय बदलाव किया।



गोल्डेन डक पर आउट हुये यशस्वी जायसवाल

## छह विकेट लेने के बाद स्टार्क ने कहा गेंद अच्छी तरह से बाहर आ रही है

**एडिलेड।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का डे-नाइट टेस्ट में गुलाबी कूकाबुरा गेंद से विकेट लेने का जुनून तब जारी रहा जब 14.1 ओवर में 48 रन देकर 6 विकेट लेने के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट के पहले दिन भारत को 180 रन पर समेट दिया। छह मिमी घास वाली पिच पर, स्टार्क ने मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल को एलबीडब्लू आउट कर दिया, जिससे कई लोगों को 2021 में गाबा में रोरी बर्न्स को आउट करने के उनके तरीके की याद आ गई। इसके बाद उन्होंने केएल राहुल और विराट कोहली को आउट करने के लिए डबल स्ट्राइक की, इससे पहले उन्होंने रविचंद्रन अश्विन, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को आउट किया और भारत के खिलाफ अपने पहले टेस्ट पांच विकेट लिए। स्टार्क ने डिनर ब्रेक के दौरान प्रसारकों से कहा, "मुझे नहीं पता। मैं नहीं बता सकता। मुझे लगता है कि गेंद अच्छी तरह से आ रही है; हम इतना बुरा नहीं खेले; उन्होंने पर्थ में हमसे बेहतर खेला। ईमानदारी से कहूं तो इतना नहीं (अगर उन्होंने कल्पना की थी कि पहली गेंद पर जायसवाल को स्विंग मिलेगी)। खेल दर खेल कुछ भी नहीं बदलता, यह एक अच्छी शुरुआत थी। स्टार्क ने भारत को धूल चटाते हुए शानदार स्पैल डाला, जिसका मतलब था कि उन्होंने पिंक बॉल टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ के रूप में अपनी स्थिति मज़बूत कर ली है, और टेस्ट क्रिकेट के इस प्रारूप में सबसे ज़्यादा पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एडिलेड में उमस भरे मौसम के कारण स्पैल के अंत में उन्हें ऐंठन हुई थी। निश्चित रूप से इससे इंजन को मदद नहीं मिली, अंत में थोड़ी ऐंठन हुई। यह (पिंक बॉल) अजीब पैच से गुज़रती है, ज्यादा कुछ नहीं करती और फिर चलती है, पहले दिन थोड़ी घास होने की उम्मीद होती है, शायद पूर्वानुमान के अनुसार यह बाद में थोड़ा सूख जाए, लेकिन पहले घंटे को छोड़कर जब हम थोड़ा बाहर डाल रहे थे, हम अच्छे थे।

> *स्टार्क ने डिनर ब्रेक के दौरान प्रसारकों से कहा, "मुझे नहीं पता। मैं नहीं बता सकता। मुझे लगता है कि गेंद अच्छी तरह से आ रही है, हम इतना बुरा नहीं खेले, उन्होंने पर्थ में हमसे बेहतर खेला।*



## झारखंड स्कूली मलखंब टीम उज्जैन रवाना

एजेंसी

**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड से तीनों आयु वर्गों में बालक-बालिका मलखंब टीम शुक्रवार को रांची से उज्जैन के लिए प्रस्थान किया। झारखण्ड टीम में बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा से सर्वाधिक यानि पन्द्रह बालक-बालिका का चयन किया गया। झारखण्ड टीम का चयन राज्य स्तरीय बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता के आधार पर पिछले महीने किया गया था। उसके बाद विभाग के मौखिक आश्वासन पर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन झारखंड मलखंब अकादमी के द्वारा बीएसपी उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा में आयोजित की गई। इसके बाद झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव सह मुख्य प्रशिक्षक अजय झा ने विभाग के सहयोग से झारखंड टीम की घोषणा की गई। चयनित झारखंड राज्य स्कूली बालक-बालिका मलखंब टीम को विभाग की ओर से प्रदत्त कीटस बीएसपी उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे एवं झारखंड मलखंब अकादमी के निदेशक डॉ अजय झा ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों ,प्रशिक्षक तथा टीम प्रबंधक को पूरे कीटस प्रदान कर राष्ट्रीय स्कूली मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची से प्रस्थान किए। टीम प्रस्थान के समय विभाग की ओर से शंकर पाल, जावेद अख्तर, सुदर्शन नाग एवं बी.एस. पी.उच्च विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी ने टीम के सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाए देकर रवाना किए।

## झारखंड ने जीता 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब, बधाई




एजेंसी

**सिकंदराबाद।** हॉकी झारखंड ने हॉकी मध्य प्रदेश को शुक्रवार को रोमांचक फाइनल में हराकर 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित साउथ सेंट्रल रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आरआरसी ग्राउंड, रेल निलयम, सिकंदराबाद, तेलंगाना में आयोजित किया गया था। युवा प्रतिभाओं को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शीर्ष टीमों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा कीः चैंपियन के लिए 3 लाख, उपविजेता के लिए 2 लाख और कांस्य पदक विजेता के लिए 1 लाख रुपये। हॉकी झारखंड ने हॉकी मध्य प्रदेश को 1-0 के मामूली स्कोर के साथ हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। हेमरोम लियोनी (15') ने पहले क्वार्टर के अंत में फाइनल का एकमात्र गोल करके ट्रॉफी अपने नाम की। जमुना कुमारी ने बाएं विंग से गेंद को ड्रिबल किया और उन्होंने हेमरोम लियोनी को गेंद पास की, जिन्होंने टूर्नामेंट का अपना सातवां गोल किया और हॉकी झारखंड को फाइनल में विजयी होने में मदद की। हॉकी झारखंड ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, उसने टूर्नामेंट के हर एक मैच में जीत हासिल की और सेमीफाइनल में केवल एक बार हार का सामना किया। तीसरे/चौथे स्थान के मैच में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी मिजोरम पर 4-3 से जीत हासिल की और चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की जीत में प्रियंका मिंज (9', 12', 12') ने तीन गोल किए और अंजना ज़ाक्सा (4') ने एक गोल किया। हॉकी मिजोरम के लिए वनलालरिन्हलुई (36', 52') ने दो गोल किए और मंगलावमसंग (28') ने भी एक गोल किया, लेकिन टीम फिर भी पीछे रह गई।



# जीडीपी विकास दर अनुमान अब 6.6% किया गया


एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले यह 7.2 प्रतिशत था। यह जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इस वर्ष की दूसरी तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि अनुमान से काफी कम रही। दास ने आगे कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी जारी है। हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर बता रहे हैं कि घेरलू आर्थिक गतिविधियों में आई सुस्ती चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बॉटम आउट हो गई है। इसकी वजह त्योहारी सीजन के कारण मांग में सुधार होना और ग्रामीण गतिविधियों में तेजी आना है।

दास ने बताया कि विकास में गिरावट का कारण औद्योगिक वृद्धि दर में भारी गिरावट थी, जो पहली तिमाही में 7.4 प्रतिशत से घटकर दूसरी तिमाही में 2.1 प्रतिशत रह गई। इसका कारण विनिर्माण कंपनियों का कमजोर प्रदर्शन, खनन गतिविधियों में कमी और बिजली की कम मांग थी। आगे कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में कमजोरी व्यापक नहीं थी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों, लोहा और इस्पात तथा सीमेंट जैसे विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित थी। औद्योगिक गतिविधि सामान्य होने और पिछली तिमाही के निचले स्तर से उबरने की उम्मीद है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, चौथी तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 7.3 प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। अक्टूबर की एमपीसी के बाद आरबीआई द्वारा भारत की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था, जो कि वित्त मंत्रालय के आर्थिक सर्वे के अनुमान 6.5 से लेकर 7 प्रतिशत से ज्यादा था।

## आरबीआई ने सीआरआर घटाकर 4 फीसदी किया

### बैंकों के लिए 1.16 लाख करोड़ रु होंगे उपलब्ध



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने संभावित नकदी संकट को कम करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.50 फीसदी की कटौती कर चार फीसदी कर दिया है। इससे बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.25 फीसदी और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.75 फीसदी पर कायम रहेगी। शक्तिकांत दास ने कहा कि त्योहारों के दौरान मुद्रा के चलन में उल्लेखनीय वृद्धि और पूंजी निकासी के बावजूद बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त नकदी मौजूद है, लेकिन कर भुगतान, चलन में उपलब्ध मुद्रा में वृद्धि तथा पूंजी प्रवाह में अस्थिरता से आने वाले महीनों के दौरान बैंकों में नकदी कम हो सकती है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि संभावित नकदी संकट को ध्यान में रखते हुए सभी बैंकों के सीआरआर को शुद्ध मांग एवं सावधि देयताएं (एनडीटीएल) यानी बैंकों के पास कर्ज देने के लिए मौजूद धनराशि के चार फीसदी तक कम करने का निर्णय लिया गया है, जो 0.25 फीसदी की दो बराबर किश्तों में क्रमशः 14 दिसंबर और 28 दिसंबर से शुरू होने वाले पखवाड़े से प्रभावी होंगी।

## देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 882 टन

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस साल अक्टूबर में दुनियाभर के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में सबसे ज्यादा 27 टन सोना खरीदा है। इसके साथ ही देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 882 टन पहुंच गया है, जिसमें से 510 टन सोना देश में ही मौजूद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने कुल 60 टन सोना खरीदा। रिजर्व बैंक ने सबसे ज्यादा 27 टन सोना खरीदा। इसके बाद तुर्किये का केंद्रीय बैंक 17 टन सोना के साथ भारत के आरबीआई के बाद दूसरे और पोलैंड 8 टन सोना के साथ तीसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारत, तुर्किये और पोलैंड के केंद्रीय बैंकों की कुल वैश्विक स्वर्ण खरीदारी में 60 फीसदी हिस्सेदारी रही है। चीन का केंद्रीय बैंक सोना खरीदने के मामले में चौथे और अजरबैजान पांचवें स्थान पर रहा। कजाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने लगातार पांच महीने तक सोना बेचने के बाद अक्टूबर में पहली बार खरीदारी की। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की मासिक रिपोर्ट पर आधारित डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार उभरते देशों के केंद्रीय बैंकों ने सोना की खरीदारी में अपना दबदबा कायम रखा है।

## क्या पाम आयल में बनी चीजें खाना सेहत के लिए ठीक नहीं ?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्सव व त्योहारों के लिए प्रसिद्ध भारत में मौसम के हिसाब से कभी सरसो के , कभी तिल के ,कभी तीसी के, कभी मूंगफली के , कभी नारियल आदि के तेल में बना खाद्य पदार्थ खाने को कहा जाता है। आयुर्वेद में भी अलग -अलग तेल के अलग -अलग गुण बताये गये हैं। फिलहाल बाजार में तो साल भर मूंगफली का तेल, सूरजमुखी का तेल, चावल की भूसी का तेल, तिल का तेल, जैतून का तेल, सरसों का तेल, पाम आयल व अन्य कई प्रकार के तेल मिल रहे हैं।लेकिन अब यह बात कही जाने लगी है कि खाना पकाने में कुछ तरह के तेल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसमें पाम का तेल भी शामिल है।कई विशेषज्ञों का कहना है कि इसके इस्तेमाल से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। बड़ी - बड़ी कंपनियां इन दिनों नमकीन , भुजिया आदि पाम तेल में बनाने लगी हैं। क्योंकि इसकी कीमत अन्य तेलों की कीमतों की तुलना में बहुत कम है। अब तो योग गुरु से धंधा गुरू बन गये राम देव भी कई राज्यों में सरकार की सहायता जमीन ले उसमें पाम आयल के पौधे लगाने व इसका व्यापार करने की सोच आगे बढ़ा रहे हैं। जबकि कई अध्ययन से पता चलता है कि पाम आयल को किसी भी तरह से सेवन करने का सेहत पर हानिकारक असर पड़ रहे हैं। जो लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं उनमें हार्ट अटैक व स्ट्रोक जैसी दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ने की बात कही जा रही है। पाम तेल में उच्च मात्रा में ट्रांस फैट होता है, जो शरीर में घुलनशील नहीं होता है। ये वसा कोशिकाएं हृदय से रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियों में जमा हो जाती हैं व अवरुद्ध हो जाती हैं। जिसके चलते खराब रक्त परिसंचरण हृदय पर दबाव डालता है और दिल का दौरा, स्ट्रोक आदि का खतरा बढ़ जाता है। ताड़ का तेल खाने से शरीर में कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल), खराब वसा का स्तर बढ़ जाता है। जैसे-जैसे एलडीएल का स्तर बढ़ता है, हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर भी हो सकता है। नियमित रूप से ताड़ के तेल यानी पाम के तेल से बने खाद्य पदार्थ खाने से वजन बढ़ने और मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है।पाम तेल को परिष्कृत यानी रिफाइंड कर बाजार में उतारा जा रहा है। रिफाइंड और डबल रिफाइंड तेल बनाते समय 6 से 13 प्रकार के रसायनों का उपयोग किया जाता है। ऐसा करने से तेल के प्राकृतिक गुण जैसे प्रोटीन व स्वस्थ वसा नष्ट हो जाते हैं। जिसके चलते तेल पूरी तरह से अस्वस्थ हो जाता है। अध्ययनों के मुताबिक, ऐसे रिफाइंड तेलों का उपयोग करने वालों में हृदय अवरोध व हृदय रोगों की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## वित्त मंत्री ने अर्थशास्त्रियों के साथ की बजट पूर्व पहली परामर्श बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट की तैयारियों की शुरुआत कर दी है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार को नई दिल्ली में अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श किया। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर इस बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में अग्रणी अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।



# पारदर्शिता और ईमानदारी से ही मिलता है असली सफलता : विक्रम आनंद

## तेज-तर्रार प्रशासनिक अधिकारी : विक्रम आनंद से खास मुलाकात



**मेदिनीनगर।** झारखंड लोक सेवा आयोग के 6वें बैच के अधिकारी विक्रम आनंद, वर्तमान में पलामू जिले में नजारत उपसमाहर्ता के पद पर कार्यरत हैं। अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली और ईमानदारी के लिए वह जिले में जाने जाते हैं। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले उन्होंने धनबाद में डेंटल सर्जन के रूप में 2 साल तक सेवा दी। पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहे विक्रम आनंद अपने हर कार्य को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ संपन्न करते हैं। उनके पास नजारत उपसमाहर्ता के अलावा कई अन्य विभागों की जिम्मेदारी भी है, जिन्हें वह कुशलतापूर्वक संभाल रहे हैं। प्रस्तुत है उनसे राष्ट्रीय नवीन मेल की बातचीत के प्रमुख अंशः

**सवाल :** विक्रम आनंद जी, आपने 6वें बैच के झारखंड लोक सेवा आयोग से अधिकारी के रूप में अपनी सेवा शुरू की। पलामू जिले में आपकी कार्यशैली की काफी सराहना हो रही है। आप अपनी इस यात्रा के बारे में कुछ बताएं।

**जवाब :** धन्यवाद! यह यात्रा मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक और चुनौतीपूर्ण रही है। मैंने पहले एक डेंटल सर्जन के रूप में बोकारो में 2 साल तक सेवा की, लेकिन हमेशा से प्रशासनिक सेवा में आने की इच्छा थी। जनता के साथ सीधे जुड़कर उनके जीवन को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी निभाना मेरा सपना था।

**सवाल :** आपकी प्रशासनिक कार्यशैली में आपकी ईमानदारी और काम को पूरी निष्ठा से करने की आदत की काफी चर्चा है। आप अपने इस दृष्टिकोण को कैसे सुनिश्चित करते हैं?

**जवाब :** मेरा मानना है कि प्रशासनिक सेवा में पारदर्शिता और अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण हैं। मैं हर काम को प्राथमिकता के साथ निष्पक्ष रूप से करने का प्रयास करता हूं। सरकार के निदेशों को जमीन पर उतारने और जनता की समस्याओं को समझकर उनका समाधान निकालने में विश्वास रखता हूं।

**सवाल :** आपने डेंटल सर्जन के रूप में भी सेवा दी है। उस अनुभव ने आपके वर्तमान प्रशासनिक कार्यों को कैसे प्रभावित किया है?

**जवाब :** डेंटल सर्जन के रूप में सेवा के दौरान मैंने लोगों के साथ संवेदनशीलता और धैर्य रखना सीखा। यह अनुभव मुझे प्रशासनिक कार्यों में भी मदद करता है। जनता की समस्याओं को समझने और उनका त्वरित समाधान निकालने में यह अनुभव सहायक साबित हुआ।

**सवाल :** वर्तमान में आप नजारत उपसमाहर्ता पद पर कार्यरत हैं और इसके अलावा अन्य विभागों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। इन सभी जिम्मेदारियों को आप कैसे संभालते हैं?

**जवाब :** यह सच है कि जिम्मेदारियां कई हैं, लेकिन मैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संभालता हूं। टीम वर्क और समय प्रबंधन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं सुनिश्चित करता हूं कि किसी भी काम में देरी न हो और गुणवत्ता बनी रहे।

**सवाल :** जिले के प्रमुख प्रशासनिक चुनौतियां क्या हैं, और आप उनका समाधान कैसे करते हैं?

**जवाब :** पलामू जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता और संसाधनों के बावजूद विकास के कुछ पहलुओं में पीछे है। लेकिन सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित मामले और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देना हमारी प्राथमिकता है। मैं कोशिश करता हूं कि प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद हो और योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो।

**सवाल :** आपकी सफलता का श्रेय आप किसे देना चाहेंगे?

**जवाब :** मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता, गुरुजनों, और मेरे टीम के सदस्यों को जाता है। उनके समर्थन और मार्गदर्शन ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है।

**सवाल :** आप युवा पीढ़ी को क्या संदेश देना चाहेंगे जो प्रशासनिक सेवाओं में आना चाहते हैं?

**जवाब :** मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि मेहनत, ईमानदारी और धैर्य से ही सफलता मिलती है।

# भूमि में विवाद में जमकर चली लाठी, एक गंभीर, रेफर

## पूर्व में पुलिस तीन बार समझौता करा चुकी है



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** बभंडी पंचायत के गोल्हना गांव में भूमि विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर चले लाठी, गंड़ासा, तलवार में किसान बलवंत सिंह गंभीर रुप से घायल हो गये। उनके सिर में गंभीर जख्म है। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब 9.45 बजे बलवंत सिंह अपने खेत में धान की फसल काटने गये थे। इस दौरान आरोपियों ने उन पर लाठी, तलवार, गंड़ासा से हमला कर दिया गया। इस हमले में बलवंत सिंह को खेत में अचेत होकर गिर पड़े। शोर शराबा होने पर उन्हें नाजुक स्थिति में स्थानीय अस्पताल पहुंचाने पर सिर में 10 टांके लगाये गये। इसके बाद उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराने पर यहां से मेदनीनगर रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस घटना में अरोपियों ने गोलीबारी भी की है। आरोपियों में पांच पुरुष व चार महिलाओं के शामिल होने की बात सामने आई है। घटना के बाद आसपास के सभी लोग अपनी जान बचाकर भागकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। हालांकि इस विवाद को पूर्व में पुलिस की तीन बार समझौता और समझाने का प्रयास भी कर चुकी है। बावजूद आरोपी मानने को तैयार नहीं थे। इस संबध में समाचार लिखे जाने तक भुक्तभोगी के परिजनों की ओर से थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस घटना की गहन जांच पड़ताल करने में जुटी है।

### मंत्री बनने पर खुशी जताई

**मोहम्मदगंज।** वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, धनंजय कुमार तिवारी, अफरोज अहमद सिद्दीकी, नदीम खान, महताब सिद्दीकी और कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने प्रदेश की इंडी गठबंधन सरकार में जिले के सीनियर पार्टी लीडर राधा कृष्ण किशोर के साथ ही इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की के मंत्री बनने पर खुशी जताई है। उन्होंने सभी मंत्रियों को इसकी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्रीत्व में 2.0 सरकार के भी राज्यहित में बेहतर तरीके से काम करने की उम्मीद जताते हुए इसके कार्यों और उपलब्धियों को समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही है।

### प्रभारी गोदाम प्रबंधक लगातार गोदाम से रहते है गायब

# बिचौलिया के भरोसे एफसीआइ गोदाम की व्यवस्था

**ट्रक से ही सीधा ट्रैक्टर पर अनाज ट्रांसफर कर भेजा जाता हैं पीडीएस की दुकानों पर**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एफसीआई के प्रभारी गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार कई माह से गोदाम नहीं आते हैं। सप्ताह में पंद्रह दिनों में आकर बिचौलियों से हिसाब कर लौट जाया करते है। जन वितरण प्रणाली को अनाज भेजने का काम बिचौलियों के ही देखरेख में प्रतिदिन किया जाता है। जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें जो अनाज मिलता है, उसमें प्रति बोरा आधा से एक किलो कम अनाज मिलता है। जबकि हिसाब पूरा का दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई सुनने को तैयार नहीं होता हैं। उन्होंने बताया कि प्रभारी गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार गोदाम आते ही नहीं। उनसे शिकायत करने पर वह कहते है कि जितना मिलता है, उतना ही लेना होगा। एफसीआई गोदाम हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में ही स्थित है। प्रखंड परिसर में बीडीओ और सीओ रहते है। साथ ही अनुमंडल मुख्यालय होने की वजह यहां अनुमंडल पदाधिकारी भी एक किलोमीटर की दूरी पर रहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रभारी गोदाम प्रबंधक पर सभी का आशीर्वाद है। यही वजह है कि लगातार अनुपस्थित रहने के बावजूद उनके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हुसैनाबाद गोदाम लगातार सुर्खियों में रहता है। चार वर्ष पूर्व गोदाम से अनाज घोटाला की वजह से एक प्रभारी गोदाम प्रबंधक संजय कुमार ने आत्महत्या कर ली थी। वहीं उनके बाद जिस जनसेवक को प्रभार मिला उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई । साथ ही उनपर जुमार्ना भी लगाया गया है। वर्तमान में प्रभारी गोदाम प्रबंधक का भी वही रवैया देखा जा रहा है। इस पर अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया तो एक और अनाज घोटाला का मामला होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।तत्कालीन आईएस सह एसडीओ ने इस पर संज्ञान लेते हुए खाली बोरे के माध्यम से वजन करने की हिदायत दी थी। परंतु उनका तबादला होने के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया है। इस संबंध में एफसीआई के प्रभारी गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार से उनका पक्ष लेने के लिए मोबाईल पर प्रयास किया गया। लकिन मोबाईल पर रिंग जाने के बाद भी कॉल रिसीव नही किए।

# समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

**उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक- एक कर उनकी समस्याएं सुनी अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास,जमीन संबंधी, अनुकंपा व मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आया, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बता दें कि आज के जन शिकायत में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आया, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित था। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। इसके अलावा जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को मिले इस पर विशेष ध्यान दें। उपायुक्त के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन के लिए जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

### न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीसी

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में माननीय उच्च व उच्चतम न्यायालय से संबंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है, वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

# पिपरवार जूनियर ने बीसीए जूनियर को एक विकेट से हरा कर बना विजेता




**रोशन गोस्वामी को मिला मैन ऑफ द मैच**

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल स्टेडियम मे जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वावधान खेले जा रहे लीग मैच में शुक्रवार को पिपरवार जूनियर बनाम बीसीए जूनियर के बीच मैच खेला गया। जिसमें पिपरवार जूनियर ने बीसीए जूनियर को एक विकेट से हरा दिया। बताया जाता है कि बीसीए जूनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में छह विकेट खो कर 206 रन बनाया। बीसीए जूनियर की ओर से अर्पित ने 76, सत्यम ने 29 रनों का योगदान दिया। पिपरवार जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रौशन सचिन ने दो,शुभम,मंजीत व कुलदीप ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार जूनियर की टीम ने 27 ओवर में नौ विकेट खो कर 207 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिए। जिसने रोशन गोस्वामी 75,रोशन टंगा ने 43,व कुलदीप 25 रन का योगदान दिया। बीसीए जूनियर चतरा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए रविकांत, शुभंकर व सौरभ ने दो दो विकेट लिया। अर्पित व दस्तगीर ने एक-एक विकेट लिया।इस तरह से पिपरवार जूनियर की टीम ने बीसीए जूनियर चतरा को एक विकेट से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच रौशन गोस्वामी को दिया गया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह उपाध्यक्ष शुभम सिंह सचिव मनोज सहाय सह सचिव आशुतोष कोषअध्यक्ष सरोज सिंह सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा सहित थे।

# अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह में पूरा करें: उपायुक्त

## विभिन्न विभागों की समीक्षा, दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एक-एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, आंगनबाड़ी योजना, पोषण ट्रैकर,15वें वित्त समेत अन्य योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की।

### टीम वर्क के साथ काम करें

बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के उपरांत सभी पदाधिकारियों से कहा कि जितने भी योजनाएं अभी तक अपूर्ण है उसे एक सप्ताह में अंदर पूर्ण करते हुए सूचित करें। जिले का कोई भी योग्य व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहने पाये। जिला प्रशासन इसको पूर्ण करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम सभी टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं को पूर्ण कर लेंगे। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, भूमि उपसमाहर्ता सह पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का कुमारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने देवकुमार, संयोजिका बनी पार्वती देवी

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह गांव स्थित उत्क्रमित 10 प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से देव कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, बिंदा देवी को उपाध्यक्ष और पार्वती देवी को संयोजिका चुना गया। इससे पूर्व पोषक क्षेत्र के 19 सदस्यों का चुनाव किया गया। जिसमें वीणा देवी, विमली देवी, शीला देवी, राकेश रजवार , तेतरी देवी सहित अन्य को सदस्य बनाया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर सर्वसम्मति से देव कुमार ठाकुर को अध्यक्ष चुना। प्रबंधन समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक देवेन्द्र कुमार और राजेश्वर ठाकुर ने सम्पन्न कराया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिपक सिंह, ग्रामीण नागेन्द्र ठाकुर, संजय वर्मा, सतेन्द्र गुप्ता , राजेश्वर साह, उमेश गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### लाचारी

## सरकार के निर्देशों की अनदेखी

# प्रखंड में व्यापारी कम दाम में खरीद रहे है धान



### जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई होगी : एसडीओ

श्री वंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि व्यापारी को उचित रेट पर ही किसानो से धान खरीदा चाहिए। अगर कोई व्यापारी कालाबजारी करने के उद्देश्य से पैक्स के नाम पर धान का जमा खोरी कर रहे है तो छापामारी किया जायेगा।

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड सरकार के पैक्स दुकान खोलने के निर्देश जारी होने के बाद भी व्यापारी बड़े पैमाने पर प्रखंड में किसानों से कम दाम में धान खरीद कर जमा खोरी कर रहे हैं, ताकि वहीं व्यापारी बाद में अन्य किसानों के नाम रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें कमीशन देकर धान बेचकर बड़े पैमाने पर कमाई कर सके। खरौंधी प्रखंड में लगभग दो दर्जन ऐसे व्यापारी हैं, जो इस तरह का कार्य पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। प्रखंड के बैतरी गांव में लगभग एक दर्जन कारोबारी सैकड़ो क्विंटल किसानों से कम दाम पर धान खरीद कर जमा कर रहे हैं, ताकि बाद में वह अपने परिवार के नाम पर 100 क्विंटल धन पैक्स में बेंच सके। इसके अलावा व्यापारी आसपास के किसानों के नाम पर भी धान बेचकर उन्हें कमीशन देकर धान का पैसा निकासी करवाते हैं। ठीक इसी प्रकार खरौंधी पंचायत के बजरमरवा गांव में एक व्यापारी द्वारा किया जा रहा है। वह बड़े पैमाने पर किसानो से धान की खरीदारी की जा रही है। उनके द्वारा किसानों से बताया जाता है कि खरौंधी में पैक्स दुकान नहीं खुलेगा। जो धान का रेट दे रहे हैं, इससे अधिक नहीं देंगे। किसान उसके बहकावे में आकर धान बेच दे रहे हैं। जिससे किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर प्रदेश में झारखंड सरकार ने पैकस धान क्रय केंद्र खोलने का निर्णय ले लिया है। सरकार ने हर जगह पर धान क्रय केंद्र खोलने का निर्देश भी जारी किया है। वहां किसानों को एक क्विंटल धान का 24.20 सौ रुपए मिलेगा। जबकि प्रखंड के यही व्यापारी फिलहाल 17 से 18 रुपए प्रति धान खरीद रहे हैं। जिससे किसानों को 600 से लेकर 700 रुपए तक प्रति क्विंटल नुकसान हो रहा है। अगर व्यापारियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो खरौंधी प्रखंड के किसानों को भारी नुकसान उठाना होगा। प्रखंड में लगातार रवि फसलों की बुआई के कारण किसानों को पैसों की सख्त आवश्यकता है, जिसके कारण वे लोग मजबूरन धान बेचने के लिए मजबूर है। किसानों में आदित्य गुप्ता, प्रदीप कनौजिया, अवधेश कनौजिया, सुखाड़ी बैठा, रामनाथ बैठा, बुद्धि मेहता, इंद्रदेव यादव, रफीक अंसारी, बसंत लाल श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मेहता, अरुण पटवा, सूर्यदेव कुशवाहा बताया अगर सरकार ने पैक्स दुकान खोलने का निर्देश जारी किया है तो तत्काल प्रभाव से लागू करें।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम लोगों की समस्याएं



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने शुक्रवार को नये समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्दे दिया गया। सर्वप्रथम भवनाथपुर अंचल कार्यालय में कार्यरत अमित केरकेट्टा ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त से उनके ऊपर लगे आरोप से मुक्त करते करने संबंधित अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उनके ऊपर लगे आरोप निराधार है। उन्होंने संबंधित अधिकारी के समक्ष अपना स्पष्टीकरण दे चुकें है, इसके बावजूद भी उन्हें पिछले लगभग डेढ़ वर्षो से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिसकी वजह से उनके पूरे परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भवनाथपुर से ही आये मिथिलेश चौरसिया ने बताया कि उनके यहा के नन्द कुमार सेठ द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण का अतिक्रमण किया गया है तथा मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। अतः उन्होंने मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त से अनुरोध किया।

### विधायक ने मृतक का श्राद्धकर्म में सहयोग किया

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव के मायर टोला निवासी परिखा सिंह का पुत्र शिवशंकर सिंह (40) की मृत्यु गुरुवार को इलाज के दौरान वाराणसी में हो गयी थी। मृतक शिवशंकर सिंह का पिछले दो सप्ताह से इलाजरत थे, उन्हें किडनी की बीमारी था। मृतक का अंतिम संस्कार गांव के पंडा नदी किनारे किया गया।

## पेज एक के शेष

### अब किसान भाईयों...

इस संबंध में परिपत्र जल्द ही जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरबीआई ने 2010 में कृषि क्षेत्र को बिना किसी गारंटी के एक लाख रुपये देने की सीमा तय की थी। इसके बाद 2019 में इसको बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये कर दिया गया था।

### आरबीआई ने लगातार...

वहीं, केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर को मौद्रिक नीति समिति में राम सिंह, सौगत भट्टाचार्य और नागेश कुमार सहित तीन नए बाहरी सदस्यों की नियुक्ति की है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से रेपो रेट 6.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है।

### पंजाब से झारखंड...

संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। तब चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी ने चालक से कंटेनर खोलकर दिखाने के लिए बोला गया। इस पर चालक ने अवैध विदेशी शराब लोड होने की बात कही। पुलिस और सेल्स टैक्स ऑफिसर से बचने के लिए अवैध विदेशी शराब लोड कंटेनर के आगे-आगे कार में दो व्यक्ति स्कोर्ट कर चल रहे थे। इन दोनों व्यक्तियों को भी छापेमारी दल ने पकड़ा। इस संबंध में नगर उंटारी थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गणपत लाल (35) पादरडीह, पो.-सिंदास्या थाना-गुडामलानी, जिला बाड़मेर (राजस्थान), पिंटु सैनी (39) म.न.- 262, 25, गली नं.-17 मनोहरनगर, बसीरोड, पटौदी चौक, थाना न्यु कॉलोनी गुड़गांव एवं इसी क्षेत्र के अमित कुमार (41) शामिल हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# बांग्लादेश ने कोलकाता से उप उच्चायुक्त को वापस बुलाया

## अगरतला के सहायक उच्चायोग में सेवाएं बंद

एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेश ने कोलकाता में कार्यवाहक उप उच्चायुक्त शिक्र मोहम्मद अशरफुर रहमान को तत्काल ढाका बुला लिया है। यह कदम हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों के विरोध में कोलकाता स्थित मिशन के बाहर हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर उठाया गया है। बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अशरफुर रहमान, जो कोलकाता में मंत्री (राजनीतिक मामलों) के पद पर कार्यरत हैं, पहले ही ढाका पहुंच चुके हैं। कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रहमान को न केवल प्रदर्शनों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है बल्कि वे अगले सप्ताह दोनों देशों के विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी रहेंगे। उम्मीद है कि वे इसी महीने के मध्य तक कोलकाता लौट आएंगे। पिछले सप्ताह, कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग के बाहर राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों ने लगातार प्रदर्शन किए। ये प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के विरोध में हुए।

इसी बीच, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मंगलवार को अपनी सभी वीजा और वाणिज्यिक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दीं। यह निर्णय सोमवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा मिशन परिसर में घुसने के बाद लिया गया। ये प्रदर्शनकारी ढाका में हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री अगले सप्ताह विदेश सचिव स्तर की वार्ता के लिए बांग्लादेश जाएंगे।



## यूनुस वही कर रहे हैं जो बाबर और औरंगजेब ने किया : सिरसा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बांग्लादेश की घटना को अयोध्या-संभल जैसे बताने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस वही कर रहे हैं जो बाबर और औरंगजेब ने किया था। मोहम्मद यूनुस के पास सत्ता आई है, हिन्दुओं को मारा जा रहा है। उनके धार्मिक स्थान मंदिरों को गिराया जा रहा है।



ऐसा उपद्रव मचाया जा रहा है, वहां पर बच्चियां सुरक्षित नहीं है। जो माहौल बांग्लादेश में बनाया गया है, वह कम नहीं है, जो बाबर और औरंगजेब ने बनाया था और इसके ऊपर लगाम लगानी जरूरी है। मैं मानता हूं कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बाद चीजें रुकने लगी है।

## ममता बनर्जी हिन्दुओं के लिए सबसे खतरनाक : सांसद जगन्नाथ सरकार

नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के हंगामे को भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने देश की तरक्की में बाधक बताया है। पश्चिम बंगाल के रानाघाट से सांसद सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हिंदुओं के लिए खतरनाक बताया। भाजपा सांसद ने कहा, वह हिन्दुओं के लिए सबसे खतरनाक हैं। बंगाली हिन्दुओं को खत्म करने के लिए वह अकेली ही काफी हैं। बांग्लादेश में जो रहा है वह यहां भी हो रहा है। इसमें ममता बनर्जी मदद कर रही हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई हस्तियों ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्क्वायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गईं। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करने का भी कार्यक्रम बनाया है। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर किए अपने पोस्ट में कहा, डॉ. बी.आर आंबेडकर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद करते हुए अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, राष्ट्रनिमार्ता, सामाजिक न्याय के प्रहरी और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। समतामूलक समाज का उनका स्वप्न, उनकी अमूल्य शिक्षाएं और संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। कांग्रेस पार्टी ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया। उन्होंने पार्टी की तरफ से अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर




लिखा, भारतीय संविधान के जनक और सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कोटिः नमन। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को एक्स हैंडल पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लोकसभा में नहीं हुआ कामकाज दिनभर के लिए स्थगित रहा सदन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही को विपक्षी दलों के हंगामे के चलते महज 43 सेकेंड में ही स्थगित कर दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं सदन की गरिमा नहीं गिरने दूंगा। उन्होंने विपक्षी सांसदों से सवालिया लहजे में कहा, यह प्रश्नकाल है, क्या आप सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? आप प्रश्नकाल नहीं चलने देना चाहते? उन्होंने कहा,



सदन गरिमा और उच्च कोटि की परंपरा से चलेगा। सदन के अंदर न गरिमा गिरने दूंगा और न ही मयार्दा कम होने दूंगा। उन्होंने कहा, मेरा आपसे आग्रह है कि आप लोग प्रश्नकाल में सहयोग करें। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने सदन को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर में कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस दौरान विपक्ष ने अपनी मांगें रखीं तो पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने कहा कि पहले भाजपा नेता निशिकांत दूबे कल का अपना विषय पूरा करेंगे। इसके बाद विपक्षी नेताओं को अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। इस दौरान विपक्ष का शोर-शराबा जारी रहा। इसी बीच निशिकांत दूबे ने एक बार फिर एक रिपोर्ट को हवाला देते हुए विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी को घेरने की कोशिश की। निशिकांत ने कहा कि कांग्रेस का हाथ सोरोस के साथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जोर्ज सोरोस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की फंडिंग की है। इस बीच हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सिंघवी की सीट से मिली नोटों की गड्डी

### मामले की जांच की जा रही है: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि सदन में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 के नोटों की गड्डी बरामद हुई है। पूरी मामले की जांच की जा रही है। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को बताया कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास से नोटों की गड्डी बरामद



हुई। कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सदन की नियमित जांच के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 से नोटों की एक गड्डी बरामद की। यह सीट वर्तमान में 2024-26 के कार्यकाल के लिए तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। उनकी संज्ञान में मामला लाए जाने पर प्रथा और नियम के अनुसार यह सुनिश्चित करना उचित है कि कानून के अनुसार जांच हो और यह प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस सांसद और अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस संबंध में कहा कि वह इस बारे में सुनकर हैरान हैं। उन्होंने कहा कि वह कल दोपहर 12.57 बजे सदन के अंदर पहुंचे। सदन दोपहर 1 बजे उठा। दोपहर 1 से 1:30 बजे तक वह अयोध्या प्रसाद



के साथ कैंटीन में बैठे और खाना खाया। दोपहर 1:30 बजे वह संसद से चले गए। उन्होंने कहा, कल मैं सदन में कुल 3 मिनट और कैंटीन में 30 मिनट रहा। मुझे यह अजीब लगता है कि ऐसे मुद्दों पर भी राजनीति की जाती है। बेशक इस बात की जांच होनी चाहिए कि लोग कैसे कहीं भी और किसी भी सीट पर कुछ भी रख सकते हैं। इसका मतलब है कि हममें से हर किसी के पास एक सीट होनी चाहिए, जहां सीट को खुद ही लॉक किया जा सके और चाबी सांसद अपने साथ ले जा सकें क्योंकि फिर हर कोई सीट पर बैठकर कुछ भी कर सकता है और इस बारे में आरोप लगा सकता है। अगर यह दुखद और गंभीर नहीं होता तो यह हास्यास्पद होता। मुझे लगता है कि सभी को इस मामले की तह तक पहुंचने में सहयोग करना चाहिए और अगर सुरक्षा एजेंसियों में कोई कमी है तो उसे भी पूरी तरह से उजागर किया जाना चाहिए।

## विजय दिवस पर कोलकाता नहीं आएंगे मुक्तियोद्धा, टूटेगी परंपरा

**कोलकाता।** इस साल कोलकाता में भारतीय सेना द्वारा आयोजित विजय दिवस समारोह में बांग्लादेश के मुक्तियोद्धा और वहां के सैन्य अधिकारी शामिल नहीं होंगे। जबकि बांग्लादेश के मुक्तियोद्धा और वहां के सैन्य अधिकारी शामिल होने की परंपरा 1971 के भारत-पाक युद्ध में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के बाद से चली आ रही है। भारतीय सेना के पूर्वी कमान की ओर से हर साल विजय दिवस पर 3-4 दिन तक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।



इसमें मुक्तियोद्धा, उनके परिवार, बांग्लादेशी सांसद और सैन्य अधिकारी भाग लेते थे। यह परंपरा बांग्लादेश की सत्ता में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के दौरान भी जारी रही।

## एकलिंगजी मंदिर में मोबाइल और छोटे कपड़े पहनकर जाने पर प्रतिबंध

**जयपुर।** धार्मिक स्थल की पवित्रता बनाए रखने के लिए उदयपुर के एकलिंगजी मंदिर में मोबाइल फोन और छोटे कपड़े पहनकर प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नए दिशानिर्देशों के तहत मंदिर ने मिनी स्कर्ट, बरमूडा और नाइट सूट जैसे छोटे कपड़े पहनकर आने वाले भक्तों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंदिर प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि ड्रेस कोड का उद्देश्य मंदिर की पवित्रता को बनाए रखना और उसकी पवित्रता का सम्मान करना है। शुक्रवार को मंदिर परिसर में नए दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुए एक बैनर लगाया गया। कपड़ों पर प्रतिबंध के अलावा मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले आगंतुकों को स्विच-ऑफ मोड में फोन लाने की अनुमति थी, हालांकि मंदिर के अंदर फोटोग्राफी हमेशा प्रतिबंधित थी।

## गृह मंत्रालय ने फेंजल प्रभावितों की मदद के लिए तमिलनाडु को दिए 944.80 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने शुक्रवार को चक्रवात फेंजल से प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से केन्द्रीय हिस्से की दोनों किस्तों के रूप में तमिलनाडु सरकार को 944.80 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दे दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार चक्रवाती तूफान फेंगल से प्रभावित तमिलनाडु और केन्द्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (आईएमसीटी) भेजे गए हैं। आईएमसीटी की आकलन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद स्थापित प्रक्रिया के अनुसार आपदा प्रभावित राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस वर्ष 28 राज्यों को 21,718.716 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है। इनमें एसडीआरएफ से 26 राज्यों को 14,878.40 करोड़ रुपये, एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4808.32 करोड़ रुपये, राज्य आपदा शमन निधि (एसडीआरएफ) से 11 राज्यों को 1,385.45 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय आपदा शमन निधि (एनडीएमएफ) से 07 राज्यों को 646.546 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## पराली जलाने व वाहन से 16 गुना ज्यादा वायु प्रदूषण फैला रहे थर्मल पावर प्लांट

- कोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब


ब्यूरो

**नई दिल्ली।** थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाले धुएं सबसे ज्यादा जहरीले प्रदूषण फैला रहे हैं। और आरोप लग रहा है किसानों पर कि वे पराली जलाकर देश व इसकी राजधानी दिल्ली की हवा खराब कर रहे हैं। जबकि अब उजागर हुआ है कि दिल्ली की हवा को खराब करने के लिए पराली जलाना या वाहन मुख्य कारण नहीं हैं। मुख्य कारण थर्मल पावर प्लांट हैं। क्योंकि पावर प्लांट पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से 16 गुना अधिक वायु प्रदूषण फैला रहे हैं। यही नहीं, दिल्ली एनसीआर में कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांट सालाना 281 किलो टन सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ-2) उत्सर्जित करते हैं। अपनी एक रिपोर्ट में यह उजागर किया है फिनलैंड के स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने । राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने वायु प्रदूषण को लेकर एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है। जिसमें सीआरईए के एक अध्ययन का हवाला दिया गया है। हालत की गंभीरता को समझते हुए अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने माना कि यह मामला वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीबी), हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसी), पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी), वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ में न्यायिक सदस्य अरुण कुमार त्यागी व विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल रहे। प्रदूषण संकट को और गहरा रही मौसम की स्थिति रिपोर्ट में सीआरईए के एक अध्ययन का हवाला देकर कहा गया कि एनसीआर के थर्मल प्लांट से प्रतिवर्ष 281 किलो टन सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ-2) उत्सर्जित होती है। वहीं, दूसरी ओर 8.9 मिलियन टन पराली जलाने से 17.8 किलोटन एसओ-2 पैदा होती है। इसके अलावा, दिल्ली में मौसम की स्थिति प्रदूषण संकट को और गहरा रही है। यही नहीं, रुकी हुई हवा और गिरते तापमान प्रदूषकों को फैलने नहीं दे रहे। इससे हवा में धूल, धुआं और अन्य हानिकारक कण फंस गए हैं। इन स्थितियों को अक्सर ठंडी हवा के जाल के रूप में जाना जाता है। इससे पराली के धुएं जैसे प्रदूषक दिल्ली और आसपास के इलाकों में बने रहते हैं, जो हवा की गुणवत्ता को जहरीला बना रहा है।

# जामा मस्जिद के शाही इमाम ने प्रधानमंत्री के सामने रखी सरकार की निगरानी में बातचीत की पेशकश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने शुक्रवार को जुमे के खुत्बे (नमाज से पहले संबोधन) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित करते हुए देश से नफरत का माहौल खत्म करने के लिए सरकार की निगरानी में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच बातचीत की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि देश में व्याप्त नफरत के माहौल को समाप्त करने के लिए बातचीत ही एकमात्र हल है और इसके लिए सरकार को पहल



- जुमे के खुत्बे में मस्जिदों में खुदाई कर मूर्तियां ढूंढने के सिलसिले पर हमला बोला

करनी चाहिए। अपने संबोधन में इमाम बुखारी ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि सरकार को वार्ता के लिए किसी केंद्रीय मंत्री को अधिकृत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नफरत इतनी बढ़ गई है कि आज हमें अपने बच्चों के भविष्य को लेकर के चिंता होने लगी है। हमारी उम्र के लोगों का तो अब इस दुनिया से जाने का समय हो गया है, लेकिन हमारी नस्लें इस नफरत भरे माहौल में अपना जीवन कैसे व्यतीत कर पाएंगी। मस्जिदों में खुदाई कर मूर्ति ढूंढने का शुरू हुआ सिलसिला हमारे बीच में और भी नफरत को बढ़ावा देने वाला है। संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के बाद वहां हुई हिंसा इसकी जीती जागती मिसाल है।

उन्होंने कहा कि गौहत्या के नाम पर पर कितने मुसलमानों की लिंचिंग की गई, गौ-हत्या बंद होनी चाहिए। गौहत्या को रोकने के लिए कड़ा से कड़ा कानून बनाया जाना चाहिए, कोई मुसलमान इस कानून का विरोध नहीं करेगा। इसी के साथ ही सभी धर्मों के धार्मिक व्यक्तियों विशेष तौर से पैगंबर मोहम्मद साहब के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों को रोकने के लिए एक कड़े कानून की जरूरत है। धार्मिक पेशवाओं के खिलाफ किसी भी तरह की अभद्र टिप्पणी करने वालों को सख्त से सख्त सजा देने के लिए कड़े कानून बनाए जाने चाहिएं। उन्होंने प्रधानमंत्री का आह्वान किया कि आप हमेशा संविधान की बात करते हैं तो क्या संविधान में अल्पसंख्यकों विशेष तौर से मुसलमान को जीने का अधिकार नहीं है। अगर है तो उनके साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के साथ होने वाले भेदभाव को बंद किया जाना चाहिए।

## अफ्रीका में 5.1 करोड़ बच्चों की मदद के लिए 1.2 अरब डॉलर की जरूरत

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में कई समस्याओं से जूझ रहे 5.1 करोड़ बच्चों की सहायता के लिए 1.2 अरब डॉलर की मदद मांगी है। ये बच्चे जलवायु, स्वास्थ्य आपात स्थिति, संघर्ष और आर्थिक प्रभावों समेत कई संकटों का सामना कर रहे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 60 लाख बढ़ गया है, जो मानवीय स्थिति के और बिगड़ने का संकेत देता है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने एक बयान में कहा, यह धनराशि उसे क्षेत्र में वंचित बच्चों और समुदायों की जरूरत के लिए है, जहां 6.3 लाख से अधिक लोग स्वास्थ्य आपात स्थितियों से प्रभावित हैं।